आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 8 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 318, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अभिषेक के शतक से जीता भारत 15
अक्षरा सिंह के नया गाना मोहिनी का टीजर रिलीज 16

एक नजर

एनसीडब्ल्यू प्रमुख पर टिप्पणी, महुआ पर केस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा के बारे में सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो पर टिप्पणी की, जिसमें शर्मा को उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ वाली जगह पर पहुंचते हुए दिखाया गया था। मोइत्रा ने बाद में पोस्ट को डिलीट कर दिया था। मूल पोस्ट में एक व्यक्ति को छाता पकड़ कर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) प्रमुख के पीछे चलते हुए दिखाया गया था।

झारखंड में इमारत ढही तीन लोगों की मौत

देवघर (झारखंड)। झारखंड के देवघर जिले में रविवार की सुबह एक इमारत ढह जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि देवघर के एक इलाके में सुबह करीब छह बजे दो मंजिला इमारत ढह गई थी। मलबे में अब भी कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है और वहां राहत एवं बचाव अभियान जारी है। देवघर के ''सिविल सर्जन'' रंजन सिन्हा ने बताया कि मलबे में दबे छह लोगों को बाहर निकालकर यहां सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे समेत तीन अन्य का उपचार जारी है। बचाव अभियान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएसफ) के एक दल को तैनात किया गया है।

बस्तर में नक्सलियों ने की अपने पूर्व साथी की हत्या

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर में नक्सलियों ने इस बार अपने ही एक पूर्व साथी नक्सली को मौत के घाट उतार दिया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से इलाके में भय का वातावरण हैं। माओवादियों ने जिस साथी नक्सली की हत्या की है वह कोई और नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर चुका बारसे मासा हैं। किस्टाराम एरिया कमेटी के सदस्य बारसे मासा पर चार लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह करीब तीन मुठभेड़ों में शामिल रह चुका था। उस पर कई थानों में मामले भी दर्ज थे।

जगन्नाथ रथ यात्रा

पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हो गई है। जगन्नाथ मंदिर में तीन घंटे के पहांडी अनुष्ठान संपन्न होने के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा रथों पर सवार किया गया। इस दौरान भगवान के रथ को खींचने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

पुरी रथ यात्रा : भगदड़ में एक की मौत 5 लोग घायल, 300 अस्पताल में भर्ती

पुरी, एजेंसी

- अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों में एक की हालत गंभीर

ओडिशा की तीर्थनगरी पुरी में रविवार को श्रीजगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और उनकी बहन देवी सुभद्रा की वार्षिक रथ यात्रा के दौरान मची भगदड़ में एक श्रद्धालु की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए, जिनमें से एक गंभीर है।

हादसा उस समय हुआ जब भगवान बलभद्र के तालध्वज के रथ को खींचने के लिए भक्तों में होड़ मच गई। सूत्रों ने बताया कि भगदड़ हिंदी स्कूल के पास हुई, जहां एक 60 वर्षीय व्यक्ति बेहोश हो गया। उसे जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। भगदड़ में घायल पांच अन्य श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसके अलावा रथ यात्रा का तीन किलोमीटर लंबा बड़ाडांडा मार्ग (जो असल में जन सैलाब में बदल गया था) की उच्च आर्द्रता की स्थिति के कारण निर्जलीकरण और दम घुटने के कारण 300 से अधिक भक्तों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला प्रशासन की मुस्तैदी के कारण भगदड़ में जनहानि नाम मात्र की हुई। प्रशासन ने उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में मौत होने की घटना के बाद कुछ अधिक ही एहतियाती उपाय किए थे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के हाथरस के फुलराई मुगलगढ़ी गांव में भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी।

गड़बड़ी पर दोबारा होगी सीयूईटी-यूजी

- 15 से 19 जुलाई तक होगी परीक्षा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) सीयूईटी-यूजी परीक्षा के आयोजन को लेकर उम्मीदवारों की ओर से किसी भी शिकायत के सही पाए जाने पर 15 से 19 जुलाई तक उनके लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करेगी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एनटीए ने स्नातक प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी भी जारी कर दी है जिससे नतीजों की घोषणा का रास्ता साफ हो गया है। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उम्मीदवार नौ जुलाई को शाम छह बजे तक उत्तर कुंजी के लिए अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

नेपाल से छोड़ा पानी, 13 गांव खाली कराए

श्रावस्ती में बाढ़ में फंसे 11 और कुशीनगर जनपद में 76 लोगों को किया गया रेस्क्यू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रावस्ती के 18 गांव के करीब 400 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया
- मुख्यमंत्री के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में मुस्तैदी बढ़ाने के आदेश के बाद शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन

अमृत विचार : नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद शनिवार रात अचानक पांच लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से श्रावस्ती और कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 87 लोगों को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सुरक्षित निकाला गया है। पानी छोड़े जाने की सूचना रात्रि 8 बजे राज्य सरकार को मिली इसके बाद बचाव कार्यों की तैयारी हुई और आधी रात से 3 बजे तक आपरेशन चला। 13 गांव खाली कराए गए। इस दौरान कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 20 मवेशियों को भी बचाया गया। रविवार को भी बाढ़ प्रभावित 18 गांव के लगभग चार सौ लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि शनिवार रात लगभग आठ बजे राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को श्रावस्ती के तहसील जमुनहा की ग्राम पंचायत गजोभरी के ग्राम मोहनपुर भरथा एवं केवटन पुरवा में नेपाल से अचानक छोड़े गए पानी में 11 लोगों के फंसे होने की सूचना मिली, जिसमें तीन बच्चे, पांच महिलाएं और 3 पुरुष थे। तत्काल श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को जानकारी दी गई। वे अपनी टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मौके पर पहुंचे।

जिला प्रशासन एवं फ्लड पीएसी की टीमों ने ज्वॉइंट रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और लगभग सात-आठ घंटे में सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद राप्ती बैराज स्थित गेस्ट हाउस पहुंचाया गया। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि लाल भूषण सुशील ने बताया कि सभी पीड़ितों का प्राथमिक उपचार और खाना खिलाने के बाद उन्हे उनके गांव में सुरक्षित भेज दिया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल से छोड़े गए पानी से प्रभावित श्रावस्ती और कुशीनगर के जिलाधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने क्षतिग्रस्त फसल का 24 घंटे के अंदर सर्वे कर रिपोर्ट शासन को देने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट मिलते ही मुआवजा देने के भी आदेश हैं।

श्रावस्ती के रेहरा गांव में राहत व बचाव कार्य में लगे एनडीआरएफ के जवान।

नेपाल ने 5,71,850 क्यूसेक पानी छोड़ा

राहत आयुक्त ने बताया कि शनिवार रात नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद देवघाट बैराज से 5,71,850 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इस पर कुशीनगर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को बड़ी गंडक में बाल्मीकि नगर बैराज द्वारा 3 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की संभावना पर तहसील खड्डा के गांवों के प्रभावित होने की जानकारी दी। इसके बाद कुशीनगर जिलाधिकारी ने ही अपनी टीम के साथ तहसील खड्डा के प्रभावित 13 गांवों का निरीक्षण किया। साथ ही गांववासियों से गांव को खाली करने की अपील की।

राप्ती खतरे के निशान से ऊपर, दो की मौत

बलरामपुर संवाददाता के अनुसार नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में हो रही भारी बारिश के चलते रविवार को जिले में राप्ती नदी ने लाल निशान पार कर लिया है। नदी का जलस्तर दो सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। राप्ती नदी में आई बाढ़ के चलते करीब 50 गांव में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। निचले इलाकों में पानी भरने से कई मार्गों पर आवागमन ठप है। सरयू नहर में डूबकर कलवारी गांव निवासी राजकिशोर और तालाब में डूबकर लौकहवा बालापुर निवासी मनीराम की मौत हो गई है।

टापू पर फंसे 76 लोगों को सुरक्षित निकाला

राहत आयुक्त के मुताबिक, निरीक्षण के दौरान तहसील खड्डा के नारायणपुर के एक टापू पर कुछ लोगों के साथ मवेशियों के फंसे होने की जानकारी मिली, जिसके बाद एनडीआरएफ और पीएसी की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद 76 लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा। इस दौरान टीम ने 20 मवेशियों को भी सुरक्षित बचाया। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को पौष्टिक और गरम खाने के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मवेशियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

सत्संग में कुछ लोगों ने खोले थे जहरीले पदार्थ के डिब्बे

नई दिल्ली, एजेंसी

हाथरस हादसा

- भोले बाबा के अधिवक्ता का दावा इसी वजह से मची थी भगदड़

हाथरस हादसे के आरोपी साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के अधिवक्ता एपी सिंह ने रविवार को दावा किया कि दो जुलाई को हाथरस में हुए सत्संग के दौरान भीड़ में कुछ लोगों ने जहरीले पदार्थ से भरे डिब्बे खोले थे, जिससे भगदड़ मच गई।

नई दिल्ली में आयोजित प्रेसवार्ता में अधिवक्ता ने भगदड़ के पीछे साजिश का आरोप लगाया। कहा कि यह साजिश भोले बाबा की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए रची गई। अधिवक्ता ने दावा किया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने उनसे संपर्क किया और बताया कि वहां 15-16 लोग जहरीले पदार्थ के डिब्बे लेकर आए थे और भीड़ में खोल दिया। अधिवक्ता ने कहा कि मारे गए लोगों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उनकी मौत चोट के कारण नहीं, दम घुटने से हुई है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर लोगों को भागने में मदद करने के लिए वाहन खड़े थे। उनके पास सबूत हैं।

राहुल की योगी को चिट्ठी

लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने मुआवजा राशि बढ़ाने व समय पर उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में राहुल गांधी ने हाथरस हादसा स्थल पर स्वयं के पहुंचने व यथास्थिति की जानकारी साझा की है।

न्यायिक आयोग ने की स्थानीय लोगों से पूछताछ

लखनऊ। हादसे की जांच कर रहे न्यायिक आयोग ने रविवार को घटना के प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अलावा अधिकारियों से पूछताछ की। लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में पूछताछ के दौरान हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार और पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल भी मौजूद थे।

कार ने बाइक को टक्कर मारी, महिला की मौत

मुंबई, एजेंसी

मुंबई में पुणे जैसा हादसा, शिवसेना नेता की बताई जा रही बीएमडब्ल्यू

मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार सुबह बीएमडब्ल्यू कार ने एक दुपहिया वाहन को टक्कर मारी दी जिससे एक महिला की मौत हो गई। कार चालक राजेश शाह और सवार राजश्री राजेंद्रसिंह बिदावत पर मामला दर्ज कर कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। वर्ली थाने के एक अधिकारी ने बताया कि कावेरी नखवा (45) सुबह करीब साढ़े पांच बजे एनी बेसेंट रोड पर पति प्रदीप के साथ बाइक से जा रही थीं तभी बीएमडब्ल्यू कार के चालक ने टक्कर मार दी जिससे कावेरी सड़क पर गिर गईं। कावेरी को सरकारी नायर हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दंपती मछुआरा समुदाय से हैं और वे कोलाबा में ससून डॉक से घर जा रहे थे।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। यह पूछने पर कि क्या इस दुर्घटना में शामिल व्यक्ति शिवसेना के एक नेता का बेटा है, इस पर शिंदे ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और सरकार हर मामले को एक ही नजरिए से देखती है। यह मामला ऐसे वक्त में सामने आया है जब दो महीने से भी कम समय पहले 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर में पोर्श कार दुर्घटना हुई थी जिसमें कथित तौर पर शराब के नशे में गाड़ी चला रहे नाबालिग ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिसमें दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

इसी बीएमडब्ल्यू कार से हुआ हादसा।

नाबालिगों के वाहन चलाने के खिलाफ अभियान शुरू

लखनऊ। नाबालिग बच्चे अगर दोपहिया अथवा चार पहिया गाड़ी चलाते मिले तो उनके अभिभावकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। इतना ही नहीं अभिभावकों से 25 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला जाएगा। इस अभियान की शुरुआत पूरे प्रदेश में रविवार से हो गई है। जानकारी के मुताबिक ट्रैफिक पुलिस सुबह 11 बजे से चौराहों के आस-पास निरंतर यह चेकिंग अभियान चलाएगी। पुलिस उपायुक्त यातायात कमलेश दीक्षित ने बताया कि आए दिन हो रहे हादसों के मद्देनजर यह व्यवस्था की जा रही है। 18 साल के कम उम्र के बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले बच्चे वाहन नियंत्रित नहीं कर पाते, इसलिए हादसे होते हैं।

नगर निकाय उप चुनाव के लिए मतदान आज

लखनऊ। प्रदेश में नगर निकायों के सदस्यों के रिक्त पड़ी सीटों पर चुनाव के लिए मतदान 8 जुलाई को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि 29 जिलों में नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों में खाली पड़े सदस्यों के पदों पर चुनाव होना हैं। इसमें देवरिया, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली, फतेहपुर, प्रतापगढ़, गोरखपुर आदि के जिलों के नगर निकाय शामिल हैं। इन सीटों पर मतगणना 10 जुलाई को सुबह आठ बजे से शुरू होगी।

तालाब में 7 बच्चे डूबे, 4 की मौत

संवाददाता, आगरा

- पुलिस ने एक महिला व तीन बच्चों को बचाया
- तंबू लगाकर रह रहे थे कानपुर औरैया के लोग
- खंदौली में यमुना एक्सप्रेस वे के निकट हादसा

अमृत विचार : खंदौली थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज के पास बने तालाब (गड्ढे) में रविवार सुबह नहाने गए सात बच्चे गहरे पानी में डूबने लगे। बच्चों को डूबते देख एक महिला भी तालाब में कूदी तो वह भी डूबने लगी। पता चलने पर पास ही खेल रहे कुछ युवक तत्काल तालाब पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों की मदद से पहले तीन बच्चों तथा एक महिला को बाहर निकाला गया। ये चारों गंभीर हालत में थे।

पुलिस ने इनको तत्काल एसएन अस्पताल भिजवाया। इसके साथ ही अन्य चार बच्चों की तालाब में तलाश जारी रही। कई घंटे की मशक्कत के बाद इन चारों बच्चों को भी बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सीडीओ प्रतिभा सिंह तथा सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने एसएन अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती महिला और तीनों बच्चों को उच्च स्तरीय इलाज सुनिश्चित कराया। ये बच्चे कानपुर और औरैया के रहने वाले थे। इनके परिजन एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज के पास तंबू लगाकर रहते हैं।

मरने वालों में सभी बच्चियां हैं, जिनके नाम अनुराधा (9) व नेहा (11), पुत्री अजय व खुशी (10), पुत्री हरदौल निवासी मंगलपुर, जिला कानपुर देहात तथा चांदनी (14), पुत्री हरनाम निवासी नारायणपुर जिला औरैया हैं।

तालाब में बच्चों की तलाश करते गोताखोर।

राजौरी में सैन्य शिविर पर आतंकियों ने किया हमला, एक जवान घायल

- मंजाकोट इलाके में गोलीबारी का जवानों ने दिया करारा जवाब

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में सेना के शिविर पर संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में एक जवान घायल हो गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने मंजाकोट इलाके में गलुथी गांव में सेना की चौकी पर रविवार तड़के गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों ने तेजी से कार्रवाई की और अपनी पोजीशन ले ली तथा गोलीबारी का करारा जवाब दिया। करीब आधा घंटे तक हुई गोलीबारी के दौरान एक जवान गोली लगने से घायल हो गया, उसे तुरंत वहां से निकाल लिया गया। जवानों के मोर्चा संभालने पर आतंकी निकट के जंगल में भाग गए। सेना ने पुलिस के साथ मिलकर आतंकवादियों को पकड़ने के लिए इलाके में व्यापक तलाश अभियान शुरू किया है।

कुलगाम में दो और आतंकी मार गिराए

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में हुई दो मुठभेड़ों में कुल छह आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए जबकि चिन्नीगाम स्थल से चार शव बरामद किए गए थे। कुलगाम जिले के दो गांवों में शनिवार को आतंकियों से मुठभेड़ शुरू हुई थी। जिसमें एक पैरा कमांडो समेत दो सैन्यकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि निस्संदेह सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा मील का पत्थर है। ये सफलताएं वास्तविक रूप से और संदेश के लिहाज से भी बहुत सार्थक हैं। स्वैन ने कहा कि अभियान की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अपने अंजाम तक पहुंचेगी।

भारी बारिश व भूस्खलन से मैदान से पहाड़ का संपर्क टूटा

- 13 स्टेट हाईवे समेत कुमाऊं में सौ से अधिक सड़कें अवरुद्ध

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : तीन दिन से लगातार हो रही बारिश व भूस्खलन के चलते कुमाऊं में मैदान का पहाड़ से संपर्क पूरी तरह कट गया है। नैनीताल व चंपावत जिले से पहाड़ को जाने वाले सभी रास्ते बंद हो गए हैं। हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे समेत कुमाऊं में सौ से अधिक सड़कें अवरुद्ध हैं। शनिवार रात को निहाल नदी में पानी के तेज बहाव से चकलुवा में पुलिया के नीचे की जमीन बह जाने से हल्द्वानी-कालाढूंगी-देहरादून मार्ग बंद हो गया। मलबा आने से बंद टनकपुर-तवाघाट हाईवे को रविवार देरशाम 24 घंटे बाद खोल दिया गया।

कुमाऊं में शुक्रवार रात से लगातार हो रही बारिश से रफ्तार थम गई है। हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे पर दोपाटी व क्वारब के पास भूस्खलन होने से आवाजाही ठप हो गई है। इस स्थान पर शनिवार रात भारी मात्रा में मलबा आने से हाईवे पर आवाजाही रविवार को ठप रही। धानाचूली-खुटानी मार्ग भी मलबा आने से बंद हो गया है। वाया रामगढ़ अल्मोड़ा जाने वाला मार्ग भी भूस्खलन की वजह से बंद है।

रामनगर-रानीखेत मार्ग शनिवार को मोहान के पास एक पुल ध्वस्त हो जाने से बंद हो गया था। इधर, शनिवार रात निहाल नदी में तेज बहाव की वजह से चकलुवा के पास स्थित पुलिया के नीचे का हिस्सा बह गया। जिससे हल्द्वानी से कालाढूंगी होकर देहरादून जाने वाला स्टेट हाईवे बंद हो गया। इस मार्ग के बंद होने से हल्द्वानी से रामनगर, देहरादून अब वाया रुद्रपुर आवाजाही हो रही है।

चकलुवा में पुलिया बहने से हल्द्वानी-देहरादून मार्ग बंद, मलबा आने से हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे ठप

चकलुवा में पुलिया के नीचे का हिस्सा बहने से हल्द्वानी-देहरादून मार्ग बंद हो गया।

अब रेड की जगह बारिश का येलो अलर्ट

हल्द्वानी। कुमाऊं मंडल में तीन दिनों में मूसलाधार बारिश हुई। सोमवार को भी बारिश होने के आसार हैं लेकिन रेड की जगह अब येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार सोमवार को नैनीताल और बागेश्वर जिलों में कहीं भारी तो कहीं अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। देहरादून, पौड़ी, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिलों में भी बारिश हो सकती है। रविवार को गदरपुर में 104 मिमी, नैनीताल में 87 मिमी, हल्द्वानी में 118 मिमी, लोहाघाट में 82.5 मिमी बारिश हुई है। देहरादून में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री रहा यहां केवल दो मिमी बारिश दर्ज की गई।

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षक संगठन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● ऑनलाइन हाजिरी के बहिष्कार का लिया निर्णय

अमृत विचार। माध्यमिक एवं परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की अनिवार्य ऑनलाइन हाजिरी का विरोध शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ एवं आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश ने ऑनलाइन हाजिरी के बहिष्कार का निर्णय लिया है। स्कूल महानिदेशक और बीएसए को भेजे पत्र में कहा है कि ऑनलाइन हाजिरी से उत्पीड़न बढ़ेगा।

श्याम नगर में हुई आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में महामंत्री कुलदीप ने ऑनलाइन हाजिरी को अव्यवहारिक बताते हुए इसके बहिष्कार का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि 8 जुलाई से शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी को अनिवार्य किया है। यह निर्णय उचित नहीं है, यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो शिक्षक आंदोलन करने को बाध्य होगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष सुनील बाजपेयी, महेश बाबू, शशि बाजपेयी, अशोक त्रिपाठी, चंद्रभान कटियार, रमाकांत कटियार आदि मौजूद रहे। उधर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि दूरदराज गांवों में स्कूल होने पर नेटवर्क काम नहीं करता है। ऐसी दशा में ऑनलाइन हाजिरी में बाधा आना तय है और फिर शिक्षकों को उत्पीड़न होगा। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली, भविष्यनिधि ऑनलाइन करने एवं तीन अनुपस्थिति पर एक अवकाश समायोजित करने की मांग की है।

वीजा और टिकट दिलाने के नाम पर 3.89 लाख हड़पे

कानपुर। बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में वीजा और टिकट दिलाने का वादा कर टिकट न देने वाले एजेंट ने बाबूपुरवा के युवक से 3.89 लाख रुपये हड़प लिए। टिकट न देने पर आरोपी के खिलाफ बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बाबूपुरवा निवासी मोहम्मद फहीम ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे मोहम्मद अदनान, दामाद सुऐब और उसके दोस्त अफसार, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद फहीम को विदेश की एयर टिकट और वीजा दिलाने के लिए अख्तर अली निवासी महराजगंज को 3.89 लाख रुपये दिए थे।

इसके बाद अख्तर अली ने वादाखिलाफी की और कुछ नहीं दिया। इसके चलते कोई भी विदेश नहीं जा सका। इस सबंध में प्रभारी निरीक्षक बाबूपुरवा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

बसों में वाइपर नहीं, शीशे पर नींबू रगड़कर चलते चालक

यात्री कितने सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ बसों के शीशों पर नींबू रगड़ते हैं ताकि बारिश का पानी फिसल जाए

▸▸ डिपो से बिना फिटनेस के निकल रही बसें, यात्रियों की जान से खिलवाड़

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन का जो रवैया तीन दशक पहले था, वही आज भी है। गिरते राजस्व की ओर नजर दौड़ाएं तो उसके पीछे का कारण यही है कि बसों की व्यवस्था ठीक नहीं है, जिसके चलते लोगों का भरोसा प्राइवेट बसों पर अधिक हो रहा है। जरा सोचिए, इतनी बारिश हो रही है और रोडवेज की बस में वाइपर नहीं हो तो चालक कैसे बस चलाएगा। ऐसे में हादसों की आशका है। चालक बस के मुख्य शीशे पर नींबू रगड़ देते हैं ताकि बारिश का पानी शीशे से फिसल जाए। मूसलाधार बारिश में ये फार्मूला भी फेल हो जाता है और चालक रामभरोसे चलता है।

रविवार को शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर अमृत विचार संवाददाता ने दोपहर एक बजे बसों की हालत देखी। बस अड्डे पर महोबा डिपो की बस यूपी 95 टी 9659 जाने को तैयार थी लेकिन इस के मुख्य शीशे पर वाइपर नहीं था। चालक ने कहा कि वाइपर टूट गया है, हालांकि चालक की बात सच नहीं है क्योंकि बस में वाइपर लगाने की कोई व्यवस्था ही नहीं थी। इसका मतलब है कि इस बस में वाइपर लगा ही नहीं है। ऐसे ही महोबा डिपो की ही दूसरी बस खड़ी थी। इस बस में भी वाइपर नहीं था।

बसें बेबस, बस अड्डा भी बदहाल

कानपुर। रोडवेज अपने प्रबंधन के प्रति तनिक भी गंभीर नहीं है, शहीद मेजर सलमान खान झकरकटी बस अड्डा एक ओर जहां धीरे धीरे धंस रहा है, वहीं चुन्नीगंज बस अड्डा हमेशा सीवरभराव में रहता है जिससे यहां यात्री परेशान रहते हैं। झकरकटी बस अड्डे पर रायबरेली, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज की बसें जहां खड़ी होती हैं, वहां हमेशा जलभराव रहता है जबकि बस अड्डे के अंदर प्रवेश करते ही बड़े बड़े गड्ढे मौत के दावत देते दिखाई दे जाएंगे। कई बार इन गड्ढों से बचने के लिए बसें भागती हैं और हादसे का डर रहता है। एक बार इन गड्ढों के चक्कर में परिवहन कर्मी जो बसों की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लगाया था, उसकी भी बस से कुचलकर मौत हो गई थी। यही हाल चुन्नीगंज बस अड्डे का है, जहां यात्री बस पकड़ने के लिए पानी के अंदर होते हुए जाने को मजबूर हैं।

झकरकटी बस अड्डे पर खड़ी महोबा डिपो की बस में वाइपर नहीं।

हो सकता है कि रास्ते में वाइपर गिर गया हो या टूट गया हो। महोबा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को अवगत कराया जाएगा ताकि बसों के शीशे पर वाइपर लग जाए।

–महेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, झकरकटी बस अड्डा

अनफिट निकल रही बसें, बोल दें तो निलंबित हो जाएं

नियमानुसार किसी भी अनफिट बस को डिपो या वर्कशाप से बाहर नहीं निकाला जा सकता है क्योंकि यात्रियों की जान से खिलवाड़ नहीं हो सकता लेकिन महोबा डिपो की इन दोनों बसों में वाइपर नहीं होने से ये साबित हो गया है कि अनफिट बसें डिपो से निकल रही हैं। सब कुछ जानने के बाद भी चालक, परिचालक अपना मुंह नहीं खोलते, यदि वह डिपो में ये कह दें कि बस में कमी है तो शायद वह निलंबित हो जाएं, यही वजह है कि जिस हालत में बस मिलती हैं, चालक,परिचालक उसे लेकर रूट पर निकल जाते हैं।

20 दिन से नहीं बने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जनता भटक रही

स्कूलों में एडमिशन न होने की शिकायतें बढ़ीं, सोमवार को होगी बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नगर निगम जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय में पिछले 20 दिनों से एक भी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बना है। पोर्टल की असुविधा की वजह से अकेले नगर निगम में एक हजार से ज्यादा आवेदन लंबित हो गये हैं। हैलट, डफरिन समेत अस्पतालों में अलग से लोग परेशान हैं। नगर निगम में आने वाले आवेदकों को अब वापस भेजना मजबूरी हो गई है। अधिकारियों के अनुसार सोमवार को इस समस्या को लेकर बैठक है, इसके बाद ही कुछ हल निकल सकता है।

नगर निगम में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोग चक्कर लगा रहे हैं। 20 दिनों से एक भी प्रमाण पत्र नहीं बना है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार हर जोन के केवल नगर निगम में करीब 1 हजार आवेदन पेंडिंग हो गए हैं। नई वेबसाइट में डाटा अपलोड न होने की वजह से नगर निगम कर्मचारी और अधिकारी परेशान हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सोमवार को इस सम्बन्ध में बैठक होगी। जिसके बाद ही कोई समाधान हो सकेगा। दरअसल, 18 जून से लागू नये नियमों के बाद यहां प्रमाण पत्र नहीं बन सके हैं। नये पोर्टल की असुविधा से आम लोगों के साथ जन्म-मृत्यु कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी भी परेशान हैं। अधिकारियों के अनुसार प्रमाण बनाने का काम पूरी तरह ठप है। नई वेबसाइट डीसी.सीआरएस.ओआरजी.जीओवी.इन भी लांच की गई। जिसमें प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया कठिन हो गई है। जितने भी कागज हैं उन्हें पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य हैं अगर एक कागज भी कागजात नहीं होता तो साइट आगे बढ़ ही नहीं सकती है। डाटा ऑपरेटरों के अनुसार प्रमाण पत्र के लिये पोर्टल पर हर कागज को अपलोड करना अनिवार्य किया है। इसके बिना कार्य आगे नहीं बढ़ सकते हैं। नगर आयुक्त मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि अधिकारियों से बातचीत हो रही है। समस्या को दूर कर लिया जायेगा।

● नए पोर्टल की वजह से काम रुका, कर्मचारी भी जटिलताओं से परेशान

18 जून से नहीं बने जन्म-मृत्यु प्रमाध पत्र

01 हजार आवेदन नगर निगम में लंबित

20 दिनों से काम पूरी तरह ठप

एडमिशन और आधार कार्ड बनाने में समस्या

शहर के स्कूलों में छोटे क्लास में अभी भी एडमिशन हो रहे हैं। कई स्कूल बिना जन्म प्रमाण पत्र के एडमिशन प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़वाते हैं। इसकी वजह से जिन बच्चों के शुरू में किसी कारणवश जन्म प्रमाण पत्र नहीं बने वह परिजन नगर निगम की चौखट पर चक्कर लगा रहे हैं। बच्चों के आधार कार्ड में भी जन्म प्रमाण प्रत्र की अनिवार्यता है। ऐसे में कई आवेदक अपने बच्चों के आधार नहीं बनवा पा रहे हैं।

कारोबारी पर लगाया 3.67 लाख हड़पने का आरोप

कानपुर। हनुमंत बिहार थानाक्षेत्र में एक एग्रो फूड कंपनी के डॉयरेक्टर ने एक कारोबारी पर लाखों का माल लेने के बाद रुपये वापस न करने का आरोप लगाते हुए डीसीपी साउथ से शिकायत की। उनके आदेश पर हनुमंत विहार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

योगेंद्र विहार खाड़ेपुर निवासी अंकित अवस्थी श्रीबाला जी बाबा जी एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड मंगूराम स्पाइसेस प्राइवेट में डॉयरेक्टर हैं। अंकित के अनुसार उनकी कंपनी में गुलाब जामुन और मसाले बनते हैं। सुल्तानपुर स्थित दुर्गा एजेंसी के मालिक काशीलाल ने 2020 से लेकर 2023 तक करीब 3.67 लाख रुपये का माल लिया और भुगतान नहीं किया। पीड़ित ने मामले की शिकायत हनुमंत विहार थाने में की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद उन्होंने शिकायत डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार से की। इस सबंध में हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि डीसीपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

महाराजपुर के शोरूम से सरिया लूटने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ क्राइम ब्रांच और महाराजपुर पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में मिली सफलता

▸▸ 250 कैमरों को खंगाला, फतेहपुर पुलिस से संपर्क कर आगे बढ़ी जांच

▸▸ खुलासा करने वाली टीम को 50 हजार इनाम की घोषणा

अमृत विचार। महाराजपुर थानाक्षेत्र में निर्माणाधीन शोरूम में सिक्योरिटी गार्ड को बंधक बनाकर डकैती डालकर 40 कुंतल सरिया लूटने वाले तीन शातिर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना फरार है। क्राइम ब्रांच, महाराजपुर पुलिस और सर्विलांस टीम के ज्वाइंट ऑपरेशन में घटना का खुलासा हो सका। टीम को डीसीपी पूर्वी ने 50 हजार रुपये नकद इनाम देने की घोषणा की।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि 29 जून की रात महाराजपुर के सरसौल क्षेत्र में निर्माणाधीन शोरूम में आठ लोग डीसीएम से पहुंचे थे। आरोपी सिक्योरिटी गार्ड को बंधक बनाकर वहां पड़ी 40 टन सरिया लूटकर फरार हो गए थे। महाराजपुर पुलिस जांच में जुटी थी। पुलिस ने करीब 250 कैमरे खंगाले और एक डीसीएम को ट्रेस किया तो वह श्याम नगर स्थित निर्माणाधीन इमारत के पास रुकता दिखी। छापा मारा तो वहीं पर लूटी हुई सरिया पड़ी मिली। पुलिस ने गाजीपुर थाना व ग्राम युसूफपुर निवासी महताब हुसैन उर्फ राजू, प्रतापगढ़ के रानीगंज कैथोला निवासी विजय प्रकाश साहू और बिधनू सकरापुर निवासी कुलदीप वर्मा को गिरफ्तार किया है। शातिरों ने पूछताछ में घटना का मास्टरमाइंड फेथफुलगंज निवासी सलीम व उसके साथी पहलवान, खुतरा और अन्य के शामिल होने की जानकारी दी है। आरोपियों की तलाश में टीम लगी हैं। पुलिस को शक है कि यह सरिया जिस इमारत के पास मिली है उसके मालिक ने यह खरीदी है। पुलिस की जांच में बिल्डिंग मालिक के भुगतान करने के साक्ष्य मिलते हैं तो उसे भी दोषी बनाया जाएगा। डीसीपी के अनुसार आरोपियों ने 22 मई की रात फतेहपुर के बिंदकी क्षेत्र में निर्माणाधीन गेस्ट हाउस से सरिया और दो मोबाइल भी लूटे थे। आरोपियों के पास से सरिया बेच कर रखे 32 हजार रुपये व दो मोबाइल बरामद हुए हैं। महताब हुसैन पर विजय प्रकाश पर तीन-तीन मुकदमे दर्ज हैं।

पकड़े गए शातिर अपराधी।

सांसद रमेश अवस्थी ने कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। अमृत विचार

कार्यकर्ताओं की वजह से जीता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● दून इंटरनेशनल स्कूल में मतदाता सम्मान समारोह

अमृत विचार। दून इंटरनेशनल स्कूल रतनलाल नगर में रविवार को मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष दीपू पांडे की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने प्रत्येक मंडल से 5 वरिष्ठ जन एवं प्रबुद्ध जनों का सम्मान पटका व माला पहनाकर किया। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि चुनाव में विपक्षी पार्टियों द्वारा गलत नेरिटेव फैलाया गया है। आम जनता को झूठ बोलकर फंसाया गया लेकिन आपके वोट की बदौलत मैं कानपुर का सांसद बना। अब मैं सदन में कानपुर के विकास की बात रख सकता हूं। भाजपा के देव तुल्य कार्यकर्ताओं ने इतनी कड़ी धूप होने के बावजूद भी अपना एक-एक मिनट मेरे लिए दिया है मैं सदैव उनका ऋणी रहूंगा। मेरा प्रथम ध्येय आम जनमानस की सेवा करना है और कानपुर का विकास कराना है। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने मंडल अध्यक्ष एवं अपने बूथ पर सर्वाधिक वोट दिलाने वाले बूथ अध्यक्षों का भी सम्मान किया। इस दौरान विधायक सुरेंद्र मैथानी, विजया तिवारी, पूनम कपूर, जितेंद्र विश्वकर्मा, संतोष शुक्ला, अवधेश सोनकर, आनन्द मिश्रा, अनुपम मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सुमित पावा, प्रशांत पाल, वात्सेय त्रिपाठी, दीपक शुक्ला आदि रहे।

स्वागत बहुत हो गया है अब काम बताइए: भोले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सांसद ने जनता दरबार में आए कार्यकर्ताओं को स्वागत करने से किया मना

अमृत विचार। अकबरपुर लोकसभा सांसद देवेंद्र सिंह भोले के कार्यालय पर रविवार को पहुंचे कुछ कार्यकर्ताओं ने जब उनका स्वागत करना चाहा तो भोले ने कहा स्वागत नहीं काम बताइए। स्वागत बहुत हो चुका। अब काम की बारी है। जनता दरबार में सांसद ने लोकसभा क्षेत्र ही नहीं लोकसभा क्षेत्र के बाहर से भी आए लोगों के कार्यों का निष्पादन पत्र लिखकर व संबंधित अधिकारियों को फोन कर हल कराया।

सांसद भोले के मीडिया प्रभारी अशोक सिंह दद्दा ने बताया कि सांसद का मानना है कि भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं भाजपा के विचारधारा वाले लोगों ने अपने अथक परिश्रम कर उन्हें जिताया है। उसका मैं आभारी हूं।

अब मेरी जिम्मेदारी है जिन लोगों ने मुझे सांसद बनाकर जो अधिकार मुझे प्रदान किए हैं उन अधिकारों का उपयोग जनहित में अपने कार्यकर्ताओं व लोगों के लिए करूं।

लोगों की समस्याएं सुनते सांसद देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

सूरज चमका और बढ़ा तापमान, उमस भी बनी मुसीबत

कानपुर। रविवार को सूरज के चमकते ही पारा ऊपर चढ़ गया। धूप निकलने से जहां गर्मी ने अपना रंग दिखाया वहीं हवा न चलने पर उमस भी मुसीबत बनी है। मौसम विभाग बारिश की संभावना जता रहा है।

बीती रात में बारिश के बाद मौसम खुल गया। शनिवार को अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस था वह 1.6 डिग्री ऊपर चढ़कर रविवार को 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ डा. सीबी सिंह ने बताया कि आर्द्रता अधिकतम 93 है, इसलिए हवा नहीं चलने की सूरत में उमस परेशान कर रही है। आगामी पांच दिनों में बारिश की संभावना है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंचकर 23.6 डिग्री रिकार्ड किया गया है। रविवार को 28.5 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है। जुलाई में अब तक 115 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। इस माह करीब 300 मिलीमीटर बारिश की संभावना है। अच्छी बारिश के आसार है। जिससे खेती को खूब को खूब फायदा होगा।

सीआरपीएफ के जवान को लूटने वाला दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● फरवरी 2024 में ट्रेन में खुद को बताया था आर्मी जवान, होटल में की थी वारदात

अमृत विचार। हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में सीआरपीएफ जवान को झांसे में लेकर लाखों का चूना लगाने वाले अंतर्राज्जीय इनामी बदमाश को पुलिस ने पांच महीने बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने माल की बरामदगी भी की है। पुलिस के अनुसार शातिर पर अलग-अलग जिलों में एफआईआर दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

फतेहाबाद थाना पारू जिला मुजफ्फरपुर बिहार निवासी दिल्ली में तैनात सीआरपीएफ जवान ने हरबंश मोहाल थाने में दर्ज एफआईआर में बताया था कि 10 फरवरी को नई दिल्ली से मुजफ्फरपुर के लिए बिहार संपर्क क्रांति ट्रेन के जनरल डिब्बे में सफर कर थे। रास्ते मे एक व्यक्ति मिला जो अपने को आर्मी का जवान बताया था। उसने कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर कहा कि ट्रेन मंर काफी भीड़ है और उन लोगों को दूर तक जाना है। यहीं उतरकर दूसरी ट्रेन से चलते हैं तब तक दो-तीन घंटे किसी होटल में रुककर फ्रेश हो लेते हैं। इस पर वह दोनों सुतरखाना के सनराइज होटल में रुक गए। उसने एटीएम बूथ पर उनका एटीएम कार्ड धोखे से बदल लिया और फोन से दोनों सिम निकालकर फोन भी तोड़ दिया। इसके बाद वह व्यक्ति अचानक गायब हो गया। इसके बाद उसके एसबीआई खाते से दो लाख पचास हजार रुपये निकाल लिए गए थे। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार ने बताया कि आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। रविवार को आरोपी सुनील दुबे उर्फ लल्लू निवासी भरपुरा थाना पड़री जिला मिर्जापुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके ऊपर हरबंश मोहाल में तीन, जीआरपी, प्रयागराज और मिर्जापुर में एक-एक मुकदमे दर्ज हैं।

सुनील दुबे उर्फ लल्लू।

हेल्थ अलर्ट फेफड़ों में हुए संक्रमण के कारण हो जाती है स्पाइन में टीबी

लंबे समय तक कमर दर्द हो तो स्पाइन टीबी हो सकता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गर्दन व कमर दर्द को अक्सर लोग सामान्य दर्द समझकर नजरअंदाज करते रहते हैं, लेकिन ऐसा करना सेहत पर भारी पड़ सकता है। खासकर कमर दर्द अगर लंबे समय तक बना रहता है तो यह स्पाइन टीबी का लक्षण हो सकता है, जिसकी गिरफ्त में वृद्ध वर्ग के साथ ही 20 से 40 वर्ष के युवा भी आ रहे हैं। इसे नजरअंदाज करने पर मरीज लकवा ग्रस्त भी हो सकता है।

हैलट के आर्थो विभाग के वरिष्ठ आर्थो सर्जन डॉ.रोहित नाथ ने बताया कि ओपीडी में करीब तीन से चार सौ मरीज आते हैं, जिनमे से पांच नए मरीज टीबी के लक्षण युक्त मिल रहे हैं। जो लंबे समय से कमर, पीठ व गर्दन में दर्द और चलने और काम में सांस फूलने जैसे समेत लक्षण बताते हैं। स्पाइन टीबी लोगों में आसानी से होती है। टीबी का संक्रमण सबसे पहले फेफड़े को प्रभावित करता है, उसके बाद फेफड़े से इंफेक्शन स्पाइन की ओर बढ़ता है। ऐसा इसलिए क्योंकि फेफड़े के ठीक पीछे स्पाइन होती है, जिसकी वजह से उनमे संक्रमण आसानी से पहुंच जाते हैं। धीरे-धीरे संक्रमण स्पाइन पर हावी होने लगते हैं, जिसके कारण मरीज को कमर, पीठ व गर्दन में दर्द की समस्या होने लगती है। इसलिए कमर, पीठ व गर्दन में लंबे समय तक बने रहने वाले गर्दन को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और न ही बिना किसी डॉक्टर की सलाह से अपने मन से कोई दवा का सेवन करना चाहिए। कुछ मामलों में लकवा भी पड़ सकता है।

टीबी की दवा नियमित खाना जरूरी

डॉ .रोहित नाथ ने बताया कि टीबी के मरीज को चार से पांच दवाएं दी जाती हैं। किसी कारण मरीज नियमित तौर पर दवा का सेवन नहीं कर पाते है तो उनमे टीबी की बीमारी गंभीर होती है, तब मरीजों में दवा असर करना कम कर देती है। इसके अलावा टीबी स्पाइन, बोन व ज्वाइंट में होती है तो फिर टीबी के मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का असर भी कम होता है।

टीबी के शुरुआती लक्षण

- भूख न लगना,
- लंबे समय तक खांसी
- वजन का काम होना।
- कमर, गर्दन व पीठ में दर्द बने रहना
- शरीर के जोड़ों में हड्डियों में दर्द होना

ज्वाइंट टीबी व बोन में ट्रिगर कर रही टीबी

बदलती जीवनशैली, गलत खानपान, प्रदुषण, आरामदायक जीवन की चाह में सबसे अधिक नुकसान मानव शरीर को हो रहा है। इसके कारण लोग कई प्रकार की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, जिनमे ज्वाइंट टीबी और बोन टीबी भी शामिल हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों के मुताबिक यह बीमारी पहले अधिक उम्र के लोगों में देखने को मिलती थी, लेकिन इसकी गिरफ्त में अब 20 से 40 वर्ष के युवा भी आ रहे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

NOTICE

I have changed my name to Sukhvinder Pal Singh in place of Sukhvindar Pal Singh. From now on, let me be known by this name. Sukhvinder Pal Singh S/O Mahendra Singh, village Distapur, Rehariya, Kheri, U.P. (262804).

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री अंशिका मिश्रा का नाम बदल कर अंशिका अनुपम मिश्रा कर दिया है। भविष्य मे इसे अब अंशिका अनुपम मिश्रा के नाम से जाना पहचाना जाये ।– **अनुपम मिश्रा निवासी जी–602 ,शालीमार गैलेन्ट , महानगर , लखनऊ**

NOTICE

I, Mr. Akhilesh Tiwari s/o Umapati Tiwari, 221, Malpura Post, Baliya Jagdishpur, Ambedkar Nagar, Uttar Pradesh, 224190 declare that my son's (OJASVI TIWARI Class V A, Admn No : 6190, St. Peter's School, Akbarpur) name is wrongly mentioned in his educational records as OJASVI TIWARI and have changed his name as AYANSH TIWARI as per the Affidavit stamp serial No: 90AE 356952 dated 04.07.2024. APPLICANT- **Mr. Mr. Akhilesh Tiwari s/o Umapati Tiwari, 221, Malpura Post, Baliya Jagdishpur, Ambedkar Nagar, Uttar Pradesh, 224190**

आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

31.4°	23.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:22	सूर्यास्त 07:05

शहर में आज

- **कार्यक्रम :** उ.प्र. विद्युत नियामक आयोग की ओर से जन सुनवाई द स्पोर्ट हब, खलासी लाइन में सुबह 11 बजे।
- **रथयात्रा :** श्री जगन्नाथ जी कमेटी की ओर से रथयात्रा धर्मशाला धनकुट्टी शाम 6.00 बजे।
- जनरल गंज स्थित प्राचीन श्री जगन्नाथ जी महाराज मंदिर (बिरजी भगत) में रथयात्रा शाम 7:00 बजे।
- **सम्मान :** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल (कंछल गुट) की ओर से पदाधिकारियों का सम्मान विजय विला, तिलक नगर में दोपहर 2 बजे।
- **संगोष्ठी :** सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन लखनपुर सभागार में संगोष्ठी शाम 4.30 बजे।
- **आयोजन :** उ.प्र. कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान बचाओ कार्यक्रम भदौरिया चौराहा, जवाहर नगर में शाम 4 बजे।
- **पुष्पांजलि :** गांधी शांति प्रतिष्ठान की ओर से पुष्पांजलि शास्त्री भवन खलासी लाइन में शाम 5 बजे।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शहर के चार उद्यमी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईए की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मिला स्थान
- आईआईए के राष्ट्रीय महामंत्री बने उद्यमी आलोक अग्रवाल
- जय हेमराजानी और संजय जैन बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

अमृत विचार। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शहर के चार उद्यमियों ने स्थान हासिल किया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

उद्योगों एवं औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कार्यकारिणी का गठन किया है। शहर के वरिष्ठ उद्यमी उद्यमी आलोक अग्रवाल को राष्ट्रीय महामंत्री, जय हेमराजानी व संजय जैन को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अनूप गुप्ता को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया।

यह जानकारी देते हुए आईआईए कानपुर चैप्टर के अध्यक्ष दिनेश बरासिया ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए पदाधिकारियों को बधाई दी गई है। संस्था के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण खेत्रपाल, सुनील वैश्य, नवीन खन्ना, सुरेश गुरनानी, मनमोहन राजपाल, हर्षल अग्रवाल, शरद मिश्रा, विक्रांत अग्रवाल समेत कानपुर चैप्टर की इकाई ने बधाई दी है।

जय हेमराजानी।

अनूप गुप्ता।

आलोक अग्रवाल।

संजय जैन।

लापरवाही के गड्ढे ने निर्दोष टेंपो चालक की जान ले ली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

गोविंद नगर 10 ब्लॉक में सड़क पर गड्ढा जिसमें हादसे के बाद डाली गई मिट्टी।

- सीवर लाइन डालने के बाद नगर निगम ने खुला छोड़ दिया था गड्ढा
- गड्ढे में सवारियों से भरी टेंपो पलट गई, कई को लगी चोट
- गोविंद नगर के 10 ब्लॉक में शनिवार देर रात हुआ हादसा

टेंपो पलटने के बाद टूटी कैंची। अमृत विचार

सुनील कुमार।

अमृत विचार। गोविंद नगर थानाक्षेत्र में नगर निगम की घोर लापरवाही के कारण सड़क पर छोड़े गए सीवर लाइन के गड्ढे में सवारियों से भरी टेंपो पलट गई। जिसमें चालक समेत अन्य सवारियां घायल हो गईं। मदद के लिए यात्रियों की चीखपुकार के कारण आसपास के लोग दौड़ पड़े। राहगीरों ने टेंपो को सीधा करने के साथ पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को हैलट अस्पताल भेजा, जहां पर डॉक्टर ने चालक को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायल उपचार कराने के बाद अपने-अपने घर चले गए। एक जान लेने के बाद नगर निगम ने गड्ढा भरा।

ऐसे सैकड़ों गड्ढे शहर में अलग-अलग जगहों पर छोड़ दिए गए हैं जिनमें अक्सर हादसे होते रहते हैं। कुछ माह पहले नगर निगम की लापरवाही से किदवई नगर शनिदेव मंदिर के पास गड्ढे में पड़कर स्कूटी सवार की मौत हो गई थी।

गोविंद नगर पीली कालोनी कच्ची बस्ती निवासी 53 वर्षीय सुनील कुमार गौतम टेंपो चालक थे। परिवार में पत्नी मंजू देवी, दो बेटे पीयूष, अर्पित और दो बेटियां प्रिया और अनन्या हैं। परिजनों के अनुसार सुनील शनिवार रात घंटाघर से सवारियां लेकर सीटीआई चौराहे की ओर जा रहे थे।

बारिश की वजह से रास्ते में पानी भरा हुआ था तभी नंदलाल चौराहा से पहले गोविंद नगर 10 ब्लॉक के पास नगर निगम की ओर से सीवर लाइन डालने के बाद छोड़े गये गड्ढे में टेंपो का पहिया पड़ते ही वह पलट गया। जिससे टेंपो में सवारियों व चालक दबकर घायल हो गए। चीख पुकार सुन वहां से गुजर रहे राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह टेंपो को सीधा करने के साथ ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को हैलट अस्पताल भेजा, जहां पर डॉक्टरों ने टेंपो चालक सुनील को मृत घोषित कर दिया। वहीं सवारियां प्राथमिक उपचार करा कर अपने घर चली गईं। इस संबंध में गोविंद नगर प्रभारी निरीक्षक प्रशांत मिश्रा ने बताया कि गड्ढे में पहिया पड़ जाने से टेंपो पलटने से चालक की मौत हो गई है।

फोन पर जल्दी आने को कहा था

परिजनों ने बताया कि हादसे से कुछ समय पहले सुनील को फोन करके बारिश होने की बात कहकर जल्दी घर आने के लिए कहा था। जिस पर पिता ने जल्द घर आने के लिए कहा था। रोते बिलखते परिजनों का कहना था कि वह लोग उनका इंतजार कर रहे थे लेकिन वह नहीं, उनकी मौत की खबर आई।

हादसे के बाद मिट्टी डालकर खानापूर्ति

टेंपो पलटने की खबर जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई वैसे ही नगर निगम कर्मचारियों ने खुदे पड़े सीवर लाइन के गड्ढे को मिट्टी और मलबा डलवा कर खानापूर्ति कर ली। हादसे के बाद भी बड़े वाहन उस पर से गुजर रहे हैं, जिसके कारण वह फिर धंसना शुरू हो गया है। बारिश में मिट्टी बह जाएगी और जल्द ही हालत फिर पहले जैसी हो जाएगी।

घरेलू उत्पाद और नगरीय निकाय भी बनेंगे मददगार

प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य में बनेंगे मददगार

समग्र प्रयास

अभिषेक वर्मा, कानपुर

- जिलाधिकारी ने अर्थ एवं संख्यिकी विभाग के सर्वे का पर्यवेक्षण करने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का किया गठन
- नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उनकी आय बढ़ाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर में किया जाएगा निवेश

अमृत विचार। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए योगी सरकार ने सभी स्तरों पर समग्र प्रयास सुनिश्चित करने का फैसला लिया है। इस मुहिम में जिलावार घरेलू उत्पादों के साथ नगरीय निकाय को भी जोड़ा गया है। इसके लिए ऐसे घरेलू उत्पादों का चुनाव किया जाएगा, जिनकी देशी-विदेशी बाजार में मांग हो, ताकि उनका उत्पादन बढ़ाकर कारोबार और निर्यात बढ़ाया जा सके।

इसी तरह निकायों के इन्फ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं में पीपीपी मॉडल के जरिए निवेश करके उन्हें और बेहतर बनाने का प्रस्ताव है, इससे निकाय अपनी आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर हो सकेंगे।

प्रदेश सरकार एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसी क्रम में जिलों के घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देने की योजना तैयार की गई है। तय हुआ है कि ऐसे उत्पाद जिनका शहर में उत्पादन अच्छा है, उनमें निवेश करके प्रदेश सरकार बेहतर कारोबारी माहौल बनाएगी। इससे ये उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय फलक पर पहचान बनाकर न सिर्फ आय बढ़ाने में समर्थ होंगे, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तेज योगदान सुनिश्चित करेंगे।

इस काम को अंजाम देने के लिए जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी प्रदेश शासन के अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा कानपुर नगर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अनिगमित क्षेत्र के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण एवं आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण कार्य का पर्यवेक्षण करेगी।

यह सर्वेक्षण इसी माह जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी के निर्देशन में कराया जाएगा। कमेटी इस सर्वे के दौरान पायलट सर्वे करके उपयोगी घरेलू उत्पादों का चुनाव उनकी आर्थिक गतिविधियों का आकलन करेगी।

शहर में चमड़े से बनी वस्तुएं, मशीनरी, कृषि उत्पाद, मेडिकल टूल्स और गारमेंट्स में निर्यात बढ़ाने की संभावनाएं हैं। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी ने कमेटी में कानपुर नगर आयुक्त, उप जिला मजिस्ट्रेट, जिला पंचायतराज अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी और नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को शामिल किया है।

फूड हब, अर्बन कैफे, डिजिटल स्ट्रीट, आर्ट गैलरी और आडिटोरियम में होगा निवेश

अर्थव्यवस्था को तेज गति प्रदान करने के लिए नगरीय निकायों के इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश का फैसला हुआ है। इसके लिए निकायों में चरणबद्ध तरीके से 38 परियोजनाओं का चयन किया जाएगा। जिन इन्फ्रास्ट्रक्चर्स में निवेश होना है, उनमें कार्यालय भवन, अर्बन कियोस्क, मशीनीकृत और अन्य प्रकार की पार्किंग और रोड जंक्शन आदि शामिल हैं। इसके साथ ही अर्बन मेला, फूड स्ट्रीट हब और डिजिटल स्ट्रीट जैसे लवलीहुड सेंटर शामिल होंगे। मनोरंजक सुविधाएं, हेरिटेज स्ट्रीट, म्यूजियम, प्रदर्शनी, आर्ट गैलरी, अर्बन आर्ट डेकोर और स्टेच्यू आदि को भी निवेश की योजना में शामिल किया गया है। इसी तरह अर्बन कम्युनिटी सेंटर, आडिटोरियम, मैरिज हाल, रिटायरमेंट होम्स, सीनियर केयर सेंटर, कामकाजी महिलाओं व पुरुषों के छात्रावास जैसी सुविधाओं पर भी निवेश किया जाना प्रस्तावित है।

टैक्स कलेक्शन के अनुसार आवंटित होगी धनराशि

इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश के लिए धनराशि का आवंटन नगरीय निकायों द्वारा किए गए टैक्स कलेक्शन और इसके अपने हिस्से के अनुपात में होगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर का चयन नगरीय निकायों के आकार को देखकर होगा। ऐसे प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनमें पीपीपी की संभावना हो। इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए शहरी स्थानीय निकाय द्वारा भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य या केंद्र की योजनाओं के बजट से भी धनराशि दी जाएगी।

दो फार्मूलों से मिलेगा पैसा

इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश के लिए शासन ने धनराशि आवंटन के दो फार्मूले बनाए हैं। इनमें पहला 40 प्रतिशत नगर निगम, 40 प्रतिशत नगर पालिका परिषद और 20 प्रतिशत नगर पंचायतों को देने का प्रावधान प्रस्तावित है। दूसरे प्रस्ताव के अनुसार 50 प्रतिशत नगर निगम, 25 प्रतिशत नगर पालिका परिषद और 25 प्रतिशत नगर पंचायत को मिल सकता है।

सेंट्रल स्टेशन पर घंटाघर साइड में चल रहा सफाई अभियान। अमृत विचार

जागा रेलवे प्रशासन सफाई अभियान चला

अमृत विचार इम्पैक्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल स्टेशन के घंटाघर साइड में की गई सफाई
- अमृत विचार ने उठाया था जलभराव का मुद्दा

अमृत विचार। सेंट्रल स्टेशन के घंटाघर साइड में भीषण जलभराव के चलते यात्रियों की परेशानी का मुद्दा अमृत विचार ने उठाया तो रविवार को युद्धस्तर पर सफाई अभियान शुरु किया गया। वहां के जलभराव को खत्म करा दिया गया। यात्रियों के लिए अलग से एक रास्ता बना दिया गया ताकि आवागमन में कोई दिक्कत नहीं आए।

रविवार को सुबह से ही डिप्टी चीफ इंजीनियर निर्माण मोहम्मद जावेद अख्तर की अगुवाई में सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से प्लेटफार्म नंबर 9 तक सफाई अभियान चलाया गया। उसके बाद घंटाघर साइड में स्टेशन परिसर में जलभराव को दूर किया गया और वहां फैले कीचड़ को भी हटाया गया। उन्होंने बताया कि सेंट्रल स्टेशन के सिटी साइड और कैंट साइड में 24 घंटे मानीटरिंग की व्यवस्था की गई है ताकि स्टेशन और उसके दोनों साइड के बाहरी किनारे पर सफाई व्यवस्था मजबूत रहे।

एक नजर

लेनिन पार्क के पास युवती से लूटा मोबाइल

कानपुर। सीसामऊ थानाक्षेत्र में सरेराह झपट्टा मारकर युवती से मोटरसाइकिल सवार लुटेरों ने मोबाइल लूट लिया। बजरिया के चपरासी मोहल्ला निवासी अनन्या वर्मा ने सीसामऊ पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 7 जुलाई को शाम 5:30 बजे वह अपने घर बजरिया जा रही थी। भदौरिया चौराहे के पास बाइक सवार एक लुटेरे ने उनका झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया और फरार हो गया। सीसामऊ थाना प्रभारी ने बताया कि कैमरेदेखे जा रहे हैं।

पीछे सवारी के हेलमेट न लगाने पर 208 चालान

कानपुर। साउथ जोन टीएसआई नित्यानंद राय ने बर्रा चौराहा पर अभियान चलाकर हूटर उतरवाए। नो पार्किंग में किए गए चालान की संख्या 397, पीछे बैठी सवारी के हेलमेट न लगाने पर 208 का चालान, विपरीत दिशा में वाहन चलाने पर 228 पर कार्रवाई की गई।

काश! उपमुख्यमंत्री जी हकीकत देख पाते...

यह वही कांशीराम ट्रामा सेंटर है जहां पिछले हफ्ते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक संचारी रोगों के खिलाफ अभियान शुरू करने आए थे। अभियान चल भी रहा है लेकिन इसकी हकीकत यह फोटो बता रही है। यहां भरा दूषित पानी का भराव बीमारियों को दावत दे रहा है। जबकि यहीं इसी परिसर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी यानि सीएमओ साहब का कार्यालय भी है। अस्पताल में दूषित पानी की निकासी के लिये जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई प्रयास नहीं किया और शहर भर को बीमारियों से बचाने का दावा करते हैं। अमृत विचार

मां ने बेटे को जिंदा दफनाने का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नवाबगंज थानाक्षेत्र में तीन माह पूर्व मानसिक मंदित युवक की मौत के बाद परिजनों से उसे नजीराबाद स्थित कब्रिस्तान में दफना दिया था। अब युवक की मां ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे को जिंदा ही दफना दिया गया था। परिजनों ने पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई है।

नवाबगंज के लल्लनपुरवा गांव निवासी वृद्धा शशि ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका 22 वर्षीय बेटा राजा मानसिक मंदित था। अक्सर बिना बताए गायब हो जाता था। 12 अप्रैल 2024 को वह गांव में रहने वाले खग्गा के दरवाजे पर बेसुध हो गया था। इस पर उनके बेटे दीपक और गोविंदा उसे आसपास के लोगों के साथ मिलकर पास के डॉक्टर के यहां ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद उसे नजीराबाद स्थित कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया था। वहीं अब शशि का आरोप है कि उनके बेटे को जिंदा ही दफन कर दिया गया। इस संबंध में नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि युवक की सामान्य मौत हुई थी जिसके बाद परिजन और गांव वालों ने अंतिम संस्कार कर दिया था। मामले की उच्चाधिकारियों को जानकारी दे दी गई है।

हैलट में आनुवंशिक रोगों की ओपीडी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हैलट के जच्चा-बच्चा अस्पताल में आनुवंशिक रोगों की ओपीडी का संचालन शुरू किया जाएगा, ताकि बच्चों में आनुवंशिक रोगों की संभावना को तलाश कर इलाज से निदान किया जा सके। इसके लिए तीन डॉक्टरों को प्रशिक्षण के लिए लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई के डिपार्टमेंट ऑफ जेनेटिक्स में भेजा जाएगा। 29 जुलाई से एसजीपीजीआई में प्रशिक्षण के लिए बैच की शुरुआत होगी।

हैलट अस्पताल में ऐसे कई बच्चे आते हैं, जो आनुवंशिक बीमारियों से ग्रस्त होते हैं। यह बीमारी बच्चे में माता या पिता से आती है। कई बार नजरअंदाज किए जाने से आनुवांशिक बीमारी गंभीर बन जाती है। स्थिति बिगड़ने के बाद अभिभावक अपने बच्चों को लेकर हैलट अस्पताल आते हैं। इसे देखते हुए आनुवंशिक बीमारियों से बच्चों को बचाने और उनका समय रहते इलाज शुरू करने के लिए ओपीडी संचालन का फैसला हुआ है। इसके लिए बाल रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग और मेडिसिन विभाग से एक-एक डॉक्टर को लखनऊ के पीजीआई में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया जाएगा किस तरह इसका पता लगाया जाए कि गर्भ में पल रहे बच्चे को आगे चलकर आनुवंशिक रोग हो सकता है या नहीं। अगर हो सकता है तो उसका इलाज उसी समय शुरू करना है, ताकि बच्चा आगे चलकर उस अनुवांशिक बीमारी से न जूझे। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि आनुवंशिक रोगों की जांच के लिए गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग की जाएगी। शुरू में जांच के लिए सैंपल पीजीआई भेजे जाएंगे।

यह रोग ठीक होने की रहती संभावना

आनुवंशिक रोगों में उच्च रक्तचाप, गठिया, मधुमेह, मोटापा समेत आदि रोग माता-पिता से मिलता है, इनके इलाज के माध्यम से ठीक होने की संभावना रहती है। लेकिन थैलीसीमिया, हीमोफीलिया, डाउन सिंड्रोम जैसे रोगों का पूर्ण रूप से इलाज अभी नहीं है।

महापौर ने किया सम्मान तो कुलदीप बोले-थैंक यू कानपुर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

नगर निगम गेस्ट हाउस में कुलदीप यादव का महापौर ने सम्मान किया।

अमृत विचार। टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कानपुर के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव का रविवार शाम को महापौर प्रमिला पांडे ने सम्मान किया। मोतीझील नगर निगम गेस्ट हाउस में आयोजित सम्मान समारोह में महापौर ने कुलदीप का मुंह मीठा कराके, पटका पहनाके उन्हें विश्व कप में जीत की बधाई दी।

महापौर प्रमिला पांडे ने कहा कि 17 सालों के इंतजार के बाद भारत टी-20 टूर्नामेंट में एक बार फिर से विश्व विजेता बना है। टीम की जीत में कुलदीप यादव ने अहम रोल निभाया है। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने 10 विकेट हासिल किए। इस मौके पर कुलदीप यादव ने महापौर को धन्यवाद देते हुए कहा कि देशवासियों ने जिस तरह से क्रिकेटरों का समर्थन किया है उसके लिए मैं सभी भारतीयों व कानपुर वासियों का धन्यवाद करता हूं।

सिटी प्राइड

कुलदीप यादव का गैंजेस क्लब में हुआ स्वागत, क्रिकेटर ने कहा, इस बार विश्वकप में मुझसे बच गए पाकिस्तानी

उम्मीद है पहली बार अपने होम ग्राउंड पर खेल सकूंगा : कुलदीप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। टी-20 विश्व कप जीतने के बाद टीम इंडिया उत्साहित है। हमें भी टेस्ट मैच में बराबर मौका मिल रहा है। उम्मीद है कि 27 सितंबर से ग्रीनपार्क स्टेडियम में होने वाले टेस्ट मैच में पहली बार अपने होम ग्राउंड पर खेलने का मौका मिलेगा। यह बात रविवार को भारतीय टीम के प्रमुख स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव ने कही।

विश्वकप विजेता टीम के हिस्सा रहे कुलदीप के घर लौटने पर रविवार को गैंजेस क्लब में कानपुर क्रिकेट एसोसिशएन (केसीए) ने उनका स्वागत और सम्मान किया। कुलदीप के साथ उनके पिता राम सिंह को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कुलदीप यादव ने कहा कि उम्मीद है कि ग्रीनपार्क में भारत और बांग्लादेश के टेस्ट मैच में उन्हें मौका मिलेगा। 155 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके कुलदीप अभी तक ग्रीनपार्क में नहीं खेले हैं। उन्होंने विश्वकप की अपनी यादें भी साझा कीं। कुलदीप ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ मौका नहीं मिला, यह पाकिस्तान की अच्छी किस्मत थी, जो मुझसे बच गए। उन्होंने कहा कि अमेरिका में शुरुआती मैचों में पिच तेज गेंदबाजों के लिए ठीक थी। जिसके कारण लो स्कोरिंग मैच हुए। वेस्टइंडीज में पिचों पर स्पिन का सपोर्ट मिला तो उन्हें मौका दिया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. संजय कपूर, विजय कपूर समेत केसीए के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

कुलदीप यादव का सम्मान करते संजय कपूर, विजय कपूर। अमृत विचार

स्कूल की यादों से हुए भावुक

- सम्मान समारोह में कुलदीप के करियर के शुरूआती दिनों में बनाई गई वीडियो केसीए ने चलाई तो वह भावुक हो गए। इसके बाद उन्होंने अंडर-16 स्कूली क्रिकेट के दौरान कोच रहे मनीष मेहरोत्रा और साथी खिलाड़ियों को मंच पर बुलाकर सभी से परिचय कराया। कहा कि उनकी सफलता में किसी एक का नहीं, बहुत लोगों का योगदान है।

गेंदबाजी के तरीके में बदलाव का मिला लाभ

मीडिया से बात करते हुए कुलदीप ने कहा कि जख्मी होने पर जब मैं बेड रेस्ट पर था, तब गेंदबाजी के नए तरीके पर विचार किया। स्पिन में तेज गेंदबाजी करना चुनौती रहती है। डर रहता है कि गेंद टर्न होगी या नहीं। तब अपने कोच से नए तरीके पर चर्चा की और अभ्यास शुरू किया। शहर में ही एचएएल में लोकल लीग मैच के दौरान नई शैली को अमल में लाए और कामयाबी मिली। अब उसी शैली को इस्तेमाल कर रहा हूं।

यूपी टी-20 लीग की तारीफ की

यूपीसीए के टी-20 लीग की तारीफ करते हुए कुलदीप ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए यह अच्छा प्लेटफार्म है। यहीं से कई खिलाड़ी आईपीएल के लिए निकले हैं। अगर मुझे मौका मिला तो टी-20 लीग में खेलना चाहूंगा। केसीए के आगामी कानपुर प्रीमियर लीग के लिए कहा कि इससे शहर के खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। केसीए अध्यक्ष एसएन सिंह, सचिव कौशल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष आशीष सचान, अरविंद सिंह, विनय आनंद, अश्वनी कोहली, एपी सिंह, रीता डे, दिनेश कटियार आदि रहे।

करबला की बेवाओं की याद में तोड़ीं चूड़ियां

मोहर्रम पर शोक, मातम, नौहाख्वानी, मजलिस हुई, शिया समुदाय के लोगों ने काले कपड़े पहने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। करबला के मैदान में शहीद हुए पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और 72 साथियों की याद में मजलिस, मातम का दौर शुरु हो गया। घरों में कुरआनख्वानी होने लगी। शिया महिलाओं ने करबला बेवाओं (विधवाओं) की याद में अपने हाथों की चूड़ियों को इमामबाड़ों पर तोड़ दिया और शियाओं ने काले कपड़े पहन लिए।

रविवार को शाम होते ही चमनगंज, बेकनगंज, इफ्तिखाराबाद, कंघी मोहाल, कर्नलगंज, बजरिया, रोशन नगर,रावतपुर, जाजमऊ, केडीए कालोनी, मछरिया, मख्दूम नगर, कागजी मोहाल, सुजातगंज, रेलबाजार, फेथफुलगंज, बाबूपुरवा, बेगमपुरवा समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गमे हुसैन का आयोजन शुरु हो गया।

शहर के पांच हजार इमामबाड़ों का रंगो-रोगन करके वहां मजलिस का सिलसिला शुरु हो गया जो मोहर्रम की दस तारीख (यौमे आशूरा) तक जारी रहेगा। शिया समुदाय के लोगों ने काले कपड़ पहन लिये और नंगे पांव हो गये। चमनगंज के हाशमी तिराहा पर 10 दिनों तक जलसा होगा। इसी प्रकार शहर के विभिन्न इलाकों में जलसा आयोजित किया जायेगा, जहां उलेमा हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों पर किए गये जुल्म की दास्तान बयान करेंगे। मकबरा ग्वालटोली,छोटे मियां हाता, गम्मू खां हाता, जूही लाल कालोनी, जूही सफेद कालोनी, बाबूपुरवा, बेगमपुर,नवाब दूल्हा हाता, पटकापुर समेत शहर के विभिन्न इमामबाड़ों पर अलम रख दिये गये।

इमामबाड़े में चूड़ियां तोड़तीं महिलाएं। अमृत विचार

नये इस्लामी साल की मुबारकबाद दी

कानपुर। इस्लाम के नये साल का शुरुआत मोहर्रम की पहली तारीख से हो गई जिसपर लोगों ने एक दूसरे को नए साल की मुबारकबाद दी और कई स्थानों पर जलसे भी आयोजित हुए। शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने मस्जिद आयशा कुलीबाजार में जलसे को संबोधित किया। इसी प्रकार विभिन्न स्थानों पर जलसे हुए जिसे उलेमा ने खिताब फरमाया।

आज से अलम, ताजिया, जुलूसों का सिलसिला शुरु

- **पहली मोहर्रम :** दो जुलूस निकलेगा,पहला जुलूस नवाब हैदर अली खां का अलम जुलूस नवाब दूल्हा हाता से उठेगा जो शिवाला जाकर वहां से ताजिया लेकर वापस पटकापुर आएगा और दूसरा जुलूस ग्वालटोली से उठेगा।
- **दो मोहर्रम :** बाबा बदर अली का अलम जुलूस तकिया बिसातियान कर्नलगंज से उठेगा जो शहर के विभिन्न मार्गों पर गश्त करेगा।
- **तीन मोहर्रम :** फूल वाली गली सादिक शाह बाबा की मजार के पास से आशिक अली का सौ साल से अधिक पुराना अलम जुलूस निकलेगा।
- **चार मोहर्रम :** नई सड़क से हामिद मियां का अलम जुलूस उठेगा जबकि झूला पार्क खलासी लाइन से इस्माइल का अलम जुलूस उठाया जाएगा।
- **पांच मोहर्रम :** शाह बिरादरी (जोगियों) का जुलूस शौकत अली पार्क कर्नलगंज से और दूसरा मटरु का जुलूस नीली पोश रोड से निकाला जाएगा। इसी रोज लाखों लोग हजरत इमाम हुसैन के दूत के रूप में पैकी बनेंगे।
- **छह मोहर्रम :** सब्जी बाजार परेड से ठेलों पर सब्जी लटकाकर राईनी बिरादरी का अलम जुलूस उठाया जाएगा।
- **सात मोहर्रम :** जामा मस्जिद ग्वालटोली मकबरा से रात 8 बजे अंजुमन फिरदौसिया की जानिब से झूला-ए-अली असगर निकाला जाएगा। इसी रात मोहर्रम की सात तारीख को ही इमाम बारगाह आगामीर मकबरा ग्वालटोली में नवाब हैदर अली खां का मेंहदी जूलूस उठेगा जबकि रात 12 बजे नई सड़क से हामिद मियां का मेंहदी जुलूस, बाबू पुरवा से भी मेंहदी जुलूस उठेगा जबकि चमनगंज स्थित मोहम्मद अली पार्क के पास से हाजी शेरा का अलम जुलूस उठेगा।
- **आठ मोहर्रम :** नई सड़क से छोटा बूचड़खाना से अलम जुलूस उठेगा जबकि अंजुमन जाफरिया का मन्नती हजरते अब्बास अलम ग्वालटोली मकबरा से रात 11 बजे उठेगा।
- **नौ मोहर्रम :** कुली बाजार बड़ा बुचड़खाना से अलम जुलूस उठेगा। लाखों पैकी इमामबाड़ों पर फातिहा पढ़ने निकलेंगे।
- **दस मोहर्रम :** यौमे आशूरा पर शहर के भर ताजिये बड़ी करबला नवाबगंज, छोटी करबला ग्वालटोली मकबरा समेत शहर के सभी करबला में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

बड़ी करबला में मुरादें ले आते अकीदतमंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लगभग 400 साल पुराने करबला में गंगा किनारे पैकी लगाते चौकी, निकालते नियामत
- यहां हजरत इमाम हुसैन, मौला अली और शहजादी फातिमा जहरा का रौजा बना हुआ

अमृत विचार। गंगा किनारे नवाबगंज में लगभग 400 साल पुराने करबला की बड़ी मान्यता है। यहां हजारों की संख्या में लोग अपने मन की मुरादें पाने के लिए हाजिरी लगाने आते हैं। मोहर्रम की नौ तारीख को लाखों पैकी निशान-ए-पैक के साथ जब दौड़ते हैं तो इसी बड़ी करबला में उनका जुलूस का समापन होता है। पैकी के खलीफा यहीं पर चौकी लगाकर नियामत निकालते हैं जो हजारों लोग नियामत (प्रसाद) के तौर पर उसे घर ले जाते हैं।

मोहर्रम का चांद निकलते ही बड़ी करबला में हजारों लोगों के आने का सिलसिला शुरु हो गया है। जहां पर बड़ी करबला स्थापित है, यहां कई सौ वर्ष पूर्व टीला हुआ करता था। यहां एक मेंहदी कुआं भी है। ऐसी मान्यता है कि यहां हाजिरी लगाने से लोगों के मन की मुरादें पूरी होती हैं। यहां पर बाद में हजरत इमाम हुसैन, शेरे खुदा मौला अली और शहजादी फातिमा जहरा का रौजा बनाया गया। कुएं के पास मौला अब्बास का अलम लगा हुआ है, जहां लोग मन्नत मानते हैं। बड़ी करबला में मोहर्रम के महीने में 18 बनी हाशिम का कार्यक्रम भी होता है जिसमें प्रदेशभर के लोग शिरकत करते हैं। करबला के मुतवल्ली काशिफ ने बताया कि मोहर्रम के महीने में यहां संख्या में जायरीन आते हैं।

बड़ी करबला में रौजा हजरत इमाम हुसैन, ऐतिहासिक कुआं जहां लोग मन्नत मानते हैं।

बड़ी करबला में लोग क्या बोले

बड़ी करबला में मोहर्रम के अलावा अन्य महीनों में भी हजारों की भीड़ अपनी मुरादें पाने के लिए हाजिरी लगाने के लिए आती है।

-आदिल अहमद खां मोंटी

ये स्थान सिर्फ मुसलमानों के लिए नहीं बल्कि सभी धर्म के मानने वालों के लिए है। हिंदू मुस्लिम के आपसी सौहार्द और गंगा जमुनी विरासत का एक हिस्सा है।

- शिवम शर्मा, श्रद्धालु

हिंदू मुस्लिम के मध्य नफरत फैलाने वालों को बड़ी करबला से सबक लेना चाहिए, जहां सभी धर्म के लोग अकीदत के साथ अपना सिर झुकाते हैं।

-काशिफ नकवी, मुतवल्ली,बड़ी करबला

बड़ी करबला में मोहर्रम की दस तारीख को लाखों की भीड़ होती है, उसमें सभी धर्म के लोग होते हैं, ये नजारा देखने लायक होता है।

-नायाब आलम, महामंत्री, आल इंडिया शिया यूनिट

शिवनारायण टंडन सेतु के नीचे फिर धंस गया डॉट नाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रविवार को कैंट क्षेत्र में शिवनारायण टंडन सेतु के बगल वाले मार्ग में एक बार फिर से डॉट नाला धंस गया। डॉट नाले का मेनहोल क्षतिग्रस्त होने से सड़क पर 10 फीट का बड़ा गड्ढा हो गया। जिससे माल रोड की ओर व माल रोड से लाल बंगले की ओर जाने वाला यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। पिछली बरसात में सड़क पर डॉट नाला धंसा था। जिसके बाद एक महीने तक यातायात प्रभावित रहा था। कैंट बोर्ड के पत्र और नगर आयुक्त के हस्तक्षेप के बाद डॉट नाला बना था।

छावनी परिषद के अनुसार डॉट नाला नगर निगम के अधीन आता है। बीते कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इसकी वजह से सड़क धंस गई। यहां डॉट नाला होने की वजह से बड़े क्षेत्र में गड्ढा हो गया है। जिससे राहगीरों को समस्या होने लगी है। स्थानीय लोगों को अशंका है कि पिछली बरसात की तरह कहीं डॉट नाला बड़े क्षेत्र में न हो जाये। हालांकि, लोगों ने एहतियातन देर शाम गड्ढे को घेरने का प्रयास किया। कैंट बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों को जानकारी दी गई है।

पुल के नीचे धंसा नाला। अमृत विचार

- बरसात के बाद पिछले वर्ष भी धंस गई भी सड़क

कारोबारी के खिलाफ सुसाइड नोट लिख जान दी

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र में नौकरी छूटने से परेशान अधेड़ ने कारोबारी के खिलाफ तीन पन्नों का सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

शास्त्री नगर के 50 वर्षीय संजय मिश्रा एक पशु आहार कंपनी में काम करते थे। बड़े भाई मनोज मिश्रा ने बताया कि शनिवार देर शाम संजय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम, एसीपी स्वरूप नगर शिखर के साथ काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह पहुंचे। टीम को तीन पन्नों का एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें पशु आहार कंपनी के मालिक पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि सुसाइड नोट मिला है। हैंडराइटिंग विशेषज्ञ से जांच कराकर परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

इजरायल को कोसा, फिलिस्तीनियों के लिए की दुआ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बेकनगंज स्थित हजरत दादा मियां के कुलशरीफ में अपने मुल्क की खुशहाली और अमन की दुआ की गई और इजरायल को कोसने के साथ ही फिलिस्तीनियों के हक में भी दुआ की गई।

दादा मियां चौराहा पर मजार शरीफ पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के आखिरी दिन रविवार को सुबह भोर में फजिर की नमाज के बाद कुरआनख्वानी की गई और फिर उलमा ने तकरीर की। मजार शरीफ पर हजारों लोगों ने हाजिरी दी और मन की मुरादें पानी के लिए दुआ की। इस दौरान मजार शरीफ के सज्जादानशीन सैयद अबुल बरकात नजमी ने कहा कि हमको औलिया-ए-कराम (संत महात्मा) के बताये रास्ते पर चलते हुए हर प्रकार के जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन मुजाहिदीन पर जिस तरह इजरायल जुल्म कर रहा है, उसपर हमको अपनी खामोशी पर शर्म आना चाहिए कि आज पूरे यूरोप में अवाम और यूनिवर्सिटीज के छात्र इजरायल की जुल्म व बर्बरियत के खिलाफ फिलिस्तीन के परचम लहराकर नारे लगा रहे हैं कि जुल्म खत्म करो लेकिन हमारी मस्जिदों में फिलिस्तीन की फतह में दुआ तक नहीं होती। उन्होंने कहाकि दादा मियां मस्जिद में पांचों वक्त नमाज में आएते करीमा की सदाओं के साथ मासूम शहीद बच्चों, महिलाओं और शहीद युवाओं के लिए दुआ होती है। इसके उपरांत दादा मियां के कुलशरीफ में सैयद अबुल हसनात हक्की ने दुआ कराई।

इस मौके पर नातिया मुशायरे में मौलाना कासिम हबीबी, मौलाना मिकाइल जियाई, जहीर कानपुरी,आसिफ सफवी, मतीन, कासिम नदीमी आदि मौजूद रहे।

दादा मियां के कुलशरीफ में दुआ की गई। अमृत विचार

- बेकनगंज स्थित हजरत दादा मियां का कुलशरीफ मनाया गया

बीएसएनएल युवाओं को चैनल पार्टनर बनाएगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बीएसएनएल फाइबर की हाई इंटरनेट सुविधा पहुंचाने का होगा काम

अमृत विचार। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के उपभोक्ता भी हाईस्पीड में इंटरनेट सेवाओं का लाभ ले सकें, इसके लिए 4जी नेटवर्क सेवा की शुरूआत पर जोर दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं तक बीएसएनएल फाइबर की हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा पहुंचाने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को बीएसएनएल चैनल पार्टनर बनाएगा। इससे युवाओं को रोजगार और स्टार्ट अप के रूप में कार्य करने का मौका मिलेगा।

जिले में बीएसएनएल के करीब आठ लाख उपभोक्ता हैं, लेकिन नेटवर्क की समस्या के कारण इन उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा इंटरनेट सेवा का भी लाभ उपभोक्ता पूर्ण रूप से नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में बीएसएनएल में आ रही शिकायतों का समाधान करने के लिए दिसंबर माह तक 4जी नेटवर्क सेवा शुरू करने का एलान किया है। इसके तहत जिले में 750 4जी बीटीएस प्लान तैयार किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक प्रथम चरण में 150 4जी बीटीएस लगाए जाने थे, जिसमें से 145 बीटीएस लगा दिए गए और 133 चालू भी हो गए हैं। दिसंबर तक 4जी नेटवर्क पर काम पूरा होने के बाद उपभोक्ताओं को 25 एमबीपीएस की स्पीड मिलेगी। उनको अपलोडिंग व डाउनलोडिंग में किसी भी प्रकार की आसुविधा नहीं होगी। बीएसएनएल फाइबर को घर-घर तक व प्रत्येक गांव तक पहुंचाने की भी योजना चल रही है। ताकि उपभोक्ताओं को हाई स्पीड इंटरनेट मिले। कानपुर ऑपरेशन एरिया के महाप्रबंधक अनिल वैश्य के मुताबिक उपभोक्ताओं तक बीएसएनएल फाइबर की हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा पहुंचाने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को बीएसएनएल चैनल पार्टनर बनाया जाएगा। इससे युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और स्टार्टअप के रूप में कार्य करने का मौका भी मिलेगा, जिससे वह एक अच्छा लाभ कमाएंगे। भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के अंतर्गत गांव-गांव तक हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा भी पहुंचाई जा सकेगी। बताया कि 700 मेगाहार्ट वाला स्पेट्रम भी लगाया जाएगा, जिससे नेटवर्क व इंटरनेट की समस्या नहीं होगी।

घर का ताला तोड़कर चोरी

कानपुर। बर्रा थानाक्षेत्र में चोरों ने सूनसान घर का ताला तोड़कर नगदी समेत जेवरात पार कर दिए। कर्रही निवासी दीपक मिश्रा ने बताया कि 20 से 30 जून के बीच घर खाली था। चोरों ने उनके घर का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

पड़ोसी ने फोनकर ताला टूटे होने की सूचना दी। वह घर पहुंचे तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा था। अलमारी से चेन, अंगूठी समेत नगदी गायब थी। इस संबंध में थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

राष्ट्रीय उड़ान अकादमी के बहुरेंगे दिन

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

अमृत विचार। रायबरेली के फुरसतगंज हवाई अड्डे पर संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी से एक दशक पहले तक निकलने वाली पायलटों की खेप दुनिया भर की एयर लाइंस में जहाज उड़ाती थी। वर्ष 1985 में खुले इस फ्लाइंग ट्रेनिंग सेंटर का कभी देश भर में रुतबा था। लेकिन पिछले कुछ सालों से यह केंद्र पहचान खोता जा रहा है। ऐसे में इस बार रायबरेली से राहुल गांधी के सांसद चुने जाने के बाद यहां पायलट बनने के लिए प्रशिक्षणरत युवाओं की इस उम्मीद को बल मिला है, कि अब केंद्र में सुविधाएं और सहूलियतों का विस्तार होगा। रायबरेली के फुरसतगंज हवाई अड्डे पर संचालित पायलट प्रशिक्षण केंद्र में इस समय 350 युवा-युवतियां विमान उड़ाने की ट्रेनिंग ले रहे हैं। लेकिन यहां चीफ फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर को लेकर समस्या थी। ऐसे में कुछ माह पहले कानपुर से गर्ग एविएशन के मयंक गर्ग को चीफ फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर के रूप में अस्थाई तौर पर फुरसतगंज भेजा गया था, लेकिन उनका कार्यकाल 6 जुलाई को समाप्त हो रहा है। उनके बाद फुरसतगंज में नये चीफ फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर चार्ज संभालेंगे।

संजय गांधी यहीं करते थे फ्लाइंग

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी फुरसतगंज हवाई अड्डे पर ही फ्लाइंग किया करते थे। संजय गांधी ने ही इस फ्लाइंग क्लब की नींव रखी थी। कानपुर स्थित गर्ग एविएशन के निदेशक विजय गर्ग नेबताया कि फुरसतगंज पायलट प्रशिक्षण केंद्र में मयंक गर्ग चीफ फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर के रूप में अस्थाई तौर पर गए थे। यह ट्रेनिंग सेंटर नागरिक उड्डयन मंत्रालय से संबद्ध है। फुरसतगंज ट्रेनिंग सेंटर में 350 से अधिक छात्र-छात्राएं पायलट बनने के लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं।

मेगा लेदर क्लस्टर | कंपनी ने जिलाधिकारी की अनुमति लिए बिना कराया था अनुसूचित जाति के लोगों की भूमि का बैनामा

ग्राम समाज में निहित होगी खरीदी गई प्रतिबंधित जमीन

शिव प्रकाश मिश्र, कानपुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी की अनुमति लिए बिना कड़री चंपतपुर, कड़री और सपई गांव में अनुसूचित जाति के लोगों से मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट यूपी लिमिटेड के लिए खरीदी गई भूमि का बैनामा रद होगा। इस भूमि का मालिकाना हक अब राजस्व विभाग का होगा। खरीदी गई भूमि ग्राम समाज में निहित की जाएगी। बैनामा रद करने की प्रक्रिया होगी। यह कार्य राजस्व विभाग करेगा।

रमईपुर के पास मेगा लेदर क्लस्टर के लिए ग्राम समाज की भूमि और किसानों की भूमि खरीदी गई है। ग्राम समाज की 42.02 हेक्टेयर भूमि का पुनर्ग्रहण उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने कराया था जबकि कंपनी ने 22 हेक्टेयर भूमि किसानों से खरीदी थी। यहां 35.238 हेक्टेयर भूमि ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की थी, जिसे लेने के लिए अदला-बदली की प्रक्रिया के तहत इतनी ही भूमि कंपनी को किसी और गांव में देनी थी। इसके लिए कंपनी ने कड़री, कड़री चंपतपुर और सपई गांव में अनुसूचित जाति के किसानों से प्रक्रिया का पालन किए बिना भूमि खरीद ली। कंपनी ने अनुसूचित जाति के किसानों की भूमि खरीदने के लिए जिलाधिकारी की अनुमति नहीं ली और एक दर्जन से अधिक किसानों की भूमि का बैनामा करा लिया। मामला सामने आने पर इस भूमि का दाखिल-खारिज करने से तहसीलदार ने मना कर दिया और जिलाधिकारी को एसडीएम के जरिए रिपोर्ट भेजी। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि अब इस भूमि का बैनामा सिविल कोर्ट से रद कराया जाएगा। यह कार्य राजस्व विभाग करेगा। एसडीएम इस भूमि को ग्राम समाज में निहित करने का आदेश देंगे।

अब किसी भी सूरत में यह भूमि कंपनी के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं हो सकती है। यदि तहसीलदार न्यायालय से भूमि का दाखिल खारिज किया जाता है और तो इसे अनियमितता माना जाएगा।

एक्सक्लूसिव

रमईपुर के पास लेदर क्लस्टर के लिए प्रस्तावित स्थल। अमृत विचार

निबंधन विभाग ने भी नहीं की आपत्ति

अनुसूचित जाति के व्यक्ति की भूमि की रजिस्ट्री करते समय निबंधन विभाग आपत्ति कर सकता था। यह पूछ सकता था कि जिलाधिकारी की अनुमति संबंधी पत्र कहां है, लेकिन इस मामले में यह लापरवाही हुई। नतीजतन बैनामे की प्रक्रिया पूरी हो गई। अब कंपनी को न सिर्फ लाखों रुपये के देय स्टांप से राजस्व की हानि होगी बल्कि भूमि से मालिकाना हक भी छिन जाएगा। साथ ही मेगा लेदर क्लस्टर की परियोजना को मूर्त रूप दिलाने में भी देरी होगी।

- धोखाधड़ी पकड़ में आने पर तहसीलदार ने नहीं किया था दाखिल खारिज

आचार संहिता तोड़ने में चार्जशीट

कानपुर। शहर में चौथे चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान एंबुलेंस में ढोई जा रही प्रचार सामग्री के आरोप में दर्ज मुकदमे में गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी रहे आलोक मिश्रा समेत चार लोगों को पुलिस ने दोषी माना है। नवाबगंज पुलिस ने 103 पन्नों की चार्जशीट में आरोपियों को षडयंत्र के तहत धोखाधड़ी कर आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी माना है। एसीपी कर्नलगंज ने बताया प्रकरण में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। आचार संहिता के दौरान 24 अप्रैल 2024 को नवाबगंज पुलिस ने एक एंबुलेंस पकड़ी थी जिसमें आलोक मिश्रा से जुड़ी प्रचार सामग्री भरी थी। नवाबगंज थाने में चालक नीरज कुमार, परिचालक दीपक कुमार समेत आलोक मिश्रा के खिलाफ धोखाधड़ी व आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

जन्मदिन के दो दिन बाद युवती ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पिता खाने के लिए बुलाने गए तो अंदर से था दरवाजा बंद

अमृत विचार। गोविंद नगर थानाक्षेत्र में आरओ प्लांट संचालिका युवती ने जन्मदिन के दो दिन बाद संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। उसने अपना 22वां जन्मदिन मनाया था। जिसके चलते परिवार व रिश्तेदार घर पर ही थे। दोपहर में पिता खाना खाने के लिए बुलाने ऊपर कमरे में गए तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांकने पर बेटी को दुपट्टे के सहारे लटकता देख चीख निकल गई। दरवाजा तोड़कर नीचे उतारा तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं। पुलिस ने मामले की जांच की।

दबौली निवासी संतोष कुमार अवस्थी ने पुलिस को बताया कि परिवार में पत्नी रेनू और 22 वर्षीय बेटी नंदनी है। बड़ी बेटी पारुल की शादी हो चुकी है। बताया घर में आरओ प्लांट लगा है, जिसका पूरा काम नंदनी ही संभालती थी। नंदनी का 5 जुलाई को जन्मदिन था, जिसे धूमधाम से मनाया गया था। रिश्तेदार भी आए हुए थे। रविवार दोपहर करीब एक बजे सभी लोग नीचे थे, जबकि बेटी ऊपर के कमरे में थी। दोपहर में वह खाना खाने के लिए बुलाने ऊपर गए तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था,आवाज न आने पर खिड़की से झांक कर देखा तो बेटी पंखे से लटक रही थी। इस पर रिश्तेदारों संग दरवाजा तोड़कर नीचे उतारा तो मौत हो चुकी थी। इस संबंध में चौकी प्रभारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि परिजनों ने विवाद की बात नहीं बताई है। सिर दर्द से परेशान होने की बात बताई है। जांच की जा रही है।

जगन्नाथ रथयात्रा में निकलीं कई झांकियां भी। अमृत विचार


भक्तों को दर्शन देने निकलने जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा। अमृत विचार

रथयात्रा में हजारों भक्त जयकारे लगाते चले। अमृत विचार

रजत सिंहासन पर सवार जगत के नाथ, गूंजा जय जगन्नाथ

सिंहासन के पीछे देवी-देवताओं की 12 झांकियां निकलीं, श्री गणेश ने की अगवानी ○ शंखनाद व पुष्प वर्षा करते चले भक्त, जगह-जगह प्रभु की आरती उतारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चांदी जड़े काठ के सिंहासन पर सवार प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, भाई बलभद्र की रथयात्रा रविवार शाम श्री जगन्नाथ मंदिर बाईजी से निकली तो रंग-बिरंगे पुष्पों की वर्षा से वातावरण सतरंगी हो गया। प्रभु के जयकारों से जगन्नाथ गली गूंज उठी। धार्मिक गीतों, बैंडबाजा और शंखनाथ ने भक्तों को आनंदित किया। रथयात्रा के पीछे देवी-देवताओं की 12 झांकियां और उसके पीछे भक्तों का हुजूम चला।

जगन्नाथ गली स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर (बाईजी) में रविवार शाम रजत जड़ित काठ के सिंहासन पर विराजमान प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभ्रद्रा व भाई बलभ्रद्र और श्रीगणेश की पंनकीधाम मंदिर के महंत कृष्णदास व जितेंद्र दास ने आरती उतारी व भोग लगाया।

इसके बाद रथ रवाना हुआ। आगे बैंड बाजा, ढोल, नगाड़ा और प्रभु गणेश का रथ चल रहा था। सिंहासन के पीछे वेंकटेश्वर स्वामी का रथ और देवी-देवताओं की 12 आकर्षक झांकियां चल रही थीं। रथयात्रा काहूकोठी, नयागंज, हूलागंज, भूसाठोली, नागेश्वर मंदिर, जनरलगंज, मनिराम बगिया, टोपी बाजार सरसैया घाट पहुंची। जहां आरती और अल्प विश्राम के बाद वापस बड़ा चौराहा, शिवाला, संगम लाल मंदिर, कमला टावर, लाठी मोहाल होकर जगन्नाथ मंदिर में यात्रा ने पूर्ण विश्राम लिया। मंदिर में आरती के बाद भक्तों ने आशीर्वाद लिया। रथयात्रा मार्ग में लोगों ने छतों से पुष्प वर्षा की। रास्ते में जगह-जगह सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं शरबत, पानी, नाश्ता और प्रसाद का वितरित किया। रथयात्रा में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक अभिताभ बाजपेई, सुरेश अवस्थी रहे। श्याम महेश्वरी, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, ज्ञानेंद्र विश्नोई, राजेश कुमार ओमर, नितिन गुप्ता, अरविंद गुप्ता, सौरभ शुक्ला, सीताराम, अनुराग अग्रवाल, शील कुमार अग्रवाल, सुमित व्यवस्था में लगे रहे।

रथयात्रा के साथ कीर्तन करते चली टोली। अमृत विचार

पुरानी दाल मंडी से भी निकली रथयात्रा

कानपुर। श्री लक्ष्मी नारायण स्वामी मंदिर पुरानी दाल मंडी से भी रविवार शाम आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीय प्रभु जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई। श्री तिरुपति बालाजी का रथ नयागंज पहुंचकर रथयात्रा में शामिल हुआ। नगर भ्रमण के दौरान भक्तों को भोग वितरित किया गया। इस मौके पर वेंकटेश्वर स्वामी सेवा समिति के स्वामी प्रमोदाचार्य, संरक्षक सुरेश नाथ खन्ना, अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, उपाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता, महामंत्री संजय जायसवाल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, नितिन साहू व तरुण गुप्ता आदि रहे।

18 मंडल हुए शामिल

जगन्नाथ रथयात्रा में प्रेम मंडल, जगन्नाथ मंडल, जगदीश मंडल, अमर ज्योति मंडल, ओमर वैश्य दौसर वैश्य मंडल, ओमर वैश्य राम कृष्ण मंडल, ओमर वैश्य गोपाल जी मंडल, रामजी मंडल, ओम जय जगदीश मंडल सहित 18 मंडल शामिल हुए। मंडल की ओर से धार्मिक भजनों पर भक्त नाचते झूमते चल रहे थे।

भक्तों ने जय जगन्नाथ के जयकारे लगाए। अमृत विचार

सोलह विधि से हुआ पूजन

घाटमपुर। घाटमपुर के बेहटा बुजुर्ग स्थित जगन्नाथ मंदिर में प्रभु का पूजन-अर्चन के बाद रथयात्रा निकाली गई। सोलह विधि से प्रभु का पूजन किया जगया। यात्रा ने नगर भ्रमण किया। भक्तों ने पुष्प वर्षा की। रथयात्रा मार्ग पर प्रभु जगन्नाथ के जयकारे लगाते भक्त निकले। एसीपी घाटमपुर ने मंदिर और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

बैकुंठपुर से भी निकली रथयात्रा। अमृत विचार

बिठूर रोड बैकुंठपुर में भी आयोजन

कानपुर। बिठूर रोड बैकुंठपुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में प्रभु जगन्नाथ की यात्रा निकाली गई। प्रभु को रथ पर विराजमान कराया गया। भक्तें ने रास्ता साफ किया और नारियल फोड़ा। एडीजी कानपुर जोन अलोक सिंह ने प्रभु की आरती उतारी। इसे बाद भक्त बैकुंठपुर से बैरी स्थित दुर्गा मंदिर तक पैदल रथ ले गए। अब प्रभु 14 जुलाई तक मंदिर में ही भक्तों को दर्शन देंगे। 15 जुलाई को प्रभु अपने घर जगन्नाथ मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। रथयात्रा में डॉ. शिवाशीष दास, अनिल कुमार मिश्रा, अरुण नारायण दिवेदी, अनिल कुमार बिस्ता, अनिल गुप्ता, बिजय केतन पांडा, बिंदु सागर सेनापति, भामर राउत, बीमाधर प्रधान, चन्द्र मणि नायक, डॉ. पीके पानिग्रही, डॉ. सिद्धार्थ पांडा, डॉ. एके पात्रा, डॉ. स्वरूप मोहंती, दीपक कुमार खुटिया, दुर्गेश कुमार साहू आदि रहे।

महिलाओं व बच्चों ने खींचा रथ

कानपुर। शिवकटरा स्थित दुर्गा महिला मंडल व गौरांग महाप्रभु मंदिर समिति की ओर से 16वीं प्रभु जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई। गौरांग महाप्रभु मंदिर से यात्रा शुरू हुई। रथ को महिलाओं और बच्चों ने खींचा। रथयात्रा के पीछे भक्त जयकारे लगाते चल रहे थे। रथयात्रा में कई झांकियां चल रही थी। शालिनी दुग्गल, ऊषा सबरवाल, पूनम कपूर, प्रेमा चौधरी, दिनेश पाल, भोला पाल, सुरेन्द्र सोमानी, मनोज पाल, पुर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया आदि रहे।

शिवकटरा में भी धूम रही। अमृत विचार

एक नजर

ट्रेन से कटकर युवक ने की आत्महत्या

कानपुर। सचेंडी थानाक्षेत्र में दिलीपपुर निवासी युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन के गार्ड ने घटना की जानकारी स्टेशन अधीक्षक को दी। जिसके बाद मामला सिविल का होने के कारण जानकारी सचेंडी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर परिजनों को सूचना दी। परिजनों के अनुसार आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस जांच कर रही है।

कूटा महामंत्री बने पीएन त्रिवेदी

कानपुर : वीएसएसडी कॉलेज के डॉ. पीएन त्रिवेदी को कानपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा के नए महामंत्री बनाए गए हैं। बैठक में सेवानिवृत हुए निवर्तमान महामंत्री डॉ अवधेश सिंह का सम्मान किया गया एवं डॉ. पीएन त्रिवेदी को महामंत्री का प्रभार सौंपा गया। बैठक में संरक्षक विवेक द्विवेदी, अध्यक्ष वीडी पांडे उपाध्यक्ष डॉ यतींद्र सिंह, डॉ. अर्चना दीक्षित ने बधाई दी।

नाटक में तन्हा मानव की पीड़ा दिखाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रविवार को मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश में नाटक का मंचन कर कलाकारों ने तालियां बटोरी। नाटक मंचन से तन्हा मानव की पीड़ा दिखा कलाकारों ने सराहना पाई।

साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कथाकार काशीनाथ सिंह द्वारा लिखित उपन्यास 'रेहन पर रग्घु' पर आधारित राज नारायण दीक्षित द्वारा नाट्य-रूपांतरित नाटक बीते दो दशक के यथार्थ का चित्रण किया गया। नाटक के माध्यम से अकेले और निहत्थे होते जा रहे मनुष्य की पीड़ा को कलाकारों ने दर्शाया। नाटक में मास्टर रघुनाथ, जो व्यवस्थित असफल जिंदगी जी रहे हैं। सब कुछ उनकी योजना और इच्छा के मुताबिक हो रहा है पर अचानक ऐसा घटित होता है। मनुष्यता की तमाम सारी आत्मीयता कोमल अच्छी चीजें टूटने बिखरने और बर्बाद होने लगती है और एक नए युग की वास्तविकता की गाथा सामने आती है। देशज सच्चाइयों, कल्पना, काव्यात्मक झीनी दार्शनिकता के सहमेल ने नाटक को जीवंत किया। संचालन स्वतंत्र सिंह तथा धन्यवाद चैम्बर के सचिव महेंद्र मोदी ने दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. इन्द्र मोहन रोहतगी, विमल झांझरिया, राकेश अग्रवाल, आदि सदस्य अपने परिवारजन संग उपस्थित थे।

मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश में नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

नाटक में मौजूद दर्शक। अमृत विचार

दक्षिण के 40 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। दक्षिण जोन में भी दरोगाओं के तबादले किए गए। डीसीपी दक्षिण ने चालीस दरोगाओं के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर दिया है। नई सूची के मुताबिक जहां थाने में तैनात कई दरोगाओं की चौकी प्रभारी बना दिया गया है। वहीं कई ऐसे दरोगा भी हैं जिनसे चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी वापस लेकर उन्हें थाने में तैनात कर दिया गया है।

डीसीपी दक्षिण रविन्द्र कुमार ने जूही थाने में तैनात दरोगा गौरव कुमार को चौकी प्रभारी बगाही बाबूपुरवा बनाया है। उनके पीआरओ गौरव चौधरी को चौकी प्रभारी मिलेट्री कैंप बनाया गया है। साढ़ थाने में तैनात दरोगा आवेक सिंह को बीट प्रभारी जूही, चौकी प्रभारी बसंत विहार रहे छत्रपाल सिंह को चौकी प्रभारी लाल कॉलोनी, जन सुनवाई कार्यालय डीसीपी दक्षिण जोन में तैनात विद्याश्री को चौकी प्रभारी रतनलाल नगर, अशोक कुमार को चौकी प्रभारी नवेली, संदर्भ शेखर को चौकी प्रभारी अर्रा, संदीप शर्मा को चौकी प्रभारी बसंत विहार, जॉनी त्यागी को चौकी प्रभारी हनुमत विहार, नितिन कुमार को यादव मार्केट, जुबैर अहमद को तात्या टोपे नगर, अखिलेश कुमार को चौकी न्यू आजाद नगर, शैलेन्द्र सिंह को सेन पश्चिम पारा, ललित प्रताप को हंसपुरम, बालेन्द्र सिंह को खड़ेसर, जगदीश चंद्र को मंझावन, आशीष कुमार को चौकी प्रभारी कस्बा धाटमपुर बनाया गया है। जयवीर सिंह को पतारा, विवेक चौधरी को चौकी प्रभारी कस्बा साढ़ ,धवल प्रतोष को बीबीपुर, संजीव राजपूत को कोरियां, आशीष कुमार को कुआंखेड़ा, रजनीश कुमार को जाजमऊ भेजा गया।

सार-संक्षेप

पौधे लगाते सपा जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री समेत अन्य सपाई।

पीडीए टीम की सर्वे रिपोर्ट अखिलेश यादव को दी

कानपुर। समाजवादी पार्टी के जिला पदाधिकारियों ने पीड़ीए पौधरोपण अभियान के अंतिम व सातवें दिन पांचों विधानसभा क्षेत्रों में नीम, पीपल व बरगद के पौधे लगाए। वहीं, पीड़ीए के 341 केद्रों के प्रभारियों ने संपर्क के दौरान अपनी आकंलन रिपोर्ट की। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से लोग परेशान है। बेरोजगारी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। महानगर के तीन दर्जन से अधिक वार्डों में जल भराव से सड़के खराब हो गई हैं। नालियां जाम होने से पानी निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिलाध्यक्ष ने पीड़ीए सर्वे रिपोर्ट सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सासंद अखिलेश यादव को भेजी। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, नंदलाल जयसवाल, अयूब आलम, परमवीर सिंह गंभीर, आनंद शुक्ला, महेन्द्र सिंह, सत्यनारायण गहरवार, दिनेश विश्वकर्मा आदि रहे।

सैमसंग स्मार्ट कैफे का उद्घाटन करते मुरारी लाल अग्रवाल।

किफायती कीमत पर खरीदें प्रोडक्ट, पाएं उपहार

कानपुर। मरियमपुर चौराहा सरोजनी नगर में रविवार को पहले सैमसंग स्मार्ट कैफे शोरूम का उद्घाटन समाजसेवी मुरालीलाल अग्रवाल ने कंपनी के जेडएसएम मुकुल मोघे, एएसएम अभित श्रीवास्तव व शोरूम के मलिक श्रीकांत जायसवाल की उपस्थिति में किया। कुशाग्र जायसवाल ने बताया कि कंपनी की ओर से ग्राहकों को और अधिक बेहतर सेवा व सुगमता के लिए शहर के बीचोबीच शोरूम खोला गया है। शोरूम में किफायती कीमत पर आकर्षक उपहार के साथ सैमसंग के कई प्रोडक्ट्स व एसेसरीज जैसे मोबाइल, टैबलेट, लैपटाप, स्मार्ट वॉच उपलब्ध हैं। शोरूम में ग्राहकों को सर्विस सेंटर की भी सुविधा मिलेगी। शोरूम उद्घाटन में मौजूद ग्राहकों ने प्रोडक्ट की प्रशंसा की। आकर्षक ऑफर व उपहार का लाभ लिया। इस मौके पर हर प्रसाद जायसवाल भी मौजूद रहे।

होटल ब्रिज में व्यंजनों पर 20 फीसदी तक छूट

प्रवीण कुमार।

कानपुर। जीटी रोड स्थित होटल ब्रिज में 12 जुलाई तक ऑर्डर किए गए व्यंजनों पर 20 फीसदी तक की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट फूड ऑफ स्पाइस ड्रिंक एंड फूड रेस्टोरेंट में मिलेगी। रेस्टोरेंट की रीओपनिंग पर संचालकों की ओर से यह ऐलान किया गया है। इस रेस्टोरेंट में आने वाले ग्राहकों को विशेष व नई साज सज्जा का अहसास मिल रहा है। रीओपनिंग के दौरान संचालक प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया होटल के रेस्टोरेंट में ग्राहकों को 12 जुलाई तक किसी भी प्रकार के खाने-पीने के ऑर्डर पर छूट मान्य होगी। पूर्णतया वातानुकूलित और आधुनिक सजावट वाले इस रेस्टोरेंट में कोई भी ग्राहक पारिवारिक कार्यक्रम जैसे किटी पार्टी, बर्थडे पार्टी, एनिवर्सरी पार्टी, रिंग सेरेमनी पार्टी व व्यापारिक कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर सकता है।

वृद्धाश्रम में भोज कराते रोटेरियन। अमृत विचार

रोटरी गौरव ने वृद्धाश्रम में कराया भोजन

कानपुर। रोटरी क्लब ऑफ कानपुर गौरव एवं चेरी ब्लॉसम फाउंडेशन के सदस्य रविवार को अक्षयपात्र प्रोजेक्ट के तहत क्लब के सदस्य दामोदर नगर स्थित वृद्धाश्रम में सीनियर सिटीजन से मिले और उनसे वार्ता की। भोजन वितरित कर साथ में भोजन ग्रहण किया। क्लब के सचिव रोटेरियन जॉय निगम ने बताया कि बहुत से परिवारों में कुछ ऐसी स्थितियां बन जाती हैं, जिससे लोग अपने घर के बुजुर्ग को वृद्ध आश्रम में छोड़ जाते हैं, ऐसे में युवा शक्ति को चाहिए कि वह वृद्धाश्रम आकर बुजुर्गों के साथ समय बिताएं। इस दौरान प्रोजेक्ट की डायरेक्टर लक्ष्मी श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, प्रणव चावला, अंकुर अंशवानी, गौरव अग्रवाल, पारुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

दम-खम | मंडलीय डेड लिफ्ट व बेंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन

पावर लिफ्टिंग में कमल, अनिकेत को स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मंडल डेड लिफ्ट और बेंच प्रेस चैंपियनशिप के दूसरे दिन 59 किग्रा भार वर्ग में कमल शर्मा और 66 किग्रा भार वर्ग में अनिकेत सिंह परिहार ने स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा 74, 83 और 93 किग्रा भार वर्ग व अन्य कैटेगरी में खिलाड़ियों ने दम दिखाया।

कानपुर पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट चैंपियनशिप का आयोजन सेठ मोतीलाल खेड़िया स्कूल विष्णुपुरी में चल रहा है। रविवार को खेल का शुभारंभ उत्तर प्रदेश पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश शुक्ला ने किया। इस मौके पर रजत आदित्य दीक्षित, मनीष मिश्रा, नीरज कुमार, अनिल कुशवाहा, राहुल शुक्ला, विवेक मिश्रा, राजेश दीक्षित, सुधांशु आर्या, अचिंत अग्रवाल, प्रकाश बाजपेई, जिशान अहमद आदि रहे।

पावर लिफ्टिंग में भार उठाता खिलाड़ी। अमृत विचार

सीनियर वर्ग का परिणाम

59 किग्रा में कमल शर्मा को स्वर्ण, कुबेर को रजत, 66 किग्रा में अनिकेत सिंह परिहार स्वर्ण, स्वतंत्र बाथम रजत, अभिषेक शुक्ला को कांस्य, 74 किग्रा में शक्ति सिंह स्वर्ण, रियांशु राज रजत, रविंद्र सिंह चौहान को कांस्य, 83 किग्रा में अभिषेक कटियार स्वर्ण, हिमांशु कटिहार रजत, आदिल साबिर को कांस्य और 93 किग्रा भार वर्ग में सुशील कुमार यादव को स्वर्ण, रवि गुप्ता रजत, हिमांशु निगम को कांस्य पदक मिला।

सबजूनियर वर्ग में

59 किग्रा में आदित्य सिंह स्वर्ण, गगन प्रसाद रजत, आरव कटियार को कांस्य, 66 किग्रा में दिव्या कटियार स्वर्ण, श्रेय सोनकर रजत, तेजश्वी गुप्ता को कांस्य, 74 किग्रा में मोहम्मद अब्दुल्ला मुशीर स्वर्ण, केशव त्रिवेदी रजत, राज को कांस्य, 83 किग्रा में मृदुल अवस्थी स्वर्ण, जगत प्रताप सिंह रजत, अमित शर्मा को कांस्य और 93 किग्रा में अंशुधर शर्मा स्वर्ण, कृष्णा दुबे रजत, अभिषेक को कांस्य मिला।

जूनियर वर्ग में

59 किग्रा में आर्यन सिंह को स्वर्ण, सुमित कुमार रजत, कुबेर को कांस्य, 66 किग्रा में शिवम झा स्वर्ण, अनिकेत सिंह परिहार रजत, चंद्रभान को कांस्य, 74 किग्रा में ऋषि यादव स्वर्ण, आलोक गुप्ता रजत, अनुराधा राय प्रताप सिंह को कांस्य, 83 किग्रा में अभिषेक कटियार स्वर्ण, हिमांशु कटिहार रजत, पुलकित यादव को कांस्य और 93 किग्रा में कृष्ण शर्मा को स्वर्ण, आर्यन सिंह रजत, कृष्ण मोहन यादव को कांस्य पदक मिला।

परिवार सोता रह गया, घर से नकदी जेवर समेत 10 लाख का माल पार

गांव के बाहर जाने वाले रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

संवाददाता, शिवराजपुर

अमृत विचार। क्षेत्र के काकूपुर रब्बन गांव में शनिवार की देररात चोरों ने छत के रास्ते जीने से उतर कर घर के अंदर बंद कमरे का ताला तोड़कर नगदी जेवर सहित लगभग 10 लाख रुपए का सामान ले गए। सुबह जागने पर घर वालों को घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने गहनता के साथ छानबीन करके जांच की है ।

गांव निवासी किसान संजय बाजपेई पुत्र अपने घर में परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार देर रात 12 बजे के करीब सभी लोग सोने चले गये थे। दीवार के सहारे छत पर चढ़े चोरों ने छत से जीने के रास्ते में लगा दरवाजा खुला देखा और नीचे उतरकर आंगन से सटे हुए तालाबंद कमरे में ताला तोड़कर कमरे के अंदर रखी अलमारी का लाकर तोड़ा।

उसके अंदर रखा 2 लाख रुपया नकद व सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। गृह स्वामी ने बताया कि लगभग 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करके घर के बगल में बने पंचायत भवन से सीसीटीवी कैमरे की भी मदद ली है व गांव के बाहर जाने वाले रास्तों में लगे कैमरे भी खंगाल रही है। इसके पहले भी इसी गांव में फौजी शरद मिश्रा के यहां भी बड़ी चोरी हुई थी जिसमें अभी तक चोरों का सुराग नहीं लगा।

थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है जांच चल रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा ।

तोड़ी गई अलमारी को दिखाता गृह स्वामी। अमृत विचार

फायर ब्रिगेड जवान के बंद मकान से लाखों की चोरी

बिधनू। जामू गांव में चोरों ने फायर ब्रिगेड के जवान के ताला बंद मकान को निशाना बनाया। चोर मुख्य गेट से लेकर अंदर के कमरों के तालों को तोड़कर नकदी समेत पांच लाख का माल समेट ले गए। शनिवार रात पड़ोस में रहने वाले बड़े भाई ने मुख्य गेट का ताला टूटा देखा तो घटना की जानकारी सिपाही को दी। जामू गांव निवासी सुरेश सिंह परिहार औरैया स्थित फायर ब्रिगेड स्टेशन में सिपाही पद पर तैनात है। वहीं उनके संग पत्नी बीना और बेटी मुस्कान रहती है। सुरेश ने बताया 9 दिसंबर 2023 को बड़े बेटे की शादी हुई थी। जिसका सामान घर पर ही रखा था। 5 जुलाई की रात चोर मुख्य गेट समेत 6 कमरों के ताले तोडक़र अंदर घुसे। चोरों ने बहू के कमरे की अलमारी का लाकर तोड़कर 30 हजार नकद समेत 2 लाख का जेवर समेट लिया। इसके बाद उनके कमरे में रखी अलमारी का लाकर तोड़कर 3 किलो चांदी समेत 3 लाख का समान चोरी कर ले गए।

ग्रामीणों ने चोर पकड़े पुलिस ने छोड़ दिया

जामू गांव में बीते एक माह कई चोरियां हुई। ग्रामीण देवेंद्र तिवारी ने बताया कि 8 जून की रात उनके खेत से 10 हार्सपॉवर का इंजन चोरी हो गया था। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने गांव के दो लोगों को पकड़ भी लिया। इसके बाद भी उन्हें बिना कर्रवाई के छोड़ दिया गया। इसी तरह हरिप्रकाश तिवारी ने बताया कि उसी रात उनके खेत से इंजन चोरी हो गया। जानकारी होने पर पुलिस को रमईपुर के एक कबाड़ी समेत गांव के 4 लोगो के नाम बताए। पुलिस ने चोरों को पकड़ने के कुछ देर बाद छोड़ दिया। इसी प्रकार सिपाही सुरेश ने बताया कि उनके दोनों बड़े भाइयों के पांच मोबाइल चुरा ले गए। पुलिस ने गांव के ही चोरों को पकड़कर मोबाइल बरामद कर लिए। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई किये बिना उन्हें छोड़ दिया।

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर से ठगी

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर को साइबर ठगों ने ठग लिया। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्वरूप नगर थानाक्षेत्र के जेके टाइप 4 मेडिकल कॉलेज निवासी मनोरोग विशेषज्ञ डॉ धनंजय चौधरी ने एफआईआर में बताया कि 30 जून को शाम पांच बजे एक एसएमएस आया जिसमें एसबीआई रिवार्ड प्वाइंट्स एक्सपायर्ड होने की सूचना के साथ एक लिंक प्राप्त हुआ। 1 जुलाई को शाम लिंक पर चेक करने के लिए क्लिक करने पर धोखाधड़ी से लेनदेन हो गया। उनके खाते से 50 हजार रुपये निकल गए। इस संबंध में स्वरूप नगर इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि डॉक्टर से 50 हजार की ठगी हुई है।

पटरी पार करते वक्त ट्रेन की चपेट में आने से फैक्ट्री कर्मी की गई जान

संवाददाता, चौबेपुर

- भवानीपुर गांव के सामने रविवार शाम हुआ हादसा

अमृत विचार। क्षेत्र के भवानीपुर गांव के सामने रेलवे क्रॉसिंग के निकट शनिवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से फैक्ट्री कर्मी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शिनाख्त के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया ।

ललपुरा हमीरपुर निवासी सिद्ध गोपाल केवट (48) भवानीपुर गांव स्थित एक धागा फैक्ट्री में काम करता था। वह पत्नी व दो बच्चों के साथ मंधना में एक किराये पर कमरा लेकर रह रहा था। बताया गया है कि बीते दिनों हुई तेज बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाने से फैक्ट्री में विगत दो दिनों से बंद थी। रविवार शाम पप्पू फैक्ट्री चालू होने के बाबत जानकारी के लिए भवानीपुर गांव गया था। जहां से वापसी के दौरान करीब 4 बजे गांव के सामने ही क्रॉसिंग के समीप रेलवे लाइन पार करने के दौरान वह कानपुर से फर्रुखाबाद जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के भाई ने शव की शिनाख्त की। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आसपास मौजूद ग्रामीणों के मुताबिक फैक्ट्री कर्मी की मौत रेलवे लाइन क्रॉस करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से हुई है।

मालगाड़ी से कट कर अज्ञात वृद्ध की मौत

बिधनू। सेन पश्चिम पारा कोरियां चौकी क्षेत्र के सनिगवां गांव के पास शनिवार रात भाऊपुर रेलवे लाइन पर मालगाड़ी से टकराकर एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। रेलवे पटरी किनारे शव पड़ा देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी। अभी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि बुजुर्ग ने नीली पैंट, नीली टीशर्ट और ऊपर से स्लेटी शर्ट पहन रखी थी।

ट्रक से टकराई बाइक, एक की मौत

संवाददाता,सजेती

- साथी को गंभीर हालत में हैलट अस्पताल रेफर किया

अमृत विचार। सजेती थाना क्षेत्र के कैथा चौराहा में सड़क पार कर रहे युवक को बचाने के चक्कर में बाइक सवार वहां से गुजर रहे ट्रक से टकरा गए। इनमें से एक की मौत हो गई जबकि दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की और घायल को अस्पताल भिजवाया।जानकारी के मुताबिक ग्राम बंथरा थाना जहानाबाद फतेहपुर निवासी मृतक शिव सिंह उर्फ दीपू यादव (27) अपने दोस्त अशोक कुमार यादव के साथ बाइक से कैथा जा रहे थे। बाइक शिव चला रहा था। चौराहे पर एक युवक सड़क पार करने लगा। उसको बचाने में बाइक अनियंत्रित हो गई और वहां से निकल रहे तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई। दोनों गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने शिव सिंह उर्फ दीपू को मृत घोषित कर दिया। साथी अशोक कुमार यादव की हालत भी बेहद नाजुक बताई गई है। चिकित्सकों ने उसे हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

चैंपियनशिप के लिए निशानेबाज रवाना

कानपुर। यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए शहर के 21 निशानेबाज रविवार को नई दिल्ली रवाना हो गए। नई दिल्ली में स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 8 से 14 जुलाई तक होगी। प्रतियोगिता डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में होगी। द परफेक्ट एकेडमी के प्रमुख अमर निगम ने बताया कि स्टेट चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन प्री नेशनल चैंपियनशिप के लिए होगा। शहर से रवाना हुए खिलाड़ी अमर निगम, अविरल निगम, नंदिनी निगम, तनिष्क श्रीवास्तव, केशव सोनी, श्रद्धा शर्मा, दर्श चौहान, मोहन मुरारी, हर्षित सिंह, रोहन कुमार, रुद्र प्रताप सिंह, ओम गुप्ता, सुनील दुबे, अनन्या सिंह, धत्रे शैलेश, शाहनूर रहमान, शिवम शर्मा, आयुष नागर, यशार्थ विक्रम, शिवांग मिश्रा एवं अनुराग चौरसिया है।

अमरनाथ यात्रियों का जत्था रवाना

संवाददाता,बिठूर

अमृत विचार। बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शन के लिए मंधना कस्बे से रविवार की शाम दर्शनार्थियों का जाता बस से रवाना हुआ। जय बाबा अमरनाथ बर्फानी भूखे को अन्न प्यासे को पानी के जयकारों के साथ करीब 40 श्रद्धालुओं का जत्था बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए रवाना हो गया। रविवार की देर शाम मंधना कस्बे से रवाना हुआ जत्था हरिद्वार ऋषिकेश स्वर्ण मंदिर बाघा बॉर्डर के साथ मां वैष्णो देवी के दर्शन और अमरनाथ की पवित्र गुफा तक दर्शन के लिए निकाला जत्था करीब 15 दिन भ्रमण करने के बाद वापस आएगा। दर्शनार्थियों को रायबरेली जिले के महालक्ष्मी ट्रैवल्स की लग्जरी एयर सस्पेंशन बस के द्वारा रवाना किया गया। यात्रा के मुख्य आयोजक करन मिश्र 20वीं बार इस यात्रा का आयोजन कर रहे है। जिनके साथ गुल्लू तिवारी, बउवा तिवारी, राहुल त्रिपाठी आदि श्रद्धालु यात्रा पर गए हैं। इस मौके पर क्षेत्रीय लोगों ने दर्शनार्थियों का स्वागत करते हुए उनकी यात्रा के लिए मंगल कामना की। यात्रा की बस को सपा नेता हरिओम पांडे, सुमंत तिवारी, अन्नू मिश्र ने रवाना किया।

श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देकर रवाना किया गया । अमृत विचार

टॉस्क के नाम पर दो लाख का फ्रॉड

कानपुर। टुकनियापुरवा चौराहा निवासी श्वेता सिंह ने पुलिस को बताया कि 3 मार्च को पार्ट टाइम जॉब के लिए उनके व्हाट्सएप पर मैसेज आया। जिस पर उन्होंने टेलीग्राम में ज्वाइन करवाया गया। रजिस्ट्रेशन के नाम पर दिए हुए वेबसाइट लिंक के जरिए 100 रुपये का रिचार्ज करवाया। फिर उन्होंने कई टॉस्क दिए जिसके माध्यम से कई बार ट्रांजेक्शन करवाए। फिर उनके 3 बैंक अकांउट से 2 लाख से ज्यादा के ट्रांजेक्शन हुए। जब पूरा टॉस्क कर लिया तो उन्होने उनके रुपये वापस नहीं किए। अनवरगंज प्रभारी निरीक्षक नीरज ओझा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल से मदद ली जा रही है।

ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे, जेवर किए पार

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। मकनपुर में ज्वैलरी की दुकान में कस्टमर बन कर पहुंचे एक महिला-पुरुष ने दुकान से आभूषण चोरी कर लिए। सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई।

अरौल थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी निवासी हाजी वासिफ जाफरी की गांव में ही ज्वैलरी की दुकान है। शनिवार को एक महिला व पुरुष शनिवार को उनकी दुकान में कस्टमर बनकर पहुंचे और ज्वैलरी दिखाने की बात करने लगे। जिस पर उन्होंने उन्हें ज्वैलरी दिखाई। उसी दौरान उन लोगों ने एक जोड़ी बाला, झाला और सुई धागा सहित 3 आइटम चोरी कर लिए और बिना कुछ खरीद किए ही दुकान से चले गए। दुकानदार को बाद में सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टप्पेबाज महिला व पुरुष की पहचान कराने के प्रयास शुरू किए।

सीसीटीवी में दिखे टप्पेबाज।

संदिग्ध हालात में फांसी लगाई

कानपुर। महाराजपुर थानाक्षेत्र के गांव खुजाऊपुर गांव निवासी 30 वर्षीय चांदपाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने मामले की जांच कर थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी। परिजन घटना के पीछे का कारण नहीं बता सके है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

ककवन ब्लाक में वर्षों से नहीं स्थायी बीडीओ

संवाददाता,बिल्हौर

- बिल्हौर एडीओ पंचायत के पास ककवन का प्रभार

अमृत विचार। कानपुर जनपद के सबसे पिछड़े विकासखंड को स्थायी बीडीओ नहीं मिल पा रहा है। तमाम अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग के चलते आपका ककवन ब्लॉक एक बार फिर अतिरिक्त प्रभार के तौर पर संचालित हो रहा है। कई जिम्मेदार अधिकारियों के न होने पर ब्लॉक के तमाम विकास कार्य भी बाधित हो रहे हैं लेकिन जिले के अधिकारी ब्लॉक में कर्मचारियों की तैनाती नहीं कर रहे हैं। माना जा रहा है कि मनमर्जी की ट्रांसफर पोस्टिंग के चलते कानपुर शहर से लगभग 70 किलोमीटर दूर ककवन ब्लॉक में कोई कर्मचारी नहीं आना चाहता है। जिसके लिए बड़े-बड़े अधिकारियों के पास अपनी जुगाड़ लगाकर वह ककवन ब्लॉक में तैनाती की जगह अन्य ब्लॉक को चुनता है। जिसकी वजह से लगातार आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बीते दिनों एडीओ पंचायत राजवीर कटियार के ट्रांसफर के बाद एडीओ पंचायत का कार्यभार बिल्हौर एडीओ पंचायत के पास है। जिसके चलते बड़े ब्लॉक से फुर्सत ना मिल पाने के कारण का ककवन ब्लॉक में उनकी उपस्थिति नहीं हो पाती है।

एचएएल कर्मी ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता,पतारा

अमृत विचार। घाटमपुर थानाक्षेत्र में एचएएल कर्मी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़ा। जहां शव फंदे पर लटक रहा था। घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाने के लिए मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया।

पतारा चौकी क्षेत्र के तिलसड़ा धौकलपुर गांव निवासी 50 वर्षीय शिवकुमार उर्फ़ पप्पू एचएएल में कार्यरत थे। उनके दो बेटे अभिषेक और आदित्य शहर में रहते थे। वहीं पत्नी मीना कुछ वर्षों से अपने मायके में रहती हैं। शिवकुमार छुट्टी के दिन गांव धौकलपुर आया करते थे। इस दौरान रविवार को शिवकुमार गांव पहुंचे और घर के अंदर बने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद करते हुए अंगोछे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। जब काफी देर तक शिवकुमार कमरे में बाहर नहीं निकले तो परिवारीजनों ने खिड़की से कमरे में झांककर देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। सूचना पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ते हुए जांच शुरू की। घटना के बाद फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए।

- मौके पर पहुंची पुलिस और फारेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

एचएएल कर्मी की मौत पर रोते परिजन। अमृत विचार

पाखंडी न बुझा पाएंगे संतों का ज्योति पुंज

कानपुर। संत स्वामी भास्करानन्द सरस्वती के 125 वें महासमाधि पर्व पर उनके उपदेश, लेखन, धर्म और अध्यात्म को व्यापक रूप से प्रचारित और प्रसारित करने का संकल्प लिया गया। स्वामी जी मैथा गांव में जन्मे थे और संन्यास के बाद भी कानपुर आगमन हुआ। कानपुर इतिहास समिति के महासचिव अनूप शुक्ला ने स्वामी भास्करानन्द सरस्वती से जुड़े कानपुर में उनके जन्म व यात्रा वृतांत को लिपिबद्ध करने की जिम्मेवारी ली। अशोक पॉलिटिकल लाइब्रेरी में आयोजित महासमाधि पर्व में वक्ताओं ने कहा कि ज्ञान, धर्म, अध्यात्म की ज्योति पुंज देश में अनवरत प्रकाशित होती रहेगी।

वन महोत्सव | सभी ने राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना का पैगाम दिया

सभी धर्मों के लोगों ने किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कुल हिंद जमीअतुल अवाम एवं अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा ने संयुक्त रुप से पर्यावरण जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान में किदवई नगर स्थित ओम वाटिका पार्क में 21 पौधे लगाये गये। सभी धर्म के लोगों ने शिरकत करके राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना का पैगाम दिया।

कुल हिंद जमीअतुल अवाम के महामंत्री महबूब आलम खान ने बताया कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई धर्म के लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। पंडित राजेश मिश्रा ने संदेश दिया कि यदि हम पर्यावरण को लेकर जागरुक नहीं हुए तो हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य खराब हो सकता है।

कार्यक्रम में सर्वधर्म महासभा के राष्ट्रीय महासचिव सरदार राजेंद्र सिंह नीटा ने कहा कि पर्यावरण को लेकर दुनियाभर के वैज्ञानिकों ने अलर्ट जारी किया है। अपने मुल्क को पर्यावरण से बचाने के लिए हम सबको परिवार के साथ आगे आना होगा ताकि अपने बच्चों को जीवनदान दे सकें। संस्था के उपाध्यक्ष कारी आरिफ रजा खान कादरी ने कहा कि पौधे लगाना सदका (दान) करने के बराबर है। इस मौके पर अजय बख्शी, मनोज सोलोमन, महताब आलम,अनवर उल हक, शानू , हसीन अहमद,सरदार सहज प्रीत सिंह,गोविंद, फैजल नबी आदि थे।

किदवई नगर स्थित ओम वाटिका में पौधरोपण करते जमीअत अवाम, सर्वधर्म महासभा के लोग। अमृत विचार

क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने के नाम पर उड़ा दिए 35 हजार

कानपुर। साइबर ठग ने चकेरी के विमान नगर निवासी शरद कुमार को फोन कर क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने का झांसा दिया। फिर कार्ड की जानकारी लेकर उससे 35 हजार रुपये उड़ा दिए।

पीड़ित ने चकेरी थाने में मामले की शिकायत की है। शरद कुमार के अनुसार कुछ दिनों पहले उन्होंने उन्होंने क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया था। शुक्रवार को उनके पास कार्ड आया। फिर शनिवार को उनके पास एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक कर्मी बताते हुए कार्ड को एक्टिव कराने के लिए कहा। जिस पर शरद आरोपी के झांसे में आ गए। फिर आरोपी ने उनसे कार्ड की जानकारी मांगी, जो उन्होंने उसे बता दी। इसके बाद दूसरी तरफ से फोन काट दिया गया। कुछ देर के बाद उनके पास कार्ड से 35 हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज आया। तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking) ई-नीलामी
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेंट मैरी स्कूल के पास, बांदा, उत्तर प्रदेश – 210001
अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/ प्रभारित है, का सांकेतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती–इलाहाबाद बैंक) अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेंट मैरी स्कूल के पास, बांदा, उ. प्र. – 210001 शाखा द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित सम्बंधित ऋणियों एवं प्रत्याभूति दाताओं से बकाया धनराशि की वसूली हेतु दिनांक 24.07.2024 को बेचा जायेगा। विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

क्र. सं.	ऋणी/शाखा का नाम	सम्पत्ति मालिक/ बन्धककर्ता का नाम	बैंक की दावा राशि	सम्पत्ति का विवरण	रिजर्व प्राइस धरोहर धनराशि
1.	**ऋणी एवं बंधककर्ता:** मेसर्स नागेंद्र इंफ्रास्ट्रक्चर, **पता:** बघवा, कबरई, महोबा – 210421 **प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता:** श्रीमती किरन त्रिपाठी पत्नी संजय त्रिपाठी, **निवासी:** भगत सिंह नगर, कबरई, महोबा	**श्रीमती किरन त्रिपाठी पत्नी संजय त्रिपाठी, निवासी: भगत सिंह नगर, कबरई, महोबा**	बकाया धनराशि रू. 74,18,747.00 तिथि 19.12.2023 को तथा ब्याज एवं लागत शुल्क तथा खर्च वसूली की तिथि से 20.12.2023	संपत्ति के सभी भाग जो आराजी संख्या 92, मौजा–बघवा कबरई, तहसील एवं जिला महोबा में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल: 10800 वर्ग मीटर और जो श्रीमती किरन त्रिपाठी पत्नी संजय त्रिपाठी के नाम है। चौहद्दी: पूर्व: गाटा संख्या 94, पश्चिम: चक रोड़, उत्तर: चक रोड़, दक्षिण: गाटा संख्या 93, सम्पत्ति आईडी सं.: IDIB30079100603	रू. 91,93,000 लाख रू. 9,19,500 लाख बैंक को ज्ञात भार का विवरण —

ई.एम.डी. राशि के साथ प्रोसेस कम्लायंस फार्म जमा करने की अंतिम तारीख व समय – 22.07.2024 सुबह 11 बजे तक एवं नीलामी की तारीख व समय – 24.07.2024, प्रात: 10.00 बजे से 4.00 बजे तक आसीमित विस्तार के साथ, बोली वृद्धि राशि रू. 10000/–

विस्तृत विवरण एवं शर्तो के लिए सम्पर्क करें:–
अनुराग सक्सेना (प्राधिकृत अधिकारी)
मो. सं. 9897785008
ई–मेल zohamirpur@indianbank.co.in

विस्तृत विवरण एवं शर्तो के लिए कृपया विजिट करें
1. www.indianbank.co.in
2. https://www.ibapi.in
3. https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi

बोलीकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाइन बोली मे भाग लेने के लिए हमारे ई–आक्सन सर्विस प्रोवाइडर MSTC लि. की बेवसाइट www.mstcecommerce.com पर विजिट करें। तकनीकी सहायता के लिए कृपया MSTC हेल्पडेस्क नं. 033–22901004 पर कॉल करे और अन्य हेल्प लाइन नं. सर्विस प्रोवाइडर के हेल्पडेस्क मे उपलब्ध है। MSTC लि. के साथ रजिस्ट्रेशन स्थित देखने के लिए कृपया ibapiop@mstcecommerce.com पर विजिट करें और EMD की स्थित देखने के लिए ibapifin@mstcecommerce.com. पर विजिट करें। सम्पत्ति के विवरण, फोटोग्राफ और विक्रय के नियम व शर्ते के लिए कृपया visit: https://ibapi.in पर विजिट करें और पोर्टल से सम्बध्ति स्पष्टीकरण के लिए कृपया हेल्पलाइन नं. 18001025026 एवं 011–41106131 पर सम्पर्क करें।

कारपोरेट ऑफिस: अव्वई शनमुगम सलई रॉयलपट्टाह चेन्नई – 600014

दिनांक : 08.07.2024 स्थान : महोबा प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक

न सरल-न कठिन, मध्यम रहा सीटीईटी

61 केंद्रों पर 30 हजार अभ्यर्थियों ने दिया टेस्ट, सीबीएसई जारी करेगा आंसर की और रिस्पॉन्स शीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीबीएसई के तत्वावधान में सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीटीईटी) का आयोजन दो शिफ्ट में करवाया गया। परीक्षार्थियों की माने तो पर्चा न सरल, न कठिन था। प्रश्न मध्यम स्तर के थे। आंसर की और रिस्पांस शीट सीबीएसई जारी करेगा।

शहर के 61 परीक्षा केंद्रों पर करीब 30 हजार परीक्षार्थियों ने सीटीईटी में भागीदारी दर्ज कराई। यह जानकारी देते हुए एनटीए के समन्वयक बलविंदर सिंह ने बताया कि पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक संपन्न हो गई है एवं दूसरी शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न करवाई गई। अब सीबीएससी की ओर से कुछ दिन बाद आंसर की एवं रिस्पॉन्स शीट जारी कर दी जाएगी। इसके बाद अभ्यर्थी अपने प्रश्न उत्तरों का मिलान कर सकेंगे और किसी उत्तर से संतुष्ट न होने पर उस पर ऑब्जेक्शन भी दर्ज कर सकेंगे। केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में क्वालीफाई होने के लिए सामान्य श्रेणी को न्यूनतम 60 फीसदी अंक एवं एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग को 55 फीसदी अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। **दुकान बनी लॉकर, मारामारी:** परीक्षा केंद्र गुलमोहर पब्लिक स्कूल के निकट दुकान पर भीड़ रही, बैग वापस लेने में मारामारी रही। परीक्षा छूटने के आधा घंटा बाद भी भीड़ कम नहीं हो रही थी।

परीक्षा केंद्र से सीटीईटी देकर निकले परीक्षार्थी। अमृत विचार

यह बोले परीक्षार्थी

इस परीक्षा में माइनस मार्किंग का प्रावधान नहीं है। ऐसे में किसी भी प्रश्न को रिक्त नहीं छोड़ा और सभी प्रश्नों के उत्तर दिए हैं।
– आकांक्षा तिवारी, कानपुर

सवाल न तो ज्यादा कठिन पूछे गए और न ही ज्यादा सरल थे। सवाल मध्यम स्तर के थे यदि किसी ने अच्छी तैयारी की है तो सफल होगा।
– अपूर्वा प्रजापति, फर्रुखाबाद

बीएड की तुलना में सीटीईटी का क्रेज अधिक है, बीएड की जो स्थिति चल रही है उसकी तुलना में इसकी स्थिति ज्यादा अच्छी है। इसकी डिमांड अधिक है।
– दीप्ती सिंह, उन्नाव

पेपर -1 प्राथमिक शिक्षा के लिए एवं पेपर-2 जूनियर के लिए था। दोनों में 150-150 प्रश्न पूछे गए। जिनकी तैयारी ठीक थी, उनका पेपर अच्छा हुआ है।
– आशी त्रिपाठी, कानपुर

चौरीचौरा, आगरा इंटरसिटी सहित कई ट्रेनों में परीक्षार्थियों का कब्जा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीटीईटी के बाद दोनों पालियों के परीक्षार्थियों की भीड़ सेंट्रल स्टेशन पर दिखी। शाम पांच बजे के बाद स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों पर परीक्षार्थियों का लोड रहा। चौरीचौरा, आगरा इंटरसिटी और प्रतापगढ़ इंटरसिटी सहित करीब 8-10 ट्रेनों के आरक्षित कोचों में परीक्षार्थियों ने कब्जा कर लिया। दो बार चेन पुलिंग भी हुई। यात्रियों के हो-हल्ला करने पर आरपीएफ ने परीक्षार्थियों को आरक्षित कोचों से नीचे उतारा। इसके बाद ट्रेनों को रवाना किया गया।

सेंट्रल स्टेशन शाम पांच बजे के बाद भीड़ बढ़ने लगी। स्टेशन के हर प्लेटफार्म पर दूर-दूर तक सिर्फ परीक्षार्थी ही नजर आए। परीक्षार्थियों की भीड़ के कारण झांसी इंटरसिटी और प्रतापगढ़ इंटरसिटी में चेनपुलिंग भी की गई। सभी प्लेटफार्म के साथ पैदल पुल और सीढ़ियों पर लाइन से परीक्षार्थी मौजूद रहे। दो से लेकर नौ नंबर प्लेटफार्म पर भीड़ के कारण ठीक से पैदल चलना संभव नहीं था। आरपीएफ के साथ जीआरपी की टीम भी मुस्तैद रही। पुल के ऊपर और पुल के नीचे भी जवान सुरक्षा के लिहाज से तैनात रहे। शाम पांच बजे के बाद परीक्षार्थियों का दूसरी भीड़ करीब पौन घंटे बाद आई। भीड़ के रूप में परीक्षार्थी प्लेटफार्मों पर जाने लगे तो उन्हें आरपीएफ व रेलवे कर्मियों ने रोकना, चाहा मगर तब तक भीड़ निकल गई। प्लेटफार्मों पर पहुंचते ही परीक्षार्थियों ने हो-हल्ला करने के साथ जय श्रीराम के नारे भी लगाए।

सेंट्रल स्टेशन पर छात्र-छात्राओं की भीड़ रही। अमृत विचार

● सीटीईटी छूटते ही सेंट्रल स्टेशन पर जुटी परीक्षार्थियों की भीड़

एक नजर

शिविर में मोतियाबिंद के 21 मरीज चिन्हित

पुखरायां। कस्बा के सुआ बाबा मंदिर परिसर में श्रीओमर वैश्य सेवा समिति की ओर से 110वां निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डॉक्टर रोहन, नीतू रावत, प्रिंसी पांडेय, शैलेंद्र कुमार, राम मोहन ने नेत्र शिविर में आए 81 मरीजों की आंखों की जांच की गई। साथ ही 21 मरीजों को मोतियाबिंद होने के कारण उन्हें ऑपरेशन के लिए कानपुर नगर के चौबेपुर अस्पताल भेजा गया।

भोगनीपुर में ट्रक से टकराकर मोर की मौत

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के भोगनीपुर के समीप एक राष्ट्रीय पक्षी मोर ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के जिला गौरक्षा प्रमुख मनन बजरंगी ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने सड़क पर मृत पड़े मोर को उठाकर एक तरफ रखवाया और जानकारी वन विभाग के कर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे वन कर्मी राष्ट्रीय पक्षी को ले गए और कार्रवाई के बाद शव दफना दिया गया।

कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

रूरा। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के पालनगर निवासी प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार की रात बाइक से अपनी ससुराल शिवराजपुर जा रहे थे। तभी रूरा क्षेत्र के जगनपुर गांव के पास पीपीएन डिग्री कालेज के समीप तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक सवार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी भेजा और तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

डीएफसीसी लाइन पर मिला अज्ञात युवक का शव

मंगलपुर। थाना क्षेत्र के नासरखेडा गांव के सामने डीएफसीसी लाइन पर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस के काफी प्रयास के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।मंगलपुर क्षेत्र के नासरखेड़ा गांव के समीप खंभा नंबर 556/6 के बीच डीएफसीसी की अप रेल पटरी पर एक अज्ञात करीब 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। स्टेशन मास्टर के मेमो की सूचना पर मौके पर पहुंचे झींझक चौकी प्रभारी अनुज अवस्थी ने छानबीन की, मृतक के पास पहचान की कोई वस्तु नहीं मिली।

लगातार 3 दिन गायब ग्राम सचिव होंगे सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● सीडीओ ने सचिवों को क्लस्टर की ग्राम पंचायत में सुबह 10 बजे उपस्थित के दिए निर्देश

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के बाद अफसर अब विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त हो गए हैं। शनिवार को जलिहापुर गौशाला में खामियां व अनियमितता के बाद एक ग्राम विकास अधिकारी के निलंबन के साथ ही सीडीओ ने नियम विरुद्ध कार्य करने वाले सचिवों पर लगाम कसना शुरू कर दिया है।

सीडीओ लक्ष्मी एन।

जनपद के ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी गांवों में नियमति एवं समय से उपस्थित न होने तथा बिना किसी पूर्व सूचना अनुपस्थित रहते हैं। इस कारण ग्रामवासी अपने विभिन्न कार्यों के लिए विकासखंड, तहसील एवं जनपद मुख्यालय की भागदौड़ करते हैं। इसका संज्ञान लेते हुए सीडीओ लक्ष्मी एन. ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सख्त निर्देश दिए हैं कि सचिवों को सुबह 10 बजे क्लस्टर की ग्राम पंचायत में नियमित उपस्थिति जरूरी हो। 10 जुलाई से नियमित उपस्थिति के लिए स्वयं की जियोटैग फोटो प्रतिदिन व्हाट्सएप से डीपीआरओ कार्यालय में दी जाए। यदि किसी भी ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा बिना सूचना, अवकाश के बिना अनुपस्थित रहने पर, समय से जियोटैग फोटो उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तो संबंधित सचिव का वेतन काटा जाएगा। साथ ही लगातार तीन दिनों तक अनुपस्थित रहने की स्थिति में निलंबन करते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

नजीराबाद से नाबालिग का अपहरण, रिपोर्ट

कानपुर। नजीराबाद थाने पहुंचे एक पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग बेटी को इलाके का एक युवक अपहरण करके ले गया है। लोगों से इस बात जानकारी हुई तो युवक के घर पहुंचकर जानकारी ली। आरोप है, कि जिस पर उन लोगों ने गालीगलौज कर भगा दिया। नजीराबाद में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

गोविंद नगर निवासी पीड़ित ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री 2 मई से लापता है। पता चला कि मोहल्ले में रहने वाला सचिन उनकी पुत्री का अपहरण कर कहीं ले गया है। उससे पूछा तो अपने साथियों के साथ मिलकर उसे मारापीटा। इस संबंध में नजीराबाद प्रभारी निरीक्षक अमान सिंह ने बताया कि मामले में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर नाबालिग को बरामद कर लिया गया है।

खंभों में करंट की चपेट में आ चुके एक दर्जन गोवंश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बारिश के मौसम में कब और किस बिजली के खंभे में करंट उतर आए, कुछ नहीं कहा जा सकता। जलभराव के समय बिजली के खंभों में करंट उतरने की तमाम शिकायतें सामने आई हैं। अब तक शहर में खंभों में उतरे करंट की चपेट में एक दर्जन गोवंश आ चुके हैं, लेकिन केस्को सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।

शहर में केस्को के करीब एक लाख बिजली के खंभे लगे हैं, बारिश के मौसम में खंभों में करंट उतरने की संभावना काफी बढ़ जाती है। लेकिन केस्को द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि जून के अंतिम सप्ताह से लेकर अभी तक एक दर्जन गोवंश करंट की चपेट में आ चुके हैं। पीरोड वनखंडेश्वर चौराहा के पास शनिवार रात एक गाय करंट की चपेट में आ गई थी।

लोगों ने केस्को में कॉल करके तत्काल शटडाउन लेने को कहा। कुछ देर बाद जब शटडाउन लिया गया तो क्षेत्रीय लोगों ने गोवंश को हटाकर पशु चिकित्सक से उसका इलाज कराया।

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक बिजली के खंभों के पास जहां कटे व सटे तार थे, उनको ठीक कर लिया गया है। बस कुछ जगह कार्य होना बाकी है। अपील है कि बारिश के मौसम में लोग बिजली के खंभों के सटकर या पास न खड़े हों। बिजली के खंभों से जानवरों को भी नहीं बांधे।

फीडर बिगड़े, खराब हुए आइसोलेटर : शहर में देर रात हुई बारिश के कारण कई क्षेत्रों की बिजली गुल रही। चार नए एचटी पोल लगाने की वजह से थम्सअप और अपट्रॉन फीडर की बिजली रविवार को दोपहर 11 बजे से शाम छह बजे तक गुल रही। आइसोलेटर खराब होने से खास बाजार फीडर, एचटी लाइन पर पेड़ की डाल आने से बीमा चौराहा फीडर, टाट मिल फीडर व आरटीओ फीडर, ट्रॉली में फॉल्ट होने से जंगली देवी फीडर, बाबूपुरवा व हैरिसगंज, गिरधर कोल्ड स्टोरेज, कालपी रोड, दर्शनपुरवा फीडर और सीटी बदलने के कारण इस्पात नगर फीडर में बिजली संकट रहा। भूमिगत केबिल में फॉल्ट होने से मीता सराय उपकेंद्र के जी-27 फीडर, जरीब चौकी फीडर और भूमिगत केबिल जांच के लिए जेके जूट मिल फीडर की आपूर्ति बाधित रही।

द स्पोर्ट हब में आज होगी जनसुनवाई

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के तत्वावधान में कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी लिमिटेड ने सोमवार को जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसमें सकल राजस्व आवश्यकता, टैरिफ और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक प्रदर्शन की स्थिति व वर्ष 2022-23 की याचिका पर बृजेंद्र स्वरूप पार्क स्थित द स्पोर्ट हब में जनसुनवाई होगी।

मनकी संपर्क मार्ग की बह गई पुलिया

संवाददाता मूसानगर

अमृत विचार। शनिवार देर रात हुई झमाझम बारिश से मनकी संपर्क मार्ग की सर्विस रोड पर बनी कच्ची पुलिया बह गई। दूरदराज का पानी इकट्ठा होकर इसी नाले से यमुना नदी में गिरता है। उक्त जगह में बन रहे ऊंची कोठी वाले बड़े पुल निर्माण के कारण आने जाने के लिए साइड से सर्विस रोड बनाया गया था। जिसमें पानी के निकासी के लिए पर्याप्त जगह न होने से बारिश का पानी ओवरफ्लो होने से मिट्टी कट कर बह गई। ऐसे में सैकड़ों लोगों का आवागमन प्रभावित है।

ग्रामीण महेश निषाद, संतोष, रामसनेही, अर्जुन सिंह, शिवपूजन आदि ने बताया कि मनकी संपर्क मार्ग में बन रहे ऊंची कोठी वाले पुल के कारण आने जाने के लिए सर्विस रोड बनाया गया था। उसी में पानी निकासी के लिए कच्ची पुलिया बनाई गई थी, लेकिन पुलिया छोटी होने की वजह से पानी पूरी तरह नहीं निकल पा रहा था और ओवरफ्लो हो जाता था। शनिवार देर रात हुई बारिश से पुलिया की मिट्टी बह गई। जिससे आवागमन प्रभावित हो गया और वाहनों को भी निकालने में समस्या उत्पन्न हो गई है। ऊपर-नीचे ढालदार रास्ते में मिट्टी जमा होने के कारण फिसलन बढ़ गई है। ऐसे में कई दुपहिया वाहन फिसलकर चुटहिल हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि रिवाइन देवी मंदिर से मनकी संपर्क मार्ग में बन रहे ऊंची कोठी वाले पुल निर्माण में देरी के कारण आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मार्ग में 3.60 करोड़ रुपये की लागत से तीन स्पैन वाले ऊंची कोठी पुल का निर्माण एक साल से अधिक से हो रहा है। पुल निर्माण इकाई ने पुरानी पुलिया के आसपास मिट्टी के ढेर लगा दिए हैं। जिससे मिट्टी बारिश के दिनों में नीची पुलिया में आकर जमा हो रही है और फिसलन के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। लोगों ने मांग की है कि जब तक ऊंची कोठी वाले पुल का निर्माण नहीं हो जाता।

मनकी संपर्क मार्ग के सर्विस रोड पर बारिश से बही पुलिया।

● बारिश का पानी ओवरफ्लो होने से मिट्टी का हुआ कटान, लोग परेशान

जीवन बंधन | इस योजना में पहले 15 हजार रुपये का मिलता था लाभ, पात्र कर सकते आवेदन

कन्या सुमंगला में अब मिलेंगे 25 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की सभी छह श्रेणियों में प्राप्त होने वाली कुल धनराशि 15 हजार रुपये को बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 24-25 से 25 हजार रुपये कर किया गया है। उक्त जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने दी है।

उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत प्रथम श्रेणी के लिए बालिका का जन्म होने पर दो हजार रुपये के स्थान पर अब पांच हजार रुपये, द्वितीय श्रेणी बालिका के एक वर्ष तक के पूर्ण टीकाकरण के बाद एक हजार के स्थान पर दो हजार रुपये, तृतीय श्रेणी कक्षा प्रथम में बालिका के प्रवेश के बाद दो हजार की जगह तीन हजार रुपये, चतुर्थ श्रेणी में कक्षा छह में बालिका के प्रवेश के बाद दो हजार के स्थान पर तीन हजार रुपये, पंचम श्रेणी कक्षा नौ में बालिका के प्रवेश के बाद तीन हजार की जगह पांच हजार रुपये व छठवीं श्रेणी की बालिकाएं जिन्होंने कक्षा दस या बारहवीं उत्तीर्ण करके स्नातक या दो वर्षीय कोर्स, अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लिया हो, उन्हें पांच हजार के स्थान पर सात हजार रुपये एक मुश्त दी जाएगी। उन्होंने बताया कि लाभार्थी का परिवार उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए और पारिवारिक वार्षिक आय तीन लाख तक होनी चाहिए। किसी परिवार की अधिकतम दो ही बच्चियों को योजना का लाभ मिल सकेगा। लाभार्थी के परिवार में अधिकतम दो बच्चे हों, यह लाभ किसी महिला को द्वितीय प्रसव से जुड़वा बच्चे होने पर तीसरी संतान के रूप में लड़की को भी अनुमन्य होगा। यदि किसी महिला को पहले प्रसव से बालिका है और वह द्वितीय प्रसव से दो जुड़वा बालिकाएं होती हैं। तो तीनों बालिकाओं को लाभ अनुमन्य होगा। लाभार्थी को कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत देय धनराशि पीएफएमएस प्रणाली से उसके बैंक खाते में सीधे भेजी जाएगी। जनपद का कोई भी पात्र आवेदक योजना के वेब पोर्टल, नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र या जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय कमरा नंबर 105 कलेक्ट्रेट के माध्यम से आवेदन कर सकता है।

जमीन विवाद में हत्या कर जलाया गया था शव

मामले में 150 लोगों से पुलिस ने की पूछताछ, किसान की हत्या में दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा न्योतनी में करीब दो माह पूर्व बाग में झोपड़ी बनाकर रह रहे किसान की हत्या कर शव को साक्ष्य मिटाने की नीयत से झोपड़ी में ही जला दिया गया था। हत्याकांड का खुलासा करना पुलिस के लिए टेडी खीर था। मामले में पुलिस ने करीब 150 लोगों से पूछताछ भी की थी। इसके बाद रविवार को घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बताया कि जमीन के कब्जे को लेकर किसान की हत्या की गई थी।

10 मई को पुलिस को सूचना मिली थी कि कस्बा न्योतनी के बाहर बाग में झोपड़ी बनाकर रह रहे किसान सुशील मौर्य पुत्र स्व. रामपाल की हत्या कर झोपड़ी में ही शव जला दिया गया है। मृतक के भाई ओमकार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या व हत्या कर साक्ष्य मिटाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को पुलिस ने घटना का अनावरण करते हुए बताया कि मृतक के परिजनों व उनके विपक्षी मो. हलीम व उसके भतीजे मो. अब्दुल मुजीब उर्फ गुड्डू व मो. अब्दुल हादी उर्फ़ पप्पू पुत्र स्व.

पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।

मो. अब्दुल हफीज निवासी मोहल्ला गांधीनगर न्योतनी थाना हसनगंज में पुश्तैनी जमीन पर कब्जेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। मृतक के पिता स्व. रामपाल के न्योतनी स्थित कीमती खेत पर मो. हलीम व उसके परिजनों ने कई वर्षों से कब्जा कर रखा था। जिसे लेकर कोर्ट में भी वाद दायर था। अप्रैल माह में ही कोर्ट का फैसला सुशील मौर्य के पक्ष में आया था। क्योंकि जमीन पर मो. अब्दुल मुजीब व मो. अब्दुल हादी के घर वालों का कब्जा था। कुछ समय पूर्व ही सुशील के पिता रामपाल की भी हादसे से मौत हो गई थी। मो. अब्दुल मुजीब व मो. अब्दुल हादी ने सुशील को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और बीती 9 मई की रात जब सुशील अपने आम के बाग में बनी झोपड़ी में सो रहा था। तभी दोनों ने सुशील के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने के लिए शव झोपड़ी में डालकर आग लगा दी थी।

वृद्ध की हत्या के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

फतेहपुर चौरासी। थानाक्षेत्र के गांव जाजामऊ गैर एहतमाली के मजरा मन्ना नगरी निवासी 70 वर्षीय बुधई पुत्र हिरमन गांव से करीब दो किमी दूर गंगा के निकटवर्ती क्षेत्र स्थित खेत में झोपड़ी बनाकर अकेले रहते थे। जहां बीती 28 जून की रात झोपड़ी के बाहर चारपाई पर सोते समय किसी नुकीली चीज से प्रहार कर हत्या कर दी गई थी। उसके बेटे सुनील ने गांव के सुरेश व सतीश सहित चार लोगों पर पिता की हत्या करने की आशंका जताई थी। रविवार को मुखबिर से मिली सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी व अपराध निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने हमराहियों के साथ गांव मन्ना नगरी से परशुराम पुरवा जाने वाले मार्ग पर पुलिया के पास से हत्यारोपी सतीश पुत्र महेश निषाद को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अपराध निरीक्षक ने बताया कि हत्यारोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। हत्या में शामिल अन्य लोग भी जल्द ही पकड़े जाएंगे।

किसान को जिंदा जलाकर मारने के दो आरोपी गिरफ्तार, गए जेल

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

अमृत विचार। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के हसनापुर गांव में जमीनी विवाद में एकराय होकर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा देने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया था। इसके बाद लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में मृतक की बेटी सोनी ने 10 लोगों के विरुद्ध सोहरामऊ थाने में मामला दर्ज कराया था।

बता दें कि हसनापुर गांव में मृतक वीरेंद्र की बेटी सोनी ने सोहरामऊ थाने में सूर्य कुमार सिंह, वैभव सिंह (शिशू) पुत्र सूर्य कुमार सिंह, शुभम सिंह, वीरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ जीतू पुत्र वीरेन्द्र सिंह, रवीन्द्र सिंह (उल्लू), जगदीश सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह, अजय सिंह, विजय सिंह, अरुण सिंह पुत्र जगदीश सिंह द्वारा एक राय होकर जबरदस्ती जमीन पर कब्जा करने और विरोध करने पर उसके पिता पर पेट्रोल डालकर आग लगा देने व आसपास के लोगों के आने पर

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- **किसान को जिंदा जलाने का था आरोप**

जान से मारने की धमकी देते हुए भाग जाने और मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान वीरेंद्र की मौत होने पर पुलिस ने हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसमें प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह द्वारा नामित आरोपी जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू पुत्र वीरेन्द्र सिंह, शुभम उर्फ गौरव सिंह पुत्र सूर्यकुमार सिंह निवासी गांव हसनापुर सोहरामऊ को बनी स्थित सई नदी पुल के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

खड़े ट्रक में पीछे से घुसी बाइक, युवक की मौत साथी घायल

बिछिया उन्नाव। उन्नाव कचहरी से घर लौट रहे विधि छात्र की बाइक पीछे से खड़े ट्रक में घुस गई। इसमें विधि छात्र की मौत हो गई और पीछे बैठा साथी घायल हो गया। जिसे इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बीकामऊ गांव निवासी केशव (26) पुत्र कमलेश यादव पुरवा कोतवाली क्षेत्र के कस्बा दीपक विहार कालोनी निवासी मनोज पुत्र ओमप्रकाश के साथ उन्नाव कचहरी में एक वकील के पास प्रैक्टिस करते थे। शनिवार रात घर लौटते समय पुरवा कोतवाली क्षेत्र के दही-पुरवा मार्ग स्थित 11 मील के पास उसकी बाइक आगे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। इसमें बाइक चला रहे केशव के सिर में अधिक चोटें आ गईं। वहीं मनोज भी चोटहिल हो गया।

राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उन्हें बिछिया सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने केशव को मृत घोषित कर दिया। वहीं मनोज को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को देते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर व पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

60 घंटे बाद भी हत्यारोपी पति पुलिस की पहुंच से दूर

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। 60 घंटे बाद भी अब तक नामित आरोपी को पकड़ने में खाकी फेल साबित हो रही है। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए सम्भावित ठिकानों पर दबिशें दे रही है। पुलिस मृतका, आरोपी युवक व उसके परिजनों की सीडीआर खंगाल रही है। साथ ही आरोपी की लोकेशन भी टेस करने में जुटी है।

बता दें कि कोतवाली पुरवा अंतर्गत नगर क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी हिना का विवाह सन-2014 में मौरावा थानांतर्गत गांव पारा निवासी आसिफ से हुआ

- **4 जुलाई की घटना, पुलिस दे रही है दबिश**

था। उसके दो बच्चों में आकिब (3) और बेटी शिफा (7) है। बीती 4 जुलाई की रात परिवार में आपसी विवाद होने से पत्नी हिना की पति आसिफ ने दुपट्टे से गला दबाकर बच्चों के सामने हत्या कर दी थी और मौके से भाग गया था। मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया था। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि आरोपी की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं। मोबाइल सीडीआर भी निकलवाई जा रही है।

14 अगस्त को निकलेगी तिरंगा यात्रा, बैठक की

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। नर सेवा-नारायण सेवा समिति द्वारा बीते कई वर्षों से 14 अगस्त को निकाली जाने वाली विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को बैठक आयोजित हुई। जिसमें यात्रा को अधिक भव्य बनाने को लेकर चर्चा हुई।

नर सेवा-नारायण सेवा समिति के संस्थापक व अध्यक्ष विमल द्विवेदी के आह्वान पर आगामी 14 अगस्त को निकाली जाने वाली विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक में यात्रा को भव्यता व दिव्यता देने हेतु महा जनसम्पर्क अभियान पर जोर दिया गया। यात्रा संचालन

बैठक करते नर सेवा नारायण सेवा समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

समिति के गठन पर भी चर्चा की गई। यात्रा में अधिक से अधिक राष्ट्रभक्तों की सहभागिता हो इसके लिए आसपास के गावों व बस्तियों में संपर्क कर उन्हें आमंत्रित करने व यात्रा में शामिल होने का आग्रह करने की अपील भी हुई। साथ ही होल्डिंग, बैनर सहित सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किये जाने व यात्रा मार्ग को सजाने पर भी जोर दिया गया। विमल द्विवेदी ने बताया कि बीते कई वर्षों की तरह इस बार भी भव्यता व दिव्यता के साथ विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। जिसकी तैयारियां लगभग डेढ़ माह पूर्व से ही शुरू कर दी गई हैं। जिसमें आमजन के साथ-साथ जिले के पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। इस दौरान प्रबंधक विनय द्विवेदी, जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, निशांत शुक्ला, सुरेश सिंह सेंगर, राकेश राजपूत, राघवेंद्र पांडेय, मनीष मिश्रा, मनीष अवस्थी, धर्मेंद्र शुक्ल, सुनील, विष्णु गुप्ता, आकाश यादव, एके दीक्षित, मनोज शुक्ल, मनीष यादव, सुरेश, अमित सोनी, आलोक शुक्ला, श्रवण कुमार, लकी यादव, अजय द्विवेदी, अनिल सोनी, अनुराग बाजपेई आदि मौजूद रहे।

चोरों ने दो भाइयों के घर में की चोरी

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

अमृत विचार। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सम्भरखेड़ा गांव में देररात चोर एक घर को निशाना बनाते हुए छत के सहारे घर में दाखिल हुए। चोरों ने मुख्य दरवाजे में कुंडी लगाकर दो भाइयों के कमरों में घुसकर बक्शे व आलमारी का ताला काटकर 27 हजार नकद समेत लाखों के जेवर पार कर दिये। सुबह जब परिजनों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है। पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी है।

बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सम्भरखेड़ा गांव निवासी महेंद्र साहू व भाई विमलेश साहू पुत्र रामपाल का पुस्तैनी घर गांव के अंदर बना है। जिसमें गृहस्थी का सारा सामान रखा था। दोनों भाई गांव के बाहर नया घर बनाकर

चोरी के बाद घर में फैला सामान।

गांव के बाहर फेंका गया बक्शा।

परिवार के साथ रहते हैं। देररात बारिश होने पर दोनों भाई परिवार के साथ पुराने घर के बाहर बरामदे में परिवार के साथ सो रहे थे। देररात चोर मौका पाकर छत के सहारे घर के अंदर घुसे और मुख्य दरवाजे में अंदर से कुंडी लगाकर दोनों भाईयों के कमरे में रखी आलमारी व बक्शे का ताला तोड़कर उसमें रखे 2 हार, मांगबेंदी, मंगलसूत्र, पायल, झुमकी, हाफ पेटी सहित 27 हजार नगद पार कर दिये। सुबह जब परिजन सोकर उठे तो घर का मुख्य दरवाजा खोलना चाहा तो दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद वे पड़ोसी की छत से घर में गए तो देखा कि वहां सारा सामान बिखरा पड़ा था। यह देख वे दंग रह गए। चोरों द्वारा फेंका गया एक बक्शा गांव के बाहर ग्रामीणों को मिला है। जिसमे कपड़े बिखरे पड़े थे। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

विद्यालयों की सूची सार्वजनिक करने की मांग

उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय कनौजिया ने आरोप लगाया है कि अंत जिला स्थानांतरण/समायोजन के लिए विद्यालयों में मानक से अधिक शिक्षक तैनात होने वाले स्कूलों की सूची सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने दावा किया कि शिक्षक-शिक्षिकाओं से लगातार ऐसी शिकायती मिल रही है, जिससे जानकारी के अभाव में शिक्षक-शिक्षिकाएं आपत्तियां नहीं प्रस्तुत कर सकेंगे। इससे विभागीय अधिकारी मनमाने ढंग से तैयार सूची के आधार पर शिक्षकों को स्थानांतरित करा देंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों सहित बीईओ कार्यालय पर विद्यालयों की सूची चस्पा करने के बाद ही इस सिलसिले में जारी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जानी चाहिए।

गुप्त नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की हुई आराधना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। आषाढ़ मास के गुप्त नवरात्र के दूसरे दिन प्रसिद्ध कल्याणी देवी, दुर्गा देवी व अन्नपूर्णा देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की आराधना कर सुख-समृद्धि मांगी।

बता दें कि आषाढ महीने में मां दुर्गा के 9 रूपों के साथ 10 महा विद्याओं की आराधना का भी बड़ा महत्व हैं। यह माना जाता है कि इस नवरात्र में मां और महा विद्याओं की पूजा करने से कई सिद्धियां भक्तों को प्राप्त होती हैं। मंदिर में सुबह से ही भक्त मां के दर्शनों के लिए पहुंचने लगे थे। कुछ मंदिरो में भीड़ अधिक होने पर लाइन लगाकर भक्तों को दर्शन करने पड़े। शहर के आसपास स्थित देवी मंदिरों में माता के जयकारों से परिसर गुंजायमान होते

मंदिर में विराजमान देवी मां।

रहे। इसके अलावा लाउडस्पीकरों पर बजते भजनों से वातावरण भक्तिमय होता रहा। भक्तों ने माता रानी को चुनरी, फल-फूल, रोली, सिंदूर व लड्डू मिठाई आदि चढ़ाकर प्रसन्न किया। या देवी सर्वभूतेषु देवी रुपेण संस्थिता से मंदिर परिसर गूंजते रहे। भक्त माता के जयकारे लगाते रहे। देर शाम मन्दिरों में महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। सुबह से शाम तक मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही।

मौसम की मार | शनिवार रात 8 बजे के बाद बारिश होने का सिलसिला शुरू हुआ, जो रात 2 बजे तक रुक-रुककर जारी रहा

घंटों हुई बारिश, गलियों और घरों में भर गया पानी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बीती रात करीब साढ़े आठ बजे से शुरू हुई बारिश रुक-रुककर आधी रात तक जारी रही। इससे सड़कों सहित गलियों में जहां जलभराव हो गया। वहीं रास्तों से नीचे बने पुराने मकानों में पानी भर गया। इससे शहरवासी नगर प्रशासन को कोसने को मजबूर रहे।

शनिवार को लगभग पूरे दिन आसमान पर बादल बने रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। रात आठ बजे के बाद बारिश होने का सिलसिला शुरू हुआ, जो रात दो बजे तक रुक-रुककर जारी रहा। घंटों हुई बारिश से आईबीपी चौराहा, सदर बाजार, छोटा चौराहा सहित अन्य कई स्थानों पर मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया। इसी तरह तमाम मोहल्लों की अधिकांश गलियां भी बारिश के पानी से लबालब बनी

मोतीनगर स्थित सब्जी मंडी परिसर में भरा पानी। अमृत विचार

रहीं। पुराने लखनऊ-कानपुर मार्ग सहित कब्बाखेड़ा रोड, आईबीपी चौराहा से हुसैननगर चौराहा रोड आदि सड़कों के गड्ढ़ों में पानी भरने से राहगीरों सहित वाहन सवारों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। बारिश का पानी जहां रामलीला मैदान (साकेतधाम) में भर गया। वहीं मोतीनगर में हरदोई ओवरब्रिज के नीचे सब्जी मंडी मैदान में रविवार को दोपहर बाद तक पानी भरा रहा। इसी तरह कई कार्यालय परिसरों में पानी भरा होने के बावजूद रविवारीय अवकाश के चलते लोगों को परेशान नहीं होना पड़ा।

शहर में संचालित कई परिषदीय विद्यालयों के मैदानों में भी बारिश का पानी भरा रहा। बार-बार क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण कराए जाने से शहर के पुराने मोहल्लों में बड़ी संख्या में रास्तों के अपेक्षा मकान नीचे हो गए हैं। ऐसे मकानों में रास्तों में पानी भरते ही घर जलमग्न होने लगते हैं। बीती रात देर तक बारिश होने के बाद गलियों में जलभराव होते ही कुछ मोहल्लों के घरों में बारिश का पानी भरना शुरू हो गया। इससे लोगों को पानी उलीचने को मजबूर होना पड़ा। जलनिकासी का उचित प्रबंधन न कराए जाने को लेकर नगरवासी नगर प्रशासन को कोसते रहे।

झमाझम बारिश के बाद निचले इलाकों में भीषण जलभराव

शुक्लागंज उन्नाव। शनिवार सुबह से रविवार भोर पहर तक हुई झमाझम बारिश के कारण पालिका क्षेत्र के निचले इलकों में घुटने का तक भर गया। बारिश बंद होने के बाद भी मोहल्ले में जलभराव होने से लोग अपने घरों में कैद रहने को मजबूर हुये। वहीं आने जाने वाले लोग मजबूरन गंदे पानी से होकर निकले। दो दिनों हुई बारिश के कारण पालिका क्षेत्र के अधिकांश गली मोहल्लों में भीषण जलभराव हो गया। जिससे यहां के रहने वाले लोगों के घरों तक पानी घुस गया। रात में लोग घरों से पानी निकालते नजर आये। इसके साथ ही बारिश से सर्वोदय नगर, कृष्णा नगर, कंचन नगर, आदर्श नगर मोहल्ले पूरी तरह जलमग्न हो गये और घरों के अंदर तक गंदा सीवर का पानी तक भर गया। गांधी नगर, पोनी रोड, नेहरू नगर, साकेत पुरी, अंबिका पुरम के अलावा ग्रामीण क्षेत्र पीपरखेड़ा, श्रीनगर, ब्रम्ह नगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा, राम नगर समेत तमाम जगहों पर भीषण जलभराव हो गया। वहीं पालिका क्षेत्र के कृष्णा नगर और कंचन नगर बी में भीषण जलभराव होने के कारण गलियों में घुटने तक पानी भरा रहा। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

अनुपस्थित मिले 2 सहायक शिक्षक सहित 9 कार्मिक, रोका वेतन

उन्नाव। बीएसए संगीता सिंह ने शनिवार को निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में अनुपस्थित मिले शिक्षण स्टाफ का निरीक्षण दिवस का वेतन रोक दिया। अनुपस्थितों को नोटिस जारी कर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

बीएसए सहित बीईओ ने शनिवार को विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। आमतौर पर निरीक्षण के दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं अनुपस्थित पाए जाते थे, लेकिन ग्रीष्मावकाश के बाद हुए निरीक्षण में हिलौली ब्लाक क्षेत्र मर्दनपुर और हिलौली गांव स्थित परिषदीय विद्यालय में कार्यरत मात्र दो सहायक शिक्षिका रीना तिवारी अनुपस्थित मिलीं, जबकि शिक्षामित्र पूजा, साबीना खातून, संजू सिंह, नायला खानम, सफिया खातून, बबुली और अनुदेशक पूनम देवी सत्यार्थी मौके पर मौजूद नहीं मिलीं थीं।

सार-संक्षेप

रोड पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

डंपर फंसने से उन्नाव-हरदोई मार्ग पर लगा जाम

सफ़ीपुर उन्नाव। कस्बे से निकले उन्नाव-हरदोई मार्ग पर मेहंदी खेड़ा गांव के सामने निर्माणाधीन पुलिया के पास बनवाए गए डाइवर्जन मार्ग पर दो दिनों से हो रही बारिश के चलते गड्ढे होने से एक डंपर अचानक फंस गया। इससे करीब दो घंटे यातायात प्रभावित रहा। जाम में मार्ग के दोनों ओर करीब पांच किमी तक वाहनों की कतार लगी रही। बता दें कि उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र मेहंदी खेड़ा के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही पुलिया के पास बने डाइवर्जन मार्ग में पूर्व से ही बड़े गड्ढे थे। बीते दिनों हुई बारिश में गड्ढे धंसने लगे। रविवार देररात करीब 12 बजे उन्नाव से बांगरमऊ जा रहा डंपर इसमें फंस गया। जिससे क़स्बे व दूसरी ओर गांव बम्हना तक वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी से फंसे वाहनों को हटवाकर एक ओर का यातायात चालू कराया। वहीं निर्माणाधीन संस्था का कोई जिम्मेदार अधिकारी न होने के कारण स्थाई इसका निराकरण नहीं किया जा सका। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि गड्ढों में रोड़े डलवाए जा रहे हैं। कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारों से बात की गई है। संस्था द्वारा स्थाई समाधान कराया जाएगा।

ज्ञापन देने जाते अधिवक्ता। अमृत विचार

स्थानांतरित तहसीलदार को दोबारा तैनात करने की हुई मांग

बांगरमऊ उन्नाव। स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन व अधिवक्ता एसोसिएशन ने रविवार को डीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें तहसील से स्थानांतरित हुई तहसीलदार साक्षी राय को दोबारा नियुक्त करने की मांग की। बता दें कि तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाष शुक्ला व अधिवक्ता एसोसिएशन अध्यक्ष सत्यपाल वर्मा ने अन्य अधिवक्ताओं के साथ डीएम को दिये ज्ञापन में कहा कि तहसीलदार साक्षी राय का कार्यकाल आम फरियादियों के हित में रहा है। वह शांतिप्रिय अधिकारी हैं और सभी अधिवक्ता उनसे संतुष्ट हैं। अज्ञात कारणों के चलते उनका स्थानांतरण तहसील पुरवा कर दिया गया है। एसोसिएशन ने डीएम से मांग की कि साक्षी राय को दोबारा बांगरमऊ तहसील में नियुक्त किया जाए। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता सत्य नारायण कनौजिया, मुजम्मिल अहमद, मनीष मिश्रा, सुरभ श्रीवास्तव, अजीत द्विवेदी, योगेश लोधी, विनोद यादव, आदित्य तिवारी, सुरेंद्र बाबू, प्रतीक कटियार आदि मौजूद रहे।

परियर में गंगा नदी का बढ़ा जलस्तर। अमृत विचार

गंगा नदी का बढ़ रहा जलस्तर, चिंतित हुए लोग

परियर उन्नाव। अधिक वर्षा होने से गंगा नदी का जलस्तर कई दिनों से लगातार बढ़ रहा है। जिससे अब पानी माना बंगला गांव के पास पहुंचने लगा है। आसपास के गांवों के लोगों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बाढ़ से फसल बर्बाद होने की चिंता भी ग्रामीणों को सता रही है। क्षेत्रीय लेखपाल स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं। बता दें कि सदर तहसील क्षेत्र के परियर में गंगा का जलस्तर बढ़ने से अब पानी माना बंगला गाव के पास तक पहुंच गया है। जिससे क्षेत्र के देविपुरवा, बंदनपुरवा, लाल्टूपुरवा, बाबू बंगला, टपरा, महानंद पुरवा, बेनिपुरवा, कोलवा, अतरी, पनपथा, जुड़ा पुरवा, पटियरा आदि गावों के लोग बाढ़ की आशंका से चिंतित हैं। राजकुमार, विपिन, संजय, कमलेश, विनोद, निवाजी, सुंदर, रमेश, गुड्डू, पप्पू, रामकिशन आदि ने बताया कि यदि बाढ़ आई तो खेतों में तैयार लौकी, कद्दू, तरोई, टिंडा, सेमी, करेला आदि की फसल बर्बाद हो जाएगी। इसे लेकर क्षेत्रीय लेखपाल दीपचंद, प्रदीप, राजाराम आदि नदी के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

मोहर्रम की तैयारी पूरी, इमामबाड़ों में मातम

उन्नाव। जिले में मोहर्रम को लेकर सभी समितियों ने तैयारी पूरी कर ली हैं। मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन सहित 72 लोगों की शहादतों का गम पहली मोहर्रम से मनाया जाएगा। इस संबंध में इमामबाड़ों व घरों में होने वाली मजलिसों व मातम की तैयारी पूर्ण कर ली। अंजुमन इमामिया के अध्यक्ष फारुक अहमद ने बताया कि सैकड़ों वर्ष पूर्व करबला के तपते रेगिस्तान पर उस दौर के अधर्मी शासक यजीद ने धर्म का रास्ता बताने वाले मोहम्मद साहब को सपरिवार मदीना से करबला बुलाया और अपनी शर्तें मनवाने का प्रयास किया। इमाम हुसैन द्वारा शासक के अधर्मी कार्यों का विरोध जारी रखने का निर्णय लिया गया तो शासक ने इमाम हुसैन सहित उनके परिवार पर सात मोहर्रम से पानी व खाने की पाबंदी लगा दी। उसके बाद दस मोहर्रम को एक-एक कर इमाम हुसैन उनके परिजनों व साथियों सहित 72 लोगों को शहीद कर दिया। इमाम सहित शहीदों के गम में उनके मानने वालों ने पहली मोहर्रम की शाम से ही काले वस्त्र धारण कर इमामबाड़ो व घरों में ताजिया सजा लिया। वहीं प्रतिदिन होने वाली मजलिस व मातम की तैयारी पूर्ण कर लीं। पहली मोहर्रम से 6 मोहर्रम तक सभी इमामबाड़ों व घरों में मजलिस व मातम होगा। सात मोहर्रम से 10 मोहर्रम तक जुलूस आग पर व छुरी का मातम के अलावा 10 मोहर्रम को करबला में ताजिया दफन की जायेंगी।

इमामबाड़ा में तैयारी करते फैजान अहमद।

खनन के गड्ढे में फिसला युवक, मौत

गंजमुरादाबाद उन्नाव। निर्माणधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के ठेकेदार ने अवैध खनन कराकर गड्ढे को तालाब में तब्दील कर दिया। शनिवार शाम इसमें डूबकर एक युवक की मौत हो गई। जिसका शव उतराता देख परिजन बेहाल हो गए। बता दें कि बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के बेहटा मुजावर थानांतर्गत राजस्व गांव महोलिया के प्रधान ने खलिहान की भूमि पर तालाब बनवाया था। इस तालाब से ग्राम प्रधान व राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण एजेंसी के ठेकेदार ने मिट्टी का अवैध खनन कराया। इससे तालाब करीब 12 फीट से अधिक गहरा हो गया। शनिवार को गांव निवासी उत्तम कुमार (23) पुत्र छोटेलाल इसी तालाब किनारे शौच को गया था। बारिश के कारण उसका पैर फिसला और वह संतुलन बिगड़ने से तालाब में गिरकर गहरे पानी में डूब गया। घर न पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। युवक मानसिक बीमार था और उसका इलाज चल रहा था। रविवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव तालाब में उतराता देख परिजनों को जानकारी दी। परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए।

बलराम, सुभद्रा के साथ रथ पर निकले प्रभु जगन्नाथ

रथ का रस्सा खींचने को लेकर श्रद्धालुओं में रही होड़ ❍ जगह-जगह भक्तों ने यात्रा का किया स्वागत, बांटा प्रसाद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। श्रीश्रीजगन्नाथ जी रथयात्रा समिति के बैनर तले उल्लासपूर्ण ढंग से बड़े श्रद्धाभाव से शहर में विशाल जगन्नाथ यात्रा निकाली गई। यात्रा में जहां तमाम देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रहीं। वहीं आतिशी नजारों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यही नहीं धार्मिक गीतों पर नृत्य करते कलाकारों ने भी सभी को आकर्षित किया। आराध्य देव का रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ रही। वह अपनी बारी की प्रतीक्षा में रथ के आसपास खड़े होकर रस्सा थामने का इंतजार करते रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने डांडिया रास भी किया।

वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत शहर में बड़ी नहर के पास स्थित दीनेश्वर मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रथ यात्रा की शुरुआत हुई। समिति के पदाधिकारियों ने सदर विधायक पंकज गुप्ता के साथ मिलकर रथयात्रा को गंतव्य के लिए रवाना कराया। यही नहीं रथयात्रा में बैंड पार्टियों के आगे-पीछे शामिल विभिन्न देवी-देवताओं की सुंदर साज-सज्जा वाली झांकियां लोगों को आकर्षित करती रहीं। इस दौरान जहां कई बैंड पार्टियां भजनों की धुन बजाते हुए आगे बढ़ती रहीं। वहीं युवा मंडल में शामिल युवक-युवतियां इस दौरान डांडिया नृत्य करते हुए चल रहे थे। जगन्नाथजी को आयोजकों ने खूब सजे हुए बड़े से रथ पर सवार कर रखा था। इस रथ पर सवार आचार्य जहां मंत्रोच्चारण कर रहे थे। वहीं पूरे रास्ते प्रसाद वितरण भी किया जाता रहा। श्रद्धालुओं में दर्शन-पूजन और प्रसाद ग्रहण करने के साथ रथ का रस्सा खींचने की होड़ रही। रथ यात्रा का जगह-जगह खासकर मंदिरों के पास समूह में एकत्र होकर श्रद्धालु बहुत भक्तिभाव से पूजन-अर्चन कर आरती उतारते रहे। रथयात्रा गांधीनगर तिराहा, छोटा चौराहा, सदर बाजार, बड़ा चौराहा, आईबीपी चौराहा होते हुए गंतव्य की ओर बढ़ती रही। रथयात्रा में समिति के अध्यक्ष राम प्रकाश चौरसिया, महामंत्री विजय कुमार गुप्ता, संयोजक अमित मिश्रा मौजूद रहे।

शहर में निकली रथयात्रा के दौरान डांडिया रास करते श्रद्धालु। अमृत विचार

रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

● देवी-देवताओं की सुंदर साज-सज्जा वाली झांकियां भी रहीं आकर्षण का केंद्र

रथ में बिराजे प्रभु जगन्नाथ, बलदाऊ व सुभद्रा। अमृत विचार

इन देवी-देवताओं की झांकियां रहीं शामिल

रथयात्रा में श्रीराम दरबार, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, हनुमानजी, गणेशजी व माता काली आदि की झांकियां प्रमुख रूप से शामिल रहीं। जीवंत झांकियों को श्रद्धालु भक्तभाव से देखते हुए हाथ जोड़ प्रणाम करते रहे। यही नहीं देवी-देवताओं का स्वरूप धरे कलाकार नजर पड़ने पर भक्तों को अभयमुद्रा में आशीर्वाद देते रहे। रथयात्रा का समापन मोतीनगर स्थित हनुमान मंदिर में हुआ। घंटों पहले यहां आगे स्थान पाने के लिए क्षेत्र के लोग पहुंचने लगे थे। यहां 108 श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीजगन्नाथ की 11-11 दीपों से आरती उतारी। जिससे मनोहारी दृश्य बना रहा। यहां कई लोग भगवान के रथ पर सिर रखकर आशीर्वाद लेते रहे।

रथयात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, हुई पुष्प वर्षा

शुक्लागंज उन्नाव। जगन्नाथ पुरी में मनाई जाने वाली विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा की विशाल प्राकृतिम्क यात्रा नगर में निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी हाजिरी लगा कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भगवान की मनमोहक झांकियों को देखने के लिये भक्तों का हूजुम उमड़ा। श्रद्धालुओं ने जगह जगह भगवान जगन्नाथ के रथ का फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया। सुरक्षा की दृष्टि से गंगाघाट थाना फोर्स सहित अतिरिक्त बल भी यात्रा के साथ मौजूद रहा। सर्वप्रथम नेहरू नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई। जहां पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद गोपीनाथ पुरम स्थित राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। जिसके बाद अंबिका प्रसाद स्कूल से होते हुए राजमार्ग स्थित कमल वर्मा के निवास पर भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ, सुभद्रा की पूजा अर्चना की। वहीं प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी जगन्नाथ भगवान की प्राकृतिम्क रथ यात्रा श्रीमद् भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के तत्वावधान में बड़े ही धूम धाम से निकाली गई। शाम करीब पांच बजे नेहरू नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ, उनकी बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र की मूर्तियों को लकड़ी के रथ सुसज्जित कर राजधानी मार्ग से नगर की ओर प्रस्थान किया। रथ यात्रा राजमार्ग कंचन नगर, ऋषि नगर, सब्जी मंडी, महेश मार्ग, गांधी नगर, पोनी रोड, प्रेम नगर, सीताराम कॉलोनी पहुंची और यहां से राजमार्ग स्थित कमल ज्वैलर्स के घर के सामने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को जलपान आदि करा कर यात्रा का समापन किया गया। यात्रा के दौरान भगवान के रथ को अपने हाथों से खींचने को लेकर श्रद्धालुओं में प्रतिस्पर्धा रही। इस मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार, वीरेन्द्र शुक्ला, कमल वर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे, अंकुर शुक्ला, विकास मिश्रा, सुरेश शुक्ला, विनय तिवारी, विजय तिवारी, संजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

रथयात्रा के दौरान जगह जगह बांटा गया शर्बत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। रविवार को जगन्नाथ रथ यात्रा को देखते हुये राजधानी मार्ग से लेकर बालूघाट मोड़ और पोनी रोड पर जगह-जगह भंडारा और शर्बत वितरण कराया गया। जहां यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद चखा।

राजमार्ग से लेकर गुजरी यात्रा को गलियों से नगर के लोगों ने पोनी रोड राजमार्ग, अंबिकापुरम, नेहरू नगर, सब्जी मंडी आदि जगहों पर जोर दार स्वागत किया। आनंद नगर, पोनी रोड व अन्य जगहों पर शर्बत व राजमार्ग पर कढ़ी चावल व बूंदी वितरण किया गया। राजधानी मार्ग पर अरविंद आयरन स्टोर के बाहर श्री श्याम रसोई की ओर से भंडारा कराया गया। इसी तरह राजधानी मार्ग पर मोनिका ट्रेडर्स के सामने अमरेन्द्र गुप्ता, संजू, रंजीत ने पानी और बिस्किट बांटा। वहीं दुर्गा मंदिर के पास प्रदीप शुक्ला ने कढ़ी चावल बांटा। जहां दीपू गुप्ता, सुशील के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे। इसके अलावा पोनी रोड, शक्ति नगर, सीताराम कॉलोनी, बालूघाट मोड़ पर भी शर्बत वितरण और भंडारा कराया गया।

शाम के समय फोरलेन पर यात्रा के दौरान लगा जाम। अमृत विचार

यात्रा के दौरान शुक्लागंज में चारों ओर लगा जाम

शुक्लागंज उन्नाव। रविवार को यात्रा निकलने के दौरान गंगाघाट पुलिस ने रूट डायवर्जन नहीं कराया। जिस कारण फारेलेन, पोनी रोड से लेकर अन्य मार्गों पर भीषण जाम लगा रहा। रात तक वाहन सवार जाम का दंश झेलते रहे। नेहरू नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई, जहां पूजा अर्चना के यात्रा फोरलेन पर पहुंची। जहां उन्नाव से शुक्लागंज की ओर जाने वाले वाहनों को कानपुर से उन्नाव की ओर इस बार नहीं डायवर्ट किया गया। जिस कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में फोरलेन पर लंबा जाम लग गया।

पौधों का मानव जीवन में है प्रमुख स्थान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। मानव जीवन के लिए पौधे उपयोगी ही नहीं निरोग रहने में सहायक भी होते हैं। हमें पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधे लगाने के साथ-साथ उन्हें संरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिये। यह बात वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत वन विभाग के सहयोग से गांव थाना के मजरा चंधौर पर श्रीराम कृपा से संचालित श्री हरदेव बाबा वनाश्रम में अभ्युदय सेवा संस्थान द्वारा संचालित कोंपल क्लब व सनातन सरोकार की प्रेरणा से वृहद पौधरोपण करते हुए, डा. प्रभात सिन्हा ने कही। सनातन सरोकार के अध्यक्ष इंजीनियर निकुंज बाजपेई ने बताया कि प्रकृति के साथ हो रही छेड़छाड़ का परिणाम देखने को मिल रहा है। सनातन सरोकार की सचिव शालिनी बाजपेई ने बताया कि हम लोगों ने फलदार, छायादार, फूल के एक सैकड़ा से अधिक पौधे लगाए हैं। इस पौधरोपण कार्यक्रम में कमलेश श्रीवास्तव, राकेश द्विवेदी, अवधेश श्रीवास्तव, सौम्या अवस्थी, अरविंद श्रीवास्तव, एस भदौरिया, आशीष शुक्ल, हर्षित पांडेय, धर्मेंद्र शर्मा, दीपेंद्र सिंह, ऋषभ श्रीवास्तव, नवीन द्विवेदी, सौरभ सिंह, विवेक शुक्ल, सत्यम आदि मौजूद रहे।

पौधरोपण करते संस्था के सदस्य। अमृत विचार

● वन महोत्सव के तहत किया गया पौधरोपण

विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना कर निकाली शोभायात्रा

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

अमृत विचार। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नवनिर्मित मंदिर में देवशिल्पी विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मूर्ति स्थापना से पूर्व आयोजकों ने विशाल शोभायात्रा निकाली।

मंदिर में विराजमान देवशिल्पी विश्वकर्मा।

कस्बा फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला आजाद नगर निवासी रजनीश विश्वकर्मा के आवास के पास नवनिर्मित मंदिर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को देवशिल्पी विश्वकर्मा की मूर्ति की स्थापना की गई। वैदिक मंत्रोचार से की गई मूर्ति स्थापना से पूर्व यजमानों द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नवनिर्मित मंदिर से शुरू होकर क्षेत्र के शीतला माता मंदिर सहित कई प्रतिष्ठित मंदिरों से होती हुई गंगा नदी के सरैया घाट तक गई। देव शिल्पी विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना पर आयोजकों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर गंगाराम, कमलेश, दिनेश, राजेश, मनोज, रजनीश, सुरेश व सत्यवान आदि ने भाग लिया।

स्वास्थ्य मेले में 70 मरीजों का हुआ परीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। बारिश होने के कारण मौसम में हो रहे बदलाव के चलते रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले के दौरान मरीजों की संख्या अधिक रही। जहां स्वास्थ्य मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। इसके साथ ही बचाव के तरीके भी बताये।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान, डा. शिप्रा झा, डॉ. रश्मि वर्मा, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 70 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा, अमित कुशवाहा, राजीव द्विवेदी समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य मेले में मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवती का शव

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के केतार खेड़ा गांव में घर में अकेली रह रही युवती का शव संदिग्ध परिस्थिति छत के छल्ले में दुपट्टे के सहारे लटका मिला। चचेरे भाई से मिली सूचना पर पुलिस ने जांच के बाद शव उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवती के मोबाइल की भी पुलिस जांच कर रही है। बता दें कि केतार खेड़ा गांव निवासी संजू (20) अपने घर में अकेली रहती थी। उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। रविवार सुबह आठ बजे मोहल्ले की महिला धान के बेड़ की रोपाई के लिए उसे बुलाने घर गई थी। आवाज देने पर कोई उत्तर नहीं मिला तो महिला ने उसके कमरे का दरवाजा खोला तो संजू का शव उसके दुपट्टे के सहारे लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुन पड़ोसी एकत्र हो गए। चचेरे भाई रज्जन लाल की सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची।

संजू।

जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव मदाखेड़ा निवासी 45 वर्षीय रामबाबू पत्नी कुसमा व गांव के अन्य लोगों के साथ दूसरे गांव शीतला खेड़ा में मजदूरी पर धान रोपाई करने गया था। तभी खेत में मौजूद रहे जहरीले कीड़े ने रामबाबू को काट लिया। लोग उसे अस्पताल लेकर चले। लेकिन, रास्ते में रामबाबू ने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी कुसमा की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। कोतवाली प्रभारी कुवर बहादुर सिंह ने कहा साप काटने से मौत हुई है। पोस्टमार्टम को भेजा है।

राष्ट्रीय परिवार घोषित करने की मांग

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। क्षेत्र के गांव हफीजाबाद में समाज सेवी शशांक शेखर शुक्ला के आवास पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित परिवारों की बैठक हुई। इसमें केंद्र व प्रदेश सरकारों से स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों को राष्ट्रीय परिवार घोषित करने की मांग की गई।

बैठक में शशांक शेखर शुक्ला ने सभी सेनानी आश्रितों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने बाबा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्व. भूपेंद्र नाथ शुक्ल को याद कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सेनानी परिवारों ने क्षेत्र के गयाप्रसाद शुक्ल निर्भीक, सूरज प्रसाद मिश्रा, साहब लाल द्विवेदी, सेवाराम, मुल्ला हंस, क्षेत्रपाल सिंह, मौजीलाल आर्य, दूलम सिंह कुशवाहा, रुद्र नारायण दीक्षित व झाम सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते लोग। अमृत विचार

सार-संक्षेप

मूर्ति स्थापना के समापन पर हुए भंडारा में बंटा प्रसाद

उन्नाव। आदर्श नगर मोहल्ला स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में मंत्रोच्चारण के बीच श्रीराम दरबार, श्रीराधा-कृष्ण, खाटू श्याम व शनिदेव शिला स्थापना हुई। इससे पहले श्रद्धालुओ ने शोभायात्रा भी निकाली। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने शोभायात्रा की शुरुआत कराई। वहीं बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला, आलोक निगम व समाजसेवी विमल द्विवेदी ने भंडारा शुरू कराया। पुजारी जगन्नाथ ने स्थापित मूर्तियों की आरती उतारी। इस मौके पर अंकित शुक्ला, धर्ममंगल सिंह आदि मौजूद रहे।

पुराने विवाद भूल फिर साथ रहने को राजी हुए 27 जोड़े

उन्नाव। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश में पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र व विभिन्न थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। 27 विवादित जोड़ों को खुशी-खुशी विदा किया गया। इसमें महिला थाना से 7, परिवार परामर्श केंद्र से 6, थाना सोहरामऊ से 5, हसनगंज से 3, अचलगंज से 2, बांगरमऊ, औरास, बिहार व गंगाघाट से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस दौरान डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, राजेन्द्र सिंह सेंगर, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, डा. एसके पांडेय, रामसनेही यादव, तबस्सुम नफीस, अबसार अली, डा. सगीर अहमद व सहयोगी शिवेन्द्र सिंह चौहान, अंकित सिंह व पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, महिता उप निरीक्षक हंस भदौरिया, भागीरथी आदि का विशेष योगदान रहा।

चार दिन पूर्व घर से निकला युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज में कोचिंग जाने को चार दिन पहले निकला युवक घर नही पहुंचा तो परिजन पहले तो उसकी तलाश करते रहे। कामयाबी न मिलने पर उन्होंने कोतवाली में इसकी सूचना दी। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश कर रही है।

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में अभियान आज

उन्नाव। एक तरफ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय प्रांतीय नेतृत्व आनलाइन हाजिरी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक करता रहा। इधर, दूसरी तरफ परिषदीय शिक्षक सोमवार को आन लाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश के खिलाफ आन लाइन विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए वह ट्विटर हैंडल पर हैजटैग अभियान चलाएंगे। रविवार को शिक्षक विभिन्न व्हाट्स एप ग्रुप सहित साथी शिक्षकों को संदेश भेजकर प्रोत्साहित करते रहे।

एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर गिनाईं उपलब्धियां

सफीपुर उन्नाव। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में सफीपुर नगर पंचायत को प्रथम स्थान दिलाने के लिए निकाय विशेष कार्य कर रही है। जिस कड़ी में नागरिकों को कूड़ा संग्रहित करने के लिए हर घर में एक पात्र दिया जाना प्रमुख है। यह बात नगर पंचायत का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आयोजित प्रेस वार्ता में चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई 'राजा बेटा' ने कही। चेयरमैन प्रतिनिधि व ईओ विनीत श्रीवास्तव ने बताया कि एक वर्ष के कार्यकाल में नगर पंचायत द्वारा सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण व सुंदरीकरण कराया गया। नगर पंचायत में जल निकासी हेतु निर्मित 17 नालों की वर्षा को देखते हुए साफ सफाई कराई गई। इस दौरान प्रमुख रूप से वसीम अहमद, संजय कुमार मंटू, अभिनव शर्मा, बेचेलाल गुप्ता, नीरज कुशवाहा, रामखेलावन पाल, शाकिब अली, ऐनुल हसन, वशीक अहमद, सभी सभासद व सभासद प्रतिनिधियों में शाहरुख सफवी, राजू विमल, छुन्नू, तौहीद आदि मौजूद थे।

अव्यवस्था | अमृत योजना के तहत नगर में पिछले वर्ष शुरू हुआ था काम

करोड़ों की इंटरलॉकिंग वॉटर लाइन की चढ़ी भेंट

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। अमृत योजना के तहत हर घर जल पहुंचाने का काम जल निगम की ओर से कराया जा रहा है। पिछले वर्ष से अब तक पालिका के सभी वार्डों में भूमिगत पाइप लाइन डालने का कार्य कराया गया है लेकिन कार्यदायी संस्था ने चमचमाती इंटरलॉकिंग को खोद कर ऐसे डाल दी। इधर हुई झमाझम बारिश से कई स्थानों पर सड़कें धंस गई हैं।

नगर पालिका के 28 वार्डों में भूमिगत पाइप लाइन डालने का काम पिछले वर्ष जल निगम की ओर से शुरू कराया गया था, कार्यदायी संस्था ने नगर के वार्डों की प्रमुख सड़कों के अलावा गलियों में खोदाई कर पाइप लाइन डालने का कार्य भी कराया लेकिन न तो उन गलियों को पहले की तरह बनवाया गया और जहां गलियां बनवाई गई। वहां ऐसे ही मानकों को ताक पर रखकर गलियां बनवा दी गई। इधर कई दिनों से हो रही झमाझम बारिश के चलते जगह-जगह से इंटरलॉकिंग सड़कें धंस गई हैं। गहरे गड्ढे होने के कारण बाइक सवार व पैदल लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। वहीं कई जगह जलभराव की भी स्थिति बनी हुई है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जबकि जल निगम ने कार्य शुरू कराने से पहले पालिका से करार किया था कि क्षेत्र की जो गलियां जैसी हैं, वैसी ही बनाई जायेंगी। इसके बावजूद गलियां नहीं बनाई गई। जिससे पालिका की करोड़ों की इंटरलॉकिंग सड़क अमृत योजना के पाइप लाइन की भेंट चढ़ गई है।

चंपापुरवा में वॉटर लाइन डालने से जगह-जगह धंसी इंटरलॉकिंग। अमृत विचार

बोले जिम्मेदार

जल निगम ने वॉटर लाइन डालने से पहले एक करार किया था कि जिन गलियों में वॉटर लाइन डालने का काम किया जा रहा है, वहां वैसी ही बनाकर दी जायेंगी। अगर कहीं सड़कें नहीं बनी है और धंसी हैं। उसकी जांच कराई जायेगी।

-मुकेश कुमार मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका गंगाघाट

दो घंटे का ब्लॉक लेकर हुआ गिट्टी पैकिंग का कार्य

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। लखनऊ कानपुर और कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड की ट्रेनें चलाई जानी है। जिसे देखते हुये रविवार को रेल कर्मी पहुंचे। जहां रेल कर्मियों ने अप लाइन पर गिट्टी पैकिंग का कार्य करने के लिये दो घंटे का ब्लॉक लिया। इस दौरान मशीन से रेल कर्मियों ने गिट्टी पैकिंग का कार्य किया।

रेलवे विभाग की ओर से इन दिनों अप और डाउन लाइन के रेलवे ट्रैक को मरम्मत का कार्य पिछले कई दिनों से चल रहा है। रविवार को भी रेल कर्मियों ने ऋषि नगर केबिन के पास अप लाइन पर गिट्टी पैकिंग का काम करने के लिये मशीन लेकर पहुंचे। जहां रेल कर्मियों ने विभाग से दो घंटे का ब्लॉक मांगा। जिस पर दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक मिले दो घंटे ब्लाक मिला। ब्लॉक मिलने के बाद रेल कर्मियों ने मशीन के सहारे गिट्टी पैकिंग का कार्य किया। कार्य होने के कारण डाउन लाइन की ट्रेनों को मेमो देकर रवाना किया गया। वहीं अप लाइन का रेल संचालन प्रभावित रहा। ब्लॉक समाप्त होने के बाद रेल संचालन सामान्य हो सका।

अप लाइन पर होता गिट्टी पैकिंग का कार्य।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्। ॥

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक ओर धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें ,लेकिन उनमें इतना आसक्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

संपादकीय

पीएम का महत्वपूर्ण दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार व मंगलवार को मास्को में रहेंगे। वे वहां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा को रूस-भारत संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से यह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली रूस यात्रा है। उम्मीद है कि शिखर सम्मेलन में रूस-यूक्रेन संघर्ष पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। खास बात है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत की स्थिति लगातार बातचीत, कूटनीति और दोनों पक्षों को शामिल करने वाले समझौते के पक्ष में है। जानकारों के मुतबिक बातचीत में रक्षा, तेल और गैस प्रमुख एजेंडा होंगे। रूस के साथ अपने संबंधों को लेकर भारत पश्चिमी देशों के दबाव के आगे झुका नहीं है और घरेलू हितों का हवाला देते हुए रियायती दरों पर रूस से तेल खरीद रहा है। ऐसे में दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे को हल करना भी नेताओं के एजेंडे में प्राथमिकता में होगा। यूक्रेन युद्ध के बाद से तेल खरीद में वृद्धि के कारण रूस से भारत का आयात लगभग 60 बिलियन डॉलर था, जबकि रूस को भारत का निर्यात लगभग 4 बिलियन डॉलर है। गौरतलब है कि भारत और रूस के संबंध काफी पुराने हैं। शीत युद्ध के दौरान, भारत और सोवियत संघ के बीच एक मजबूत रणनीतिक, सैन्य, आर्थिक और राजनयिक संबंध थे। सोवियत संघ के विघटन के बाद, रूस को भारत के साथ अपने घनिष्ठ संबंध विरासत में मिले, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों ने एक विशेष सामरिक संबंध साझा किया। रूस ने कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र भारत में बनाया है। जबकि भारत ने कई देशों के साथ कई असैन्य परमाणु समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, रूस अब तक भारत में परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालित करने वाला एकमात्र विदेशी देश है। रूस भारत के लिए सबसे बड़े हथियार निर्यातकों में से एक रहा है। पूर्वी लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों में चीनी आक्रमण ने भारत-चीन संबंधों को एक मोड़ पर ला दिया, इससे यह भी प्रदर्शित हुआ कि रूस चीन के साथ तनाव को कम करने में योगदान दे सकता है। यानि रूस और अमेरिका के बीच बिगड़ते संबंध और रूस की चीन के प्रति बढ़ती निर्भरता के दौर में पीए मोदी का दौरा रूस के चीन की ओर आ रहे झुकाव को संतुलित करना है। दौरे का सीधा संदेश है कि भारत के अपने हित सर्वोपरि है और वह किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। कहा जा सकता है यह दौरा अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

भारत के नजरिए से ब्रिटेन का सत्ता परिवर्तन

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया।

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनावों के परिणामों ने अचानक मौसम को गर्मा दिया है। वहां राजनीति में इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन-तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर 'कीर स्टार्मर' फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। ब्रिटेनी नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया, काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे।

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय'नॉर्थलेरटन'सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे।

> भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय' नॉर्थलेरटन 'सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो।

ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग-समर्थक भी उनसे झिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कईयों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फला समुदाय या मतदाता उनका है?

बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश, फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आए नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। ब्रिटेन चुनावों की सूनामी में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की एकदम उड़ गई। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना? इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला।

बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं? बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए? किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें? हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता 'कीर स्टार्मर ब्रिटेन' के अगले शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है।राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए।

निसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा स्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

प्रसंगवश

लुप्त न हो जाए यह शब्दावली

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राजधानी की पाश कालोनी में अपने 'विला'के द्वार पर बैठे रिमझिम बारिश का आनंद ले रहा था, तो अपनी गांव वाली बरसातें सहसा याद आ गईं। जाहिर है कि तब उससे जुड़ी तमाम चीज़ें और शब्दावली भी जेहन में गूंजेंगे ही। तत्समय इला बिला नहीं, कच्चा घर था और पोर्टिको की जगह अपना छप्पर। छप्पर का सृजन बांस, फूस और अरहर की लगों से होता था। लगों की छोटी टहनियों को भिगोकर उनसे बॉधने का काम लिया जाता था;इन्हें फलसा कहते थे। ऊपर तो छप्पर दीवाल पर रखकर खूंटों से बांध दिया जाता,किंतु चौड़ाई अधिक होने के कारण आगे की ओर जिन लकड़ी के दुबग्घे लट्ठों को गाड़कर उन पर छप्पर रोका जाता था,उन्हें थुनकी कहा जाता था। पानी बरसते में उसकी ढलान से जो जल धाराएं नीचे आती थीं,उन्हें 'ओरौती'कहते थे। हालांकि कवि नरेन्द्र शर्मा ने उसे परिष्कृत करके अपनी कविता में "औलाती"लिखा है-दीवारों से लगे खड़े होंगे चुप छान और छप्पर।/ झरती होगी खामोशी से औलाती भी किनमिन कर।।

कच्चे घर के अग्रभाग के अलावा अन्य खुली दीवालों की रक्षार्थ लगों का एक छोटे आकार का छाजन तैयार किया जाता था,जिसे 'लदुवा'कहते थे। अंग्रेज़ लेखकों ने अपने वर्णनों में इसे कोपिंग'कहा है। वे लदुवा क्या जाने! घर की पटान में जो लकड़ी के मोटे लट्ठे इस्तेमाल होते थे,उन्हें धन्नी और कुछ पतले बेड़े रखे जाने वाले काष्ठ खंड बेड़का कहे जाते थे। छतों का पानी नीचे गिराने के लिए पनारी होती थी और वर्तमान ड्रेनेज तब का 'नर्दवां है। यह साहित्य में भी स्थान पा चुका है।"तुलसी बुरा न मानिए जो गॅवार कहि जाय।जै से घर का नरदवां भला बुरा बहि जाय"।। छोटे लाल मखमली पीठ वाले कीड़े 'राम की बिलैयां'कही जातीं,जो बरसात की शोभा बढ़ातीं। साहित्यकार इन्हें 'वीर बधूटी'नाम देते हैं। थोड़ी देर का तेज पानी 'झाला'और देर तक रुक जाय तो 'भरनि'कही जाती।'पद्मावत'में नागमती कहती है,"सावन बरस मेह अति पानी भरनि परी हौं विरह झुरानी"।। लगातार बरसे तो 'झड़ी'। यह पसंद नहीं की जाती थी। अगली पीढ़ियां यह लोक शब्दावली विस्मृत न करने पाएं। इसे सम्हाल कर रखना होगा। हमारी पुरातन और मूल संस्कृति का हिस्सा है यह सब।

अग्निवीर का पुनर्निरीक्षण करने की आवश्यकता

ग्रुप कैप्टन प्रमोद गुप्ता
भारतीय वायु सेना (वेटरन)
शाहजहांपुर

भारतीय रक्षा सेनाओं के लिए कुछ वर्ष पूर्व घोषित अग्निवीर योजना लीक से हट कर कही जा सकती है। इस योजना का उद्देश्य साढ़े सत्तरह से 21 वर्ष की उम्र तक शारीरिक रूप से सक्षम युवकों को 4 साल की अवधि के लिए (शॉर्ट टर्म करियर) भारतीय सशस्त्र सेनाओं में विशेष टर्म्स एंड कंडीशंस के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराना था। ऐसा माना गया था कि इस योजना से भारतीय सेनाओं में युवाओं की संख्या बढ़ेगी, सरकारी खजाने पर पेंशन का बोझ कम होगा तथा 4 वर्ष के पश्चात जब ये अग्निवीर सेवा निवृत्त होंगे तो वे अपनी तकनीकी दक्षता व सेना के प्रशिक्षण का सदुपयोग भविष्य में नौकरी या स्वरोज़गार के लिए कर सकेंगे।

इस योजना की मंशा तो अच्छी थी परंतु अपने देश की सामरिक, भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए योजना में व्यावहारिकता की कमी थी। हमारी स्थितियां उन देशों से भिन्न हैं जैसे कि इज़राइल , ब्रिटेन, अमेरिका व अन्य छोटे यूरोपीय देश जहां इस प्रकार की योजनाएं सफल रही हैं। इन देशों की आबादी कम होने के कारण सैन्य सेवाएं अनिवार्य है, उनके पड़ोसी देश शत्रुवत व्यवहार नहीं करते, कोई सीमा विवाद नहीं है और वहां रोजगार के अन्य विकल्प भी उपलब्ध है। अतः ऐसे देशों के इस शॉर्ट-टर्म मॉडल को भारतीय परिप्रेक्ष्य में उतारना व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता।

योजना के चार साल बीत जाने व फील्ड अनुभव के पश्चात इस योजना की समीक्षा आवश्यक प्रतीत होती है। राजनीतिक या सामाजिक दृष्टिकोण से हटकर विशुद्ध सैनिक दृष्टिकोण से योजना पर व्यावहारिक मंथन होना चाहिए। ऐसे हजारों पूर्व एवं वर्तमान सैन्य कर्मी व आम नागरिक हैं जिनका मानना है कि यह योजना अपने वर्तमान स्वरुप में सेना के मानकों पर पूर्णरूप से खरी नहीं उतरती। यह एक शॉर्ट-कट है जो आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक कारणों से अपनाया गया था और सुरक्षा की दृष्टि से यह एक कमजोर कड़ी है जो देशहित में नहीं है। यहां यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है कि अग्निवीर सेवा इस उद्देश्य से नहीं है कि उनको चार साल बाद सिविल सेक्टर में पुनर्वास के लिए तैयार किया जाए। मूल उद्देश्य यह है कि वे एक हार्ड-कोर, प्रोफेशनल सिपाही बन सके जो छह महीने की ट्रेनिंग या चार साल की सेवा अवधि में संभव नहीं है।

> इस योजना की मंशा तो अच्छी थी परंतु अपने देश की सामरिक, भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए योजना में व्यावहारिकता की कमी थी।

आज का युद्ध जमीन से आसमान तक तकनीकी एवं बहुआयामी है। कुछ देशों द्वारा अंतरिक्ष में स्थाई स्टेशन बना लेना एक सच्चाई है जिससे आने वाले समय में युद्ध की विभीषिका का अनुमान लगाया जा सकता है । अतः यह कैसे संभव है कि हमारे अग्निवीर मात्र 4 साल की सेवा व 6 महीने की ट्रेनिंग में इतने प्रशिक्षित हो जाएंगे कि वे आज के युद्ध को सफलतापूर्वक लड़ सकेंगे। यही नहीं, वैश्विक परिपेक्ष में युद्ध अब देश की सीमाओं के पार अंतर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधनों के द्वारा लड़ा जा रहा है जिसके लिए अनुभवी व पूर्णतया प्रशिक्षित सैनिक होना आवश्यक है।

इसलिए अग्निवीर योजना का पुनर्निरीक्षण करने की त्वरित आवश्यकता है ताकि देश का सुरक्षा ढांचा प्रभावित न हो। कुछ मूलभूत सुझाव निम्नवत हैं: अग्नि वीर की पात्रता आयु 18 वर्ष से 23 वर्ष तक किया जाना व्यावहारिक होगा।, कार्यकाल की अवधि कम से कम 8 वर्ष और प्रारंभिक प्रशिक्षण 10 महीने का किया जाए। इससे न सिर्फ मिलिट्री कौशल में दक्षता आएगी बल्कि काफी हद तक सेनाओं में सैनिक संख्या की कमी पर विराम लग सकेगा। साथ ही अग्निवीर अपने को सैन्य सेवा की मुख्य धारा में महसूस करेंगे, उनके मनोबल में वृद्धि होगी और वे अपने को दोयम दर्जे का सैनिक नहीं समझेंगे। सैनिक/युद्ध दक्षता के लिए समय-समय पर भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार रेगुलर सैनिक की भांति अग्निवीर को भी रिफ्रेशर या सप्लीमेंट्री ट्रेनिंग दी जाए। सेना में तकनीकी ट्रेड की भारी कमी है और इसका प्रशिक्षण भी महंगा व समय लेने वाला है, अतः अग्निवीर का रेगुलर सैनिक के रूप में 100 प्रतिशत समायोजन किया जाए। इसी प्रकार गैर-तकनीकी ट्रेड में भी कम से कम 50 प्रतिशत सैनिकों को रेगुलर किया जाय । अग्निवीर को पूर्ण सैनिक का दर्जा मिले । सरकारी नौकरियों में भी अग्निवीर के लिए आरक्षण का प्रावधान किया जाए। साथ ही युद्ध अपंगता या बलिदान की स्थिति में अग्निवीर व उनके आश्रितों को वही सहायता, वही मान-सम्मान प्राप्त हो जो सरकारी, अर्धसरकारी या प्राइवेट क्षेत्र में एक रेगुलर सैनिक को मिलता है।

सोशल फोरम

जिंदगी जीने का दर्शन

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हर व्यक्ति अलग है और अपने लिहाज से उसे एक जीवन दर्शन बनाना और उसे जीना चाहिए। जिंदगी जीना ही ज़िंदगी का मुख्य मक़सद मानता हूं। पूरी तरह होश में रहते, एक किरदार की तरह , बिना किसी अवांछित प्रतिक्रिया के जीवन के हर मोड़ का लुत्फ लेना ही असली जीवन जीना है।

मैं यह नहीं मानता कि दर्शन को जीना कठिन होता है वरन मेरे लिहाज़ से दर्शन जिंदगी को बहुत आसान बना देता है। कुछ भी ऐसा पढ़ना लिखना नहीं चाहता जो मुझे जीने में मदद न करे , मुझे समृद्ध न करे।

बुद्ध और बौद्ध दर्शन से प्रभावित हूं। प्रभावित इसलिए हूं कि मुझे लगा कि यही तो मेरा पसंदीदा दर्शन है और ऐसा ही कुछ मैं भी सोचता था, होश में जीने का शुरू से प्रयास कर रहा था।

मैं बुद्ध को दुनिया का सबसे बड़ा शिक्षक मानता हूं। मानता हूं कि उनके बताए रास्ते पर चलना ही बहुत महत्वपूर्ण है। जिंदगी में कोई कामना, कोई अपेक्षा, कोई तृष्णा भी सामने नहीं दिखती है। बुद्ध ने इसे ही दुख का कारण बताया था। बुद्ध की शिक्षा कि संसार अनित्य है, संसार दुःखमय है, इसे पूरी तरह मानता समझता हूं। बुद्ध की बतायी सम्यक् दृष्टि बहुत महत्वपूर्ण है। दृष्टि सम्यक होनी चाहिए।

वही देखना है जो सम्यक है, सत्य है ।

कोई बात/ तथ्य समस्या बनती है तो आपकी प्रतिक्रिया से। आपकी प्रतिक्रिया ही उसे समस्या बनाती है। प्रेम तो स्वाभाविक है। आनर किलिंग प्रतिक्रिया स्वरूप ही तो हो रही है। अब कम हो रही है , मतलब कम प्रतिक्रियाएं हो रही है। उन्हें स्वीकृतियां मिल रही हैं। साफ है प्रतिक्रिया समस्या है। बदलते समय के साथ बहने में यक़ीन रखता हूं। स्वीकृतियों का पक्षधर हूं। ज़िंदगी जीने का दर्शन है : मर मर कर जीना छोड़ दिया / बंधन में बंधना छोड़ दिया। / हर क़दम रहा सोचा समझा ,/ अफ़सोस मनाना छोड़ दिय । / जिस बीज से पैदा दुख होता ,/ उस बीज का बोना छोड़ दिया।

-फेसबुक वॉल से

चीटियों ने जटिल व्यवहार कैसे विकसित किया होगा

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मानव को अपनी उपलब्धियों पर सर्वथा उचित ही गर्व रहता है। किंतु जीव जगत में के कई ऐसे दृष्टांत कभी कभार सामने आते हैं कि आश्चर्यचकित होना पड़ता है। दरअसल कुदरत ने अपनी सृष्टि में किसी भी जीव के साथ भेदभाव नहीं किया है। सभी को अपने अस्तित्व रक्षा और उत्तरजीविता के साजो सामान और युक्तियां दी हैं। किसी से कुछ छीना है तो उसे कुछ और देने का वरदान भी दिया है।

ताजा उद्घाटित घटना फ्लोरिडा की कारपेंटर (बढ़ई) चींटियों का है जिनका जीवन बहुत संघर्षमय है।'द न्यूयार्क टाईम्स' के हाल के अंक में शल्य चिकित्सक चीटियों की हैरतअंगेज गाथा छपी है जिसने मेरा ध्यान इसलिए भी आकर्षित किया कि इस रिपोर्ट को मशहूर ब्रितानी आनलाइन विज्ञान जर्नल 'नेचर ब्रीफिंग' ने विगत सप्ताह छापा है। आधे इंच की बढ़ई चींटियां प्रतिद्वंद्वी कॉलोनियों की चींटियों के साथ हिंसक मुठभेड़ करने के लिए कुख्यात हैं । किंतु अनवरत चलने वाली लड़ाईयों के कारण चींटियों के पैर में चोट लगती रहती है। लेकिन जैसा कि वैज्ञानिकों ने हाल ही में पाया है, इन चींटियों ने चोट को ठीक करने के लिए एक प्रभावी उपचार विकसित किया है यानि ये शल्यक्रिया अपनाती हैं। यानि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की शल्य चिकित्सा केवल मनुष्य की ही कुशलता नहीं है। चीटियां भी एक दक्ष शल्य चिकित्सक हैं। सबसे पहले यह शोधपत्र करंट बायोलॉजी पत्रिका में विगत 2 जुलाई को प्रकाशित हुआ जिसमें शोधकर्ताओं ने बताया कि चींटियां संक्रमण को रोकने के लिए अपने घोसले के साथियों के घायल अंगों को काट देती हैं। हालांकि अन्य चींटियों की प्रजातियां भी अपने घायलों के घावों की देखभाल करने के लिए जानी जाती हैं और आमतौर पर उन्हें चाटकर साफ करती हैं, लेकिन यह पहली बार देखा गया कि फ्लोरिडा की चींटियों की बढ़ई प्रजाति अपने साथियों के चोट के उपचार के लिए शल्य क्रिया - विच्छेदन का तरीका अपनाती हैं।

> अध्ययन में चींटियों ने केवल कुछ चोटिल पैरों का विच्छेदन किया बल्कि यह भी देखा गया कि उनकी शल्य चिकित्सा पद्धति काफी व्यवस्थित है।

अध्ययन में चींटियों ने केवल कुछ चोटिल पैरों का विच्छेदन किया बल्कि यह भी देखा गया कि उनकी शल्य चिकित्सा पद्धति काफी व्यवस्थित है। मनुष्यों के इतर किसी अन्य जानवर को इस तरह के विच्छेदन करने के कौशल के लिए नहीं जाना जाता है। यह व्यवहार फ्लोरिडा की बढ़ई चींटियों के बीच सामाजिक व्यवहार की श्रेष्ठता, उनकी बुद्धिमत्ता और दर्द महसूस करने की उनकी क्षमता का भी संकेत करता है ।

वर्ष 2020 की शुरुआत में, जर्मनी के वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय में स्नातक छात्र डैनी बफ़ैट अपनी प्रयोगशाला में फ़्लोरिडा बढ़ई चींटियों की एक कॉलोनी का निरीक्षण कर रहे थे, जब उन्होंने कुछ अजीब नज़ारा देखा। बफ़ैट अब स्विटज़रलैंड के लॉज़ेन विश्वविद्यालय में जीव विज्ञानी हैं और इस अध्ययन के लेखक हैं। उनके अनुसार वे यह देखकर विचित्र सा लगा कि एक चींटी दूसरी चींटी के पैर को काट रही थी। फिर शुरु हुआ अंग-भंग चींटियों के जीवित रहने की दर पर नज़र रखना। अप्रत्याशित रूप से, कटे हुए अंग वाली चींटियां 90 प्रतिशत समय तक जीवित रहीं। इससे भी अधिक आश्चर्य की बात यह पाई गई कि रुग्ण चींटियों के अंग-विच्छेदन उनकी सहमति से किए गए थे। डॉ. फ्रैंक ने बताया कि रुग्ण चींटी पहले तो अपने घायल पैर को साथियों को दिखाती है और शांति से वहीं बैठ जाती है, फिर कोई शल्य चिकित्सक चींटी उसे कुतर डालती है। जैसे ही कटा पैर गिरता है घायल चींटी नए कटे हुए घाव को परिचारक चीटियों को दिखाती है और वे उसे साफ करके काम पूरा करती है। ऐसे दर्जनों अंग-विच्छेदन की घटनाओं को देखने के बाद, शोधकर्ताओं ने पाया कि चींटियां केवल जांघ की चोटों वाले साथियों पर ही यह प्रक्रिया अपनाती हैं। यह आश्वस्त होने के लिए कि चींटियां केवल घायल जांघों वाली चींटियों पर ही अंग-विच्छेदन क्यों करती हैं, शोधकर्ताओं ने अन्य पैरों का प्रायोगिक अंग-विच्छेदन किया। प्रायोगिक अंग-विच्छेदित चींटियों की जीवित रहने की दर केवल मात्र 20 प्रतिशत पाई गयी । डॉ. फ्रैंक इस नतीजे पर पहुंचे कि जब घाव शरीर से दूर होता है तो अंग-विच्छेदन की शल्य चिकित्सा काम नहीं करती, लेकिन जब यह शरीर के करीब होता है, तो कारगर है। अनुमान यह लगाया गया कि मुठभेड़ों में जांघ के हिस्से वाले पैर ही ज्यादा चोटिल होते हैं।

किंतु क्या सचमुच ऐसा ही था? डॉ. फ्रैंक और उनकी टीम द्वारा घायल विकलांग चीटियों पर माइक्रो-सीटी स्कैन किया। पाया गया कि चींटियों के शरीर में कई मांसपेशियां होती हैं जो हीमोलिम्फ - उनके रक्त को प्रवाहित करती हैं। कारपेंटर चींटियों की जांघों में ऐसी कई मांसपेशियां होती हैं। जब उनकी जांघ में चोट लगती है, तो हीमोलिम्फ का प्रवाह कम हो जाता है, जिससे बैक्टीरिया के लिए घाव से शरीर में जाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मामलों में, यदि पूरा पैर जल्दी से काट दिया जाता है, तो संक्रमण की संभावना बहुत कम होती है।

नतीजतन, सफल विच्छेदन के लिए समय सीमा कम होती है और इसके सफल होने की संभावना भी बहुत कम होती है। डॉ. फ्रैंक कहते हैं कि चींटियाँ, किसी न किसी स्तर पर, इस बात से भिज्ञ रहती हैं। न्यूयॉर्क में रॉकफेलर यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डैनियल क्रोनॉयर भी चींटियों और अन्य सामाजिक जीवों का अध्ययन करते हैं। उनकी टिप्पणी कि यह सोचना बहुत ही अजीब है कि चींटियों जैसे क्षुद्र जानवरों ने इतना जटिल व्यवहार कैसे विकसित किया होगा।

रामानुजाचार्य से क्या सीखें

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

रामानुजाचार्य का जन्म दक्षिण भारत के कांचीपुरम् के निकट श्रीपेरूपुथुर नामक स्थान में ग्यारहवीं शताब्दी के मध्य में हुआ। जिस समय शंकराचार्य के विचारों की चारों धूम मची हुई थी उस समय रामानुजाचार्य ने उनके मूल विचारों को अपनी आलोचना के निशाने पर रखा।

शंकर का ब्रह्म निर्गुण था,उ समें कोई विशिष्ट गुण नहीं था, इसके विपरीत रामानुजाचार्य ने ब्रह्म की जो धारणा पेश की उसमें वह विशिष्ट गुणों से युक्त था, वह सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी था। उसमें ज्ञान, कल्याण, दीप्ति आदि गुणों की मौजूदगी को माना। साथ ही रामानुजाचार्य ने दार्शनिक भौतिकवाद की धारणा का प्रतिपादन किया। रामानुजाचार्य की सबसे प्रमुख धारणा यह थी कि भौतिक जगत ही एकमात्र यथार्थ है। साथ ही तांत्रिक आदर्शवाद की इस धारणा को एकसिरे से ठुकरा दिया कि चेतना से परे किसी भी यथार्थ का अस्तित्व नहीं है। उनके लिए ब्रह्म यथार्थ था साथ ही जगत भी उतना ही मूल्यवान यथार्थ था जैसाकि ब्रह्म। शंकर के लिए जगत मिथ्या था लेकिन रामानुजाचार्य के लिए जगत मिथ्या नहीं था। उनके लिए ब्रह्म और जगत दोनों ही यथार्थ थे। इसके अलावा रामानुजाचार्य का मानना था कि ज्ञाता और ज्ञात, ज्ञान और यथार्थ के बीच कोई ऐसा अन्तर्विरोध नहीं है जिसे सुलझाया न जा सके। लेकिन वे यह नहीं मानते थे कि यथार्थ का पूर्ण ज्ञान हो सकता है। वे मानते थे कि यथार्थ के कुछ ही पहलुओं का ज्ञान हो सकता है। जबकि अन्य पहलू संज्ञान से परे हैं। उन्होंने भक्ति पर जोर दिया। ज्ञान,कर्म और भक्ति में वे भक्ति को सर्वोपरि मानते थे। वैदिक सूक्तों, मंत्रों और उपनिषदों के रट लेने से ज्ञान प्राप्त नहीं होता। बल्कि ईश्वर भक्ति से ज्ञान प्राप्त होता है। भक्ति के जरिए उन्होंने जातिभेदों पर हमला किया। उनके अनुसार भक्ति सभी जातिभेदों से ऊपर है। सभी भक्त समान हैं।

चिकित्सक का पता पूछने पर मरीज को मारा थप्पड़

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुगरापुर में दवा लेने गए मरीज के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि डॉक्टर का पता पूछने पर नशे में स्वास्थ्य कर्मी ने मरीज को थप्पड़ जड़ दिया। अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

ग्राम गुगरापुर निवासी सौरभ सिंह वैश्य उर्फ वीटू ने बताया कि वह रविवार को दोपहर लगभग एक बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुगरापुर में दवा लेने गया था। अस्पताल में कोई स्टाफ दिखाई न देने पर वह गेट के बाहर रखे खोखे के पास जाकर खड़ा हो गया। जहां उसने देखा कि स्वास्थ्य कर्मी शराब का सेवन कर रहा है। जब उसने स्वास्थ्य कर्मी से डॉक्टर के बारे में जानकारी की। तो उसने अभद्रता करते हुए मरीज के थप्पड़ मार दिया और धमकी दी। घटना को देख गुजर रहे राहगीर मौके पर एकत्र हो गए। पीड़ित ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद वर्मा से फोन पर मामले की शिकायत कर नशे में धुत स्वास्थ्य कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

जया प्रथम प्रयास में ही बनीं सहायक कमांडेंट

औरैया। जिले की बेटी ने प्रथम प्रयास में ही सहायक कमांडेंट बनकर परचम लहरा दिया। गेल में कार्यरत संतोष द्विवेदी की पुत्री जया द्विवेदी ने गेल डीएवी पब्लिक

स्कूल से हाईस्कूल किया। श्री सत्य साई विद्या विहार गेल विजयपुर से 91.8 अंक प्राप्त कर 2017-18 बैच की टॉपर बनी। लक्ष्मीनारायण टेक्नोलॉजी कॉलेज भोपाल से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 9.35 सीजीपीए ग्रेड के साथ बीटेक हुई। रिजल्ट में जया सीएपीएफ में सहायक कमांडेंट के रूप में चयनित हो गई।

कन्नौज में भाजपा नेता के भाई को थानाध्यक्ष ने सरेआम पीटा

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

अमृत विचार। वाहन चेकिंग का कारण पूछने पर थानाध्यक्ष का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और भाजपा नेता के भाई को सरेबाजार पीट दिया। पुलिस की पिटाई से उसकी नाक की हड्डी टूट गई और आंख व कान में भी गंभीर चोटें आईं हैं। जानकारी पर पहुंचीं भाजपा विधायक ने थानाध्यक्ष को जमकर फटकार लगाई और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की।

रविवार को विशुनगढ़ कस्बे में थानाध्यक्ष देवेश कुमार पाल बिना वर्दी में चेकिंग कर रहे थे। उसी समय उधर से गुजर रहे भाजपा

अस्पताल में भर्ती नीलेश द्विवेदी।

- पुलिस की पिटाई से आंख और कान में गंभीर चोटें, नाक की हड्डी भी टूटी
- भाजपा विधायक ने थानाध्यक्ष को फटकारा, पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

विशुनगढ़ मंडल अध्यक्ष के भाई नीलेश द्विवेदी उर्फ नीलू ने चेकिंग का कारण पूछा। बस इसी बात पर थानाध्यक्ष भड़क गए और नीलू को गाली देने लगे। जब गाली देने से मना किया तो थानाध्यक्ष का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने नीलू को पकड़ लिया। इसके बाद सरेबाजार उनकी लात-घूसों से पिटाई शुरू कर दी। आसपास मौजूद लोग और दुकानदार तमाशबीन बने रहे। चीख-पुकार सुनकर नीलेश के बड़े भाई मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान सुधीर द्विवेदी उर्फ कल्लू मौके पर पहुंचे और भाई को बचाया। थानाध्यक्ष की पिटाई से नीलेश के नाक की हड्डी टूट गई और एक आंख भी बंद हो गई। एक कान का पर्दा फट गया, जिससे सुनाई देना भी बंद हो गया। सुधीर ने घटना की जानकारी विधायक अर्चना पांडेय को दी, जिस पर वह विशुनगढ़ पहुंच गईं। उन्होंने थानाध्यक्ष को जमकर फटकार लगाई और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। घायल नीलेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, थानाध्यक्ष देवेश कुमार पाल ने बताया कि उन्होंने कोई मारपीट नहीं की है और न ही किसी नीलेश को जानते हैं।

सीओ छिबरामऊ को दी गई है जांच : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि विशुनगढ़ थानाध्यक्ष देवेश पाल शराब ठेकों के आसपास अराजकतत्वों की धरपकड़ को दुकानों पर चेकिंग कर रहे थे। उसी समय नीलेश नाम का युवक विरोध करने लगा, जिसको लेकर विवाद हुआ था। प्रकरण की जांच छिबरामऊ सीओ ओंकारनाथ शर्मा को दी गई है। यदि जांच में थानाध्यक्ष दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

कंटेनर ने बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत

दिल्ली के नंबर की बाइक से जा रहे थे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जीटी रोड जेवां टोल प्लाजा के निकट अनियंत्रित कंटेनर ने बाइक सवारों को कुचल दिया, इससे दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों की शिनाख्त कराने का प्रयास किया पर नहीं हो सका। दोनों दिल्ली के नंबर की बाइक से केक लेकर कहीं जा रहे थे।

दिल्ली नंबर की बाइक पर सवार होकर केक लेकर जा रहे युवकों की बाइक में जीटी रोड जेवां टोल प्लाजा के निकट कंटेनर ने शनिवार की रात आठ बजे के करीब टक्कर मार दी, इससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भेजा, जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया।

जलालपुर चौकी प्रभारी दीपक कुमार ने दोनों युवकों के शवों की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शाम तक पता नहीं चल सका। लोग दिल्ली की बाइक होने से युवक दिल्ली के ही होने की बात कह रहे हैं। वहीं, पुलिस यह मान

- घटना के बाद से पुलिस युवकों की शिनाख्त में जुटी

कर चल रही है कि दोनों युवक केक लेकर कहीं जा रहे थे। इसलिए उन युवकों को संबंध स्थानीय किसी गांव से हैं। इसीलिये पुलिस आसपास के गांव में खोज कर रही है कि किसी का रिश्तेदार किसी के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने आ रहा हो और वह गुरसहायगंज या कन्नौज से केक खरीद कर रिश्तेदारी जा रहे हों और रास्ते में हादसे का शिकार हो गये हों।

इन सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर मृतकों की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि बाइक के नंबर के आधार पर दोनों युवकों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

नशेबाजों ने युवक पर चढ़ाई कार, पैर टूटा

कन्नौज। सरायमीरा में नशेबाजों ने युवक पर कार चढ़ा दी, जिससे उसका पैर टूट गया। जीटी रोड पर लहराती हुई चल रही कार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस कार की तलाश में जुट गई है। दो दिन पहले जीटी रोड सरायमीरा में शाम के समय टहलने निकले डाक बंगला रोड निवासी रंजीत पाल को नशेबाज कार सवारों ने टक्कर मार दी थी। हादसे में रंजीत की टांग टूट गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। हादसे के दो दिन बाद दुर्घटना कर भाग रही कार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पीड़ित ने हादसे की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस कार की तलाश कर रही है। बताया जाता है कि रंजीत पाल को टक्कर मारने के दौरान कुछ बाइक सवार युवकों ने कार के पीछे चलते हुए वीडियो मोबाइल से बना लिया था। बाइक सवार युवक कार का पीछा करते हुए चले गये। इसके बाद कार देविन टोला मोहल्ले में चली गई, पर बाइक सवार युवकों ने



जीटी रोड पर राहगीरों के बगल से गुजरती कार। अमृत विचार

उसका पीछा करना बंद नहीं किया। इस पर कार सवार युवकों ने नशे का हालत में बाइक सवार युवकों को धमकी देकर भगा दिया था। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोग इस वीडियो को अपने मोबाइलों पर देख रहे हैं। लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि उक्त कार को शराब के नशे में चालक चला रहा था। कार इसीलिये जीटी रोड पर इधर-उधर जा रही थी। कार की चपेट में आने एक दंपति के अलावा एंबुलेंस भी बची थी। इस वीडियो के आधार पर पुलिस कार की तलाश करने में लग गई है। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि हादसे की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वायरल वीडियो के आधार कार सवारों की तलाश की जा रही है।

दुर्घटना में शिवराजपुर क्षेत्र के युवक की मौत

- कन्नौज : मानीमऊ में जीटी रोड पर शनिवार की देर शाम अनियंत्रित कार ने युवक को टक्कर मार दी, इससे उसकी मौत हो गई। मामले में भाई ने कार चालक के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। कानपुर नगर जनपद के थाना शिवराजपुर के गांव कुंवरपुर कुकरी निवासी प्रमोद कुमार पुत्र राम सनेही ने बताया कि उसका छोटा भाई राजेश कटियार छह जून को शाम आठ बजे के करीब नेरा रोड क्रॉसिंग के निकट था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसको टक्कर मार दी। इससे राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पुलिस ने कार की तलाश कर रही है।

रेस्क्यू कर सफारी लाए गए तेंदुए की हालत गंभीर

घायल तेंदुआ। अमृत विचार

इटावा। इटावा सफारी पार्क में रेस्क्यू कर लाए गए तेंदुआ की हालत गंभीर है। उसकी कोहनी टूटी है। हालांकि वह भोजन ले रहा है। इसके इलाज के लिए बाहर से भी विशेषज्ञ डॉक्टरों को बुलाया गया है। पिछले दो महीने से वह खड़ा भी नहीं हो पा रहा है।

इटावा सफारी पार्क में अप्रैल में विशेष उपचार के लिए बागपत वन प्रभाग से घायलावस्था में रेस्क्यू कर इटावा सफारी पार्क में लाए गए तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज कराया जा रहा है। सफारी पार्क के डॉ. रॉबिन सिंह यादव व डॉ. शैलेन्द्र सिंह उसका इलाज कर रहे हैं। तेंदुए के दाएं पैर की हड्डी अपने स्थान से डिस्लोकेट है तथा बाएं पैर की कोहनी पूरी तरह से टूट गई थी।

इस संबंध में सफारी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विनय सिंह ने बताया कि तेंदुए को पूरी तरह से स्वस्थ करने के उद्देश्य से पं. दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय तथा गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा के सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. आरपी पांडेय एवं वाइल्डलाइफ एसओएस के डॉ. इलैया राजा को तेंदुए के इलाज के लिए बुलाया जा रहा है।

बरसात में गिरा मकान दबकर युवक की मौत

संवाददाता, क़ायमगंज-फर्रुखाबाद

- ईंट-गारे से बने मकान में लेटा हुआ था, तभी भरभरा कर गिर गया मकान

अमृत विचार। पड़ोसी जिला एटा में भारी बारिश के चलते कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। मकान में सो रहा युवक मलबे में दब कर घायल हो गया। गम्भीर अवस्था में उसे कायमगंज के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई।

अवधेश।

थाना अलीगंज के गांव नगला मोहन निवासी अवधेश(36) पुत्र रामनाथ राजपूत अपने कच्चे मकान में सो रहा था तभी भारी बारिश के चलते मकान भरभरा कर गिर गया। अवधेश मलबे में दब जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन फानन में सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। उसके बड़े भाई जयवीर ने बताया कि उसका मकान पुरानी ईंटों और मिट्टी के गारे से बना हुआ था। उसका छोटा भाई अवधेश अंदर लेटा हुआ था। तभी बरसात की वजह से मकान भरभराकर गिर पड़ा।

मकान गिरने की आवाज सुनकर जब वह अपने मकान के पास पहुचे तो देखा कि उसका छोटा भाई मकान के मलबे में दबा हुआ है। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण भी दौड़ पड़े। आनन फानन उसे ग्रामीणों के सहयोग से मलबे से निकाला गया। मलबे में दबकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

आनन फानन में उसे सरकारी अस्पताल में ई रिक्शा से लेकर भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान अवधेश की मौत हो गयी। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

बारिश से उसमानगंज के स्कूल की टपकने लगी छत, छात्र संख्या घटी

फर्रुखाबाद। कमालगंजब्लाक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय उसमानगंज के तीनों कमरों की छत टपक रही। कमरों में बरसात का पानी टपकने से छात्रों की उपस्थिति भी कम हो गई है। उसमानगंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन का निर्माण करीब 25 साल पहले हुआ था। इस बार मानसून आने के साथ बरसे पानी से सभी कमरों की छतों से पानी चूने लगा। ऐसे में बच्चों के स्कूल आने संख्या कम हो गुई है। ग्राम प्रधान बेबी देवी, प्रधानाध्यापक पुष्पा सिंह, शिक्षिका बंदना कटियार, कंचन यादव, शिवांगी कसौधन, अल्का गुप्ता, अखलेश कुमार आदि ने पत्र भेजकर अधिकारियों को भी जानकारी दी है। ग्राम प्रधान के पति आकाश बाबू ने स्वीकार किया कि छत से पानी टपक रहा है। अधिकारी छत की मरम्मत कराने का आदेश देंगे तो तत्काल काम शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पढ़ाई का नुकसान न हो, इसलिए फिलहाल प्राथमिक विद्यालय के भवन में ही उच्च प्राथमिक के बच्चों की पढ़ाई कराई जा रही है।

बाक्सिंग-कुश्ती में प्रतिभा का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- दो दिवसीय अंतरजनपदीय प्रतियोगिता का समापन

अमृत विचार। पुलिस लाइन में आयोजित दो दिवसीय प्रयागराज जोन की अंतरजनपदीय बॉक्सिंग, कुश्ती एवं आर्मरेसलिंग महिला एवं पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में जोन की सभी आठ टीमों में बांदा, महोबा, चित्रकूट, कौशांबी, हमीरपुर, फतेहपुर, प्रयागराज एवं प्रतापगढ़ ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर जीत भी हासिल की। बॉक्सिंग के पुरुष वर्ग में 57-60 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा के सुशील कुमार, 63-67 किलोग्राम भारवर्ग में कौशांबी के राजेश पाल, 71-75 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा के पवन कुमार, 75-78 किलोग्राम भारवर्ग में प्रतापगढ़ के रामविलास यादव, 80-85 किलोग्राम भार वर्ग में कौशांबी के शमशेर अली, 85-90 किलोग्राम भार वर्ग में फतेहपुर के अंकित यादव प्रथम स्थान पर रहे। बॉक्सिंग प्रतियोगिता के महिला वर्ग में 45-48 किलोग्राम भार वर्ग में प्रयागराज की प्रिया यादव, 48-50 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज की

महिला खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र।

पूजा यादव, 50-52 किलोग्राम भार वर्ग में बांदा की ज्योति शुक्ला, 52-54 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा की आकांक्षा. 54-57 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज की नीलम सिंह, 57-60 किलोग्राम भार वर्ग में बांदा की निधि निरंजन, 60-63 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा की दीपिका तथा 63-65 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज की नीशू सिंह प्रथम स्थान पर रहीं। कुश्ती प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में 57 किलोग्राम भारवर्ग में फतेहपुर के अंशुल चैधरी, 61 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज के अजीत कुमार, 65 किलोग्राम भारवर्ग में कौशांबी के राजेश यादव, 70 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज के रोहित दहिया, 74 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज के तेजवीर सिंह यादव, 79 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज के कुलदीप, 86 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज के गोविंद प्रथम स्थान पर रहे। महिला वर्ग कुश्ती में प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा की आरती, 53 किलोग्राम भारवर्ग में प्रतापगढ़ की रिचा, 55 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज की मानसी, 57 किलोग्राम भारवर्ग में प्रयागराज की साधना, 65 किलोग्राम भारवर्ग में बांदा की दीपिका प्रथम स्थान पर रहीं।

समापन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने पूरे उत्साह एवं खेलभावना के साथ बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते पर खिलाड़ियों तथा कोच स्टाफ को धन्यवाद दिया। उन्होने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल में पुरस्कार जीतना महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि पूरे मनोयोग से खेलों में प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण है।

आलू के भाव अभी और बढ़ने की संभावना

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- शीतगृह में भंडारित आलू की निकासी नहीं कर रहा किसान
- फुटकर में 30 रुपये प्रतिकिलो बिक रहा आलू

अमृत विचार। किसानों का आलू कोल्ड स्टोरेज में भंडारित है। वहीं दूसरी तरफ बरसात के चलते किसान अपनी फसल को खेतों में बचाने के प्रयास में भी लगा है। जिससे वह आलू की निकासी नहीं कर पा रहा है। नतीजतन आलू फुटकर में 30 रुपये किलो पंहुच गया है। इस बार आलू के भाव में बढ़ोत्तरी से किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आ रही है। बीते कुछ दिनों में ही आलू के भाव में लगभग 200 रुपये का इजाफा हुआ है। लिहाजा वर्तमान में यदि बात करें तो पुखराज आलू लगभग 2200 प्रति कुंतल, चिप्सोंना 2600 से 2700 प्रति कुंतल, 3797 लगभग 2500 प्रति कुंतल में बिक्री हो रही है।

आलू आढ़ती अजय गंगवार सन्नू भैया ने बताया कि किसान आलू केअधिक और ऊपर जाने का इंतजार कर रहा है। इसके साथ ही किसान बरसात के चलते अपनी मक्का व मूंगफली की

शीतगृह में लगा आलू। अमृत विचार

फसल को बचाने के प्रयास में भी लगा है। जिससे वह शीत गृहों से आलू निकाल नही पा रहा है। आलू विकास एवं शाकभाजी अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी नवंबर तक आलू कोल्ड स्टोरेज से बाहर करने का समय है। किसानो को आलू निकालने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है।

कार्यालय नगर पंचायत तिर्वागंज – कन्नौज

पत्रांकः–211/ /न0प0ति0 / पार्किंग पड़ाव (2023–24) दिनांकः 03.7.2024

अल्पकालीन ई – निविदा सूचना

नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज की वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए पार्किंग पड़ाव ठेका उठाये जाने हेतु निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती है।

टेण्डर शेडयूल (www.etender.upnic.in)

क्र0	नगर पंचायत तिर्वागंज / ANN Stage	Vendor Stage	प्रारम्भ तिथि व समय	अन्तिम तिथि व समय
1	Tender Release		09.07. 2024 11.00AM	
		Tender Download	09.07. 2024 11.00AM	15.07. 2024 11.00AM
		Bid Submission	09.07. 2024 11.00AM	15.07. 2024 12.00AM
	Close of Bid			15.07. 2024 01.00PM
	Bid Opening			15.07. 2024 02.00PM

क0सं0	कार्य का विवरण	जमानत धनराशि	निविदा मूल्य	समयावधि
1	2	3	4	5
1	पार्किंग पड़ाव का ठेका	600000.00	30000.00	2024–25

नियम व शर्तें :–

1 – नगर पंचायत के पूर्व / वर्तमान बकायेदार ठेकेदार ई–निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अर्ह नही है।
2 – ई – निविदा के साथ जमानत धनराशि नियामानुसार एफ0डी0आर0/ एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तिर्वागंज के नाम बंधक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन प्रति टेक्निकल बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3– ठेका के सामने अंकित निविदा मूल्य की धराशि नगर पंचायत तिर्वागंज के खाता सं0–30822819160, भारतीय स्टेट बैंक (आई0एफ0एस0सी0, कोड) में जमा करके रसीद की स्कैन प्रति टेक्निकल बिड के साथ उपलोड करनी होगी एंव निविदा के साथ संलग्न करना होगा, बिना निविदा मूल्य के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग निविदा मूल्य जमा करना होगा।
4– यह कि नगर पंचायत तिर्वागंज का पार्किंग पड़ाव ठेका वित्तीय वर्ष–2024–25 में / 2024 से / 2025 तक वैध होगें।
5– यह कि ई–निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले इच्छुक ठेकेदारों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण पत्र नगर पंचायत तिर्वागंज द्वारा निर्गत अदेय प्रमाण पत्र एंव आधार कार्ड टेक्निकल बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6– यह कि नवीनतम शासनादेश के आधार पर स्वीकृत टेण्डर की धनराशि पर नगर पंचायत हित में निर्धारित 04 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क पर अनुबन्ध पत्र वसूली करने से पूर्व जमा करना होगा।
7 – यह कि पार्किंग पड़ाव ठेका को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकारी अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत तिर्वागंज को होगा। जिसमें किसी प्रकार का कोई कारण बताया नहीं जायेगा।
8–यह कि स्वीकृत ठेका की धनराशि को तुरन्त जमा करना होगा, ऐसा न करने पर ठेकेदार की धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
9– यह कि ठेकेदार नगर पंचायत निर्धारित रेट पर ही वसूली करेगा, यदि ऐसा संज्ञान में आता है तो ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
10– अपलोड किये गये समस्त वांछित दस्तावेजों की टेक्निकल बिड नगर पंचायत तिर्वागंज में दिनांक– 2024 को 01.00 बजे अनिवार्य होगा।
11 – निविदा दाता को शासन के आदेशा अनुसार यदि कोई भी अतिरिक्त टैक्स लगाया जाता है तो ठेकेदार को देय होगा।
12 – यह कि शर्त को शंसोधन करने का अधिकारी अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पंचायत तिर्वागंज को होगा।?
13 – यह कि सम्बन्धित ठेका स्वीकृत होने पर ठेकेदार को नियामानुसार शपथ–पत्र देय होगा। जिसका प्रारूप कार्यालय से प्राप्त करना होगा।
14 – निविदा पार्किंग पडाव ठेका रू0– से अधिकतम 10 प्रतिशत अधिक ही मान्य होगा।
15 – एकल निविदा मान्य नही होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
तिर्वागंज–कन्नौज।

अध्यक्ष
नगर पंचायत
तिर्वागंज–कन्नौज।

कुछ याद उन्हें भी कर लो... बलिदान दिवस पर गांव भैरोपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

उग्रवादियों से लोहा लेते हुए गोपाल स्वरूप हुए थे शहीद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। क्षेत्र के गांव भैरोपुर में भारत प्रेरणा मंच के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर अमर बलिदानी गोपाल स्वरूप दीक्षित की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वह 7 जुलाई 1997 को असम में उल्फा उग्रवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कैप्टन नरेन्द्र सिंह सेंगर ने की। मुख्यअतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सौरभ भूषण शर्मा ने कहा कि गोपाल स्वरूप दीक्षित से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होने राष्ट्र की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने के

अमर बलिदानी गोपाल स्वरूप को श्रद्धांजलि देते भारत प्रेरणा मंच के पदाधिकारी। अमृत विचार

साथ साथ अपने शरीर के अंगों का भी दान कर दिया। उन्होंने भाऊपुर भड़ारी पुर संपर्क मार्ग को अमर शहीद स्वरूप दीक्षित मार्ग करने हेतु प्रयास करने का आश्वासन दिया।

भारत प्रेरणा मंच के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री ने बताया कि शहीद गोपाल स्वरूप 1986 में सेना की आर्टीलरी रेजीमेंट मे भर्ती हुए थे। वह 7 जुलाई 1997 को असम में उल्फा उग्रवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गए। उन्होंने मरणोपरांत अपने नेत्र भी दान कर दिए थे। कवि डॉ. गोविंद द्विवेदी, निर्मल पांडेय व गोपाल पांडेय ने कविताएं सुनाईं।

पूर्वसैनिक सलिल सक्सेना, राजेंद्र प्रसाद, अनिल चौबे, राकेश दुबे, जगपाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन अजय अंजाम ने किया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक गिरीश नारायण दीक्षित, संतोष दीक्षित, रवींद्र अग्निहोत्री, अनिल अवस्थी, सुनील दुबे, अरविंद तिवारी, मयंक, प्रतीक, सूर्यकांत, संदीप सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

अपना दल एस के नेता की गोली मारकर हत्या

14 वर्षों से था विवाद, हत्या के बाद पिस्टल लेकर घूमता रहा आरोपी

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार। भूमि विवाद में अपना दल (एस) के नेता के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने की कोशिश की तो ग्रामीणों ने बवाल शुरु कर दिया। उधर घटना को अंजाम देने वाला आरोपी पिस्टल लेकर गांव में घूमता रहा। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो वह खुद को गोली मारने की धमकी देते हुए भागने लगा। पुलिस ने मामले में एसटीएफ को बुलाया, जिसके बाद आरोपी को गिफ्तार किया जा सका। घटना सोरांव थाना क्षेत्र के अब्दालपुर खास के अचकवापुर गांव में रविवार सुबह की है।

इंद्रजीत पटेल।

आरोपी सर्वेश। अमृत विचार

जानकारी के मुताबिक सोरांव थाना क्षेत्र के अब्दालपुर खास के अचकवापुर गांव के रहने वाले इंद्रजीत पटेल उर्फ़ मोनू (24) अपना दल (एस) विधि मंच के जिला सचिव थे। वह एलएलबी पांचवें सेमेस्टर के छात्र थे। इसके अलावा वह हाईकोर्ट में प्रैक्टिस भी करते थे। बतादेंकि गांव के ही सर्वेश पुत्र राम सुमेर से करीब 14 वर्षों से दान दी गयी भूमि का विवाद चल रहा था। सर्वेश के पिता ने इंद्रजीत को 2010 में जमीन दान दी थी। उस जमीन को सर्वेश इंद्रजीत वापस मांग रहा था। जिसे इंद्रजीत ने देने से मना कर दिया था। रविवार की सुबह इंद्रजीत खेत की तरफ गये थे। उस दौरान सर्वेश पिस्टल लेकर पहुंचा और इंद्रजीत के सिर में गोली मार दी। गोली चलते ही खेत में रहे कुछ लोगो ने शोर मचाया तो सर्वेश ने उनपर भी पिस्टल तान दी। घटना की बाद गांव में हड़कंप मच गया। सर्वेश पिस्टल लेकर गांव में घूम रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने बवाल शुरु कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश की तो आरोपी ने खुद को गोली मरने की धमकी देने लगा। जिसके बाद मौके पर रहे डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने एसटीएफ को बुलाया गया। जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। सोरांव थाना प्रभारी सतीश कुमार के मुताबिक आरोपी सर्वेश फाफामऊ में एक एटीएम में गार्ड की नौकरी करता है। इसके पिता रामसुमेर खेती किसानी करते है।

डीसीपी, गंगा नगर अभिषेक भारती ने बताया कि आरोपी सर्वेश को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से दो तमंचा बरामद किया गया है। यह तीन भाइयो में सबसे बड़ा है। बाकी दो भाई सब्जी का कारोबार करते है। बाकी आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग में आए मलबे को हटाती जेसीबी मशीन।

पूर्णागिरि मार्ग तीसरे दिन भी रहा बंद

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार। चम्पावत जिले में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा से जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है। मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा और पर्वतीय इलाकों में पिछले 36 घंटों से मूसलधार वर्षा का सिलसिला जारी है। टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 24 घंटे बाद भी सुचारू नहीं हो पाया। इससे पिथौरागढ़ और चम्पावत जिलों का सड़क संपर्क पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। इससे पहाड़ और मैदानी क्षेत्र को आने जाने वाले यात्रियों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। रविवार को पांच राज्य मार्ग और 30 ग्रामीण सड़कें मलबा आने से दिनभर बंद रहीं। राष्ट्रीय राजमार्ग के स्वाला के पास लगातार गिर रहे मलबे के कारण दूसरे दिन भी हाईवे सुचारू नहीं हो पाया। स्वाला के पास शनिवार की शाम 5:30 बजे मलबा आने से सड़क बंद हो गई थी। रविवार को दिन भर टनकपुर से चम्पावत, लोहाघाट और पिथौरागढ़ के लिए वाहनों की आवाजाही ठप रही। कई वाहन हल्द्वानी से देवीधुरा-लोहाघाट होते हुए पिथौरागढ़ को रवाना हुए। रविवार को लोहाघाट-पिथौरागढ़ हाईवे पर सिंगदा के पास मलबा आने से कई घंटों तक आवागमन बंद रहा। पांच राज्य मार्ग सहित 30 ग्रामीण सड़कों पर भी वाहन नहीं चल पाए। ग्रामीण सड़कें बंद होने से गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कटा हुआ है। इधर मां पूर्णागिरि धाम के पास तीन दिन पूर्व गिरे चट्टान से आवाजाही यहां बंद है भारी बरसात होने के कारण चट्टान और मलवे को अभी तक नहीं हटाया जा सका है। हालांकि प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को आ रहे श्रद्धालुओं को ककरालीगेट से आगे नहीं जाने दिया जा रहा है।

राम मंदिर के वीवीआईपी, वीआईपी दर्शन मार्ग पर बनाया जाएगा द्वार

अयोध्या कार्यालय

- राजकीय निर्माण निगम को मिला जिम्मा, खर्च होगा 14 करोड़ रुपये
- इसी कार्यदायी संस्था ने बनवाया था रामपथ स्थित मुख्य द्वार

अमृत विचार। राम जन्मभूमि परिसर के दो अन्य द्वारों के निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। जिसके तहत वीवीआईपी प्रवेश द्वार रामपथ स्थित गेट नंबर 11 और वीआईपी प्रवेश द्वार वेद मंदिर के सामने भव्य द्वार का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को बनाया गया है तथा दोनों द्वारों के निर्माण पर कुल 14 करोड़ रुपये से ज्यादा के खर्च का अनुमान लगाया गया है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से राम जन्मभूमि पर राजस्थान के लाल बलुआ पत्थर से प्राचीन नागर शैली में मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही परिसर के विकास के लिए अन्य योजनाओं पर कार्य जारी है। राममंदिर के प्रथम तल और गर्भगृह का निर्माण पूरा होने के बाद प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व राम जन्मभूमि पथ पर राम पथ किनारे लाल बलुआ पत्थर से ही आकर्षक मुख्य द्वार का निर्माण कराया गया था। वर्तमान में ट्रस्ट की ओर से वीआईपी श्रद्धालुओं का परिसर में प्रवेश मंदिर परिसर के उत्तर तरफ वेद मंदिर के सामने से निर्धारित किया है, जबकि राज्यपाल, सीएम आदि वीवीआईपी को मंदिर परिसर में प्रवेश रामपथ स्थित गेट नंबर 11 से दिया जाता है। राम मंदिर निर्माण समिति की ओर से मुख्य द्वार के निर्माण के बाद वीआईपी तथा वीवीआईपी दर्शन मार्ग पर दो नए प्रवेश द्वार के निर्माण का निर्णय लिया था, जिस पर प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है।

जल्द ही परियोजना पर शुरू होगा कार्य

- राजकीय निर्माण निगम के राम मंदिर इकाई के परियोजना प्रबंधक कैवल्य मिश्रा का कहना है कि योजना के तहत 13 करोड़ 27 लाख 56 हजार की लागत से सिविल कार्य और 87 लाख 31 हजार की लागत से इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल कार्य कराया जाना है। निविदा प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। जल्द ही परियोजना पर कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

17,342 कारीगर व शिल्पकार किए गए प्रशिक्षित

लखनऊ। कारीगरों व शिल्पकारों के सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रदेश के 21 जिलों में 17,342 कारीगरों व शिल्पकारों को प्रशिक्षित किया गया है। व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योजना के तहत आगरा, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, जौनपुर, झांसी, कौशांबी, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, मऊ, प्रतापगढ़, सहारनपुर, सोनभद्र व वाराणसी में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें युवाओं को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षित कारीगरों व शिल्पकारों ने अपनी दक्षता में सुधार किया है।

रिटायर्ड सीएमओ से 1.26 करोड़ की ठगी में 3 गिरफ्तार

संवाददाता, प्रयागराज

- 5वीं पास शबीना ने विदेशी दोस्तों के साथ मिल खेला खेल

अमृत विचार। शहर में रिटायर्ड सीएमओ आलोक वर्मा से आनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर 1.26 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह की सरगना शबीना मोहम्मद उसके पति सुहैल मोहम्मद और भाई अमीरुद्दीन को साइबर थाने की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। तीनों सूरत जिले के रानडेर के निवासी है।

डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती उस बताया कि रिटायर्ड सीएमओ ने 29 अप्रैल 2024 को साइबर थाने में मामले की शिकायत की थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर शातिरों की तलाश की जा रही थी। इंस्पेक्टर साइबर थाना राजीव तिवारी की टीम ने सुरागकशी की। इसके बाद टीम ने शबीना, उसके पति सुहैल और भाई अमीरुद्दीन की जानकारी जुटानी शुरु कर दी।

जानकारी होने पर सिपाही लोकेश पटेल, अतुल त्रिवेदी, रणवीर सिंह, प्रदीप यादव, अनुराग यादव, प्रियांशी सिंह और शिखा सिंह ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि शबीना की पहली शादी साउथ अफ्रीका के एक युवक से हुयी थी। शबीना पांचवीं तक पढ़ी है। साउथ अफ्रीका में रहकर उसने अंग्रेजी सीख लिया था। इसके बाद वह ट्रेडिंग कम्पनी में काम करने लगी। इन दो साल में वह वह साइबर अपराधियों के साथ रहने लगी। इसी दौरान शबीना की दूसरी शादी मोहम्मद पटेल सुहैल मोहम्मद से हो गई। सुहैल दस तक पढ़ा है। तीनों विदेश मे रहने लगे थे। पुलिस ने बताया की सुहैल सोना तस्करी के मामले मे अहमदाबाद एयरपोर्ट से पकड़ा गया था।

मामा की राइफल से चली गोली, किशोर की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ममेरे भाई के साथ खेलते समय चली गोली, कृष्णानगर के प्रेमनगर में हुई घटना
- किशोर का पिता जालौन के आलमपुर का निवासी, सेना में पंजाब में हैं तैनात

अमृत विचार। कृष्णानगर के प्रेमनगर में रविवाद देर शाम को शिवा (13) की मामा के लाइसेंसी राइफल से गोली लगने से मौत हो गई। हादसे के वक्त वह अपने ममेरे भाई के दिव्य के साथ खेल रहा था। पुलिस के मुताबिक परिजन के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शिवा।

मूलतः जालौन (कालपी) के आलमपुर निवासी बलबीर सिंह सेना में हैं। वर्तमान में उनकी तैनाती पंजाब में है। वहीं पत्नी पुष्पा गांव आलमपुर में रहती है। बलबीर के तीन बच्चे बड़ी बेटी रीतू, रेनू और बेटा शिवा लखनऊ में रहकर पढ़ाई करते हैं। बच्चों की पढ़ाई के लिए बलबीर ने कृष्णानगर के प्रेमनगर निवासी अनूप शर्मा के मकान का एक हिस्सा किराए पर लिया है। इसी में उनका साला संजय और उसका बेटा ओमजी भी रहता है। वह लखनऊ में गार्ड की नौकरी करता है। उसके नाम से लाइसेंसी राइफल है। दिव्य और शिवा दोनों कृष्णानगर इलाके के सेंट एंथोनी स्कूल में कक्षा छह में पढ़ते हैं। रविवार देर शाम करीब छह से सात बजे के बीच दोनों बहनें रीतू और रेनू एक कमरे में थी। मामा संजय बाजार सब्जी लेने गए था। शिवा और दिव्य दूसरे कमरे में खेल रहे थे। कमरे में ही संजय की राइफल रखी थी। खेलते हुए शिवा और दिव्य ने राइफल उठा ली और एक दूसरे पर निशाना लगाने लगे।

छीना-झपटी में चली गोली पेट में लगी

- परिजन ने पुलिस को बताया कि दोनों खेलते समय एक दूसरे से राइफल छीनने लगे। इसी छीना-झपटी में राइफल का ट्रिगर दब गया। गोली सीधे शिवा के दाहिनी तरफ पेट में जा लगी। वह खून से लथपथ फर्श पर गिर गया। कमरे से गोली चलने की आवाज सुनकर बहने उस तरफ दौड़ी। कमरे में शिवा फर्श पर पड़ा चीख रहा था। उसके पेट से खून बह रहा था। आनन-फानन दोनों ने मामा संजय को कॉल किया। संजय उसे लेकर लोकबंधु अस्पताल गए। जहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने शिवा को मृत घोषित कर दिया।

बच्चों ने खुद लोड की मैग्जीन

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों बेटियों और दिव्य से पूछताछ की। तीनों बताया कि कमरे में राइफल रखी थी। दिव्य ने पुलिस को बताया कि खेलते समय दोनों की नजर पड़ी। शिवा राइफल उठा ली थी। दोनों ने मिलकर अलग रखा हुआ मैग्जीन लोड की। कब लॉक खुल गया उनको पता ही नहीं चला। एक दूसरे पर डराने के लिए तान रहे थे। इसी खींचतान में अचानक से ट्रिगर दब गया और गोली चल गई। पुलिस के मुताबिक मृतक के पिता बलबीर इस समय अवकाश पर हैं। वह गांव आलमपुर में थे। घटना की जानकारी दी गई है। वह पत्नी पुष्पा के साथ लखनऊ के लिए चल दिए है। देर रात तक पहुंचने की उम्मीद है।

अप्रैल माह में पढ़ाई करने आये थे लखनऊ

- पुलिस के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि बलबीर बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए लखनऊ में रखना चाहते थे। इसी कारण उन्होंने इस बार अप्रैल में अपने साले संजय से कमरा तलाशने के लिए कहा। प्रेम नगर में अनूप के मकान को किराए पर लिया। यहीं पर संजय की निगरानी में बलबीर के तीनों बच्चे रीतू, रेनू और शिवा के साथ उसका बेटा दिव्य भी रहने लगा। दिव्य और शिवा एक साथ स्कूल जाते थे।

सपा मुख्यालय पर अखिलेश ने लगाया बरगद का पौधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पृथ्वी को हरा-भरा रखने का दिया संदेश

अमृत विचार। प्रदेशव्यापी पीडीए पौधरोपण अभियान के तहत सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर बरगद का पौधा लगाया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसी के साथ ही, पार्टी की ओर से एक जुलाई से चल रहे अभियान का समापन हो गया।

इस मौके पर सपा प्रमुख ने कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा रखने व पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाना व उनकी सुरक्षा करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज 'ग्लोबल वार्मिंग' पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन गया है। इससे बचने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण व अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए हर वर्ष की तरह इस साल भी समाजवादियों ने पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर बड़ी संख्या में नीम, पीपल और बरगद के पेड़ लगाए हैं। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी समेत अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे।

दिल्ली जा रही लाखों की सुपारी पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ट्रक पर लदी थी 25 टन, कीमत 30 लाख रुपये से अधिक

अमृत विचार। गुपचुप तरीके से दिल्ली भेजी जा रही 25 टन सुपारी को जीएसटी दल ने धर लिया। यह सुपारी असम से चली थी। बिना वैध प्रपत्रों के अयोध्या रोड पर इसे पकड़ा गया है। इसकी कीमत 30 लाख रुपये से अधिक है। सही आकलन अभी नहीं हो सका है। गौर करने की बात यह है कि तमाम स्टेट के बैरियर लांघता सुपारी भरा यह ट्रक राजधानी की टीम ने पकड़ लिया। सवाल उठता है कि अन्य जिलों के बैरियर इसे क्यों नहीं पकड़ पाए।

मुख्यालय के निर्देश पर एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 अमरेश त्रिपाठी ने ज्वाइंट कमिश्नर अखिलेश कुमार सिंह को सूचना पर तत्काल सतर्क होने के निर्देश दिए। जेसी के नेतृत्व में असम से आ रही सुपारी को लेकर टीम को तत्काल सतर्क कर मौके पर अयोध्या रोड के चेक पोस्टों के इर्द-गिर्द नजर रखने को कहा। इसी बीच डिप्टी कमिश्नर और सीटीओ विपिन मिश्रा ने असम से आ रही सुपारी की ट्रक को अयोध्या रोड पर रोक लिया। इस पर 25 टन सुपारी लदी हुई थी। संयुक्त आयुक्त सिंह के मुताबिक इसकी कीमत करीब 30 लाख से अधिक है। जांच करने पर पता चला कि माल को भेजने वाले ने अपना पंजीयन ही निरस्त कर दिया। इससे इसकी वैधता पर सवाल उठने लगे। ट्रक को जब्त कर लिया गया है। दिल्ली जा रहा इस ट्रक का माल कहां उतरना है।

दिल्ली, मुम्बई जाने वाली कई विमान सेवा निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बारिश और खराब मौसम का असर रविवार की सुबह लखनऊ एयरपोर्ट पर आने जाने वाले उड़ानों पर दिखा। रविवार को दोपहर 12:20 मिनट पर आगरा जाने वाली इण्डिगो की विमान संख्या 6 ई 7928 निरस्त, देर शाम 20:20 पर दिल्ली जाने वाली इण्डिगो की विमान संख्या 6 ई 546 रद्द हुई, 20:40 बजे लखनऊ से मुम्बई जाने वाली एयर इण्डिया एक्सप्रेस की उडान संख्या आई एक्स 2784 को भी निरस्त कर दी गयी। आगरा से लखनऊ 15:15 पर आने वाली उडान निरस्त , इण्डिगो की दिल्ली से लखनऊ आने वाली उडान संख्या 6ई538 रद्द, दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इण्डिया एक्सप्रेस की उडान संख्या आईएक्स 2784 निरस्त रही। दम्माम से आने वाली फ्लाईनेस की उडान अपने तय समय से एक घण्टे देरी से पहुंचीं।

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

निरीक्षण | बोले-अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को न होने पाए असुविधा, सुरक्षा में लगेगी एटीएस व एसटीएफ

जल निकासी की अव्यवस्था देख नाराज हुए मुख्य सचिव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अयोध्या नगर के जलवानपुरा से जल निकासी की अव्यवस्था देख नाराजगी जताई। 24 घंटे के अंदर इसकी व्यवस्था का निर्देश दिया। उन्होंने कांवड़ यात्रा और सावन झूला मेले के तैयारियों की समीक्षा में कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं होने पाए। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि सावन झूला मेले के दौरान ड्रोन कैमरे से सतत निगरानी होगी। मेले की सुरक्षा के मद्देनजर एटीएस व एसटीएफ की तैनाती की जाएगी। मुख्य सचिव ने अयोध्या, बस्ती और देवीपाटन मंडलों की समीक्षा की। 22 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है।

एयरपोर्ट से सीधे अयोध्या विकास प्राधिकरण कार्यालय के सभागार में आयोजित समीक्षा और पत्रकारों से बातचीत में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए इसका जिला प्रशासन और पुलिस विभाग विशेष रूप से ध्यान रखे। मुख्यमंत्री का निर्देश है उनकी चिंता भी है, आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में अच्छी व्यवस्था हो। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा में कहा कि श्रद्धालुओं से विनम्रता का व्यवहार किया जाए। संपूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जाए। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरीकेडिंग का प्रयोग करें। सरयू नदी में निर्धारित स्नान स्थलों पर ही स्नान करने दिया जाए। जल बैरिकेडिंग लगाई जाएगी। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ, गोताखोर, स्टीमर की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। मेले की ड्रोन से लाइव स्ट्रीमिंग भी करवाई जाएगी। दोनों अफसरों ने कहा कि प्रशासन और पुलिस विभाग के लोग सभी स्थलों का पहले ही दो-तीन बार स्थलीय निरीक्षण करें। डायवर्जन प्लान को समय से लागू करने और पार्किंग की व्यवस्था समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि सावन मास 22 जुलाई से शुरू होकर 19 अगस्त को समाप्त होगा। संचालन मंडलायुक्त गौरव दयाल ने किया। देवीपाटन मंडल व बस्ती मंडल के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक वीडियो काफ्रेसिंग के जरिए जुडे. थे। बैठक में मंडलायुक्त देवीपाटन शशिभूषण लाल सुशील, मंडलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, अपर आयुक्त प्रशासन अजय आदि मौजूद थे।

निरीक्षण करते प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह। अमृत विचार

झूला मेला व कांवड़ यात्रा के लिए पांच आवश्यक निर्देश

- सावन झूला मेला क्षेत्र और कांवड़ यात्रा मार्गों पर सफाई के लिए 15 सौ अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था की जा रही है।
- मार्गों और मंदिर की सीढ़ियों व शिवलिंग के आसपास फिसलन से बचने के लिए नियमित सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।
- कांवड़ यात्रा मार्ग व मेला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था, सुलभ शौचालय, पर्याप्त दवाइयों की व्यवस्था, फस्टऐड किट, टीन शेड विश्राम स्थल, पूर्ण प्रकाश व्यवस्था व निर्वाध विद्युत आपूर्ति, पार्किंग की व्यवस्था समय से पूरी की जाए।
- कांवड़ यात्रा के मार्गों पर भंडारे, पेयजल, फूड स्टाल आदि नहीं लगाएं जाएंगे। निराश्रित गौवंश को निराश्रित आश्रय स्थलों में पहुंचाएं।
- श्रद्धालुओं के लिए 25 सहायता केंद्र, अस्थायी उपचार केन्द्र खोलें।

एक नजर

नसबंदी को लेकर बढ़ा पुरुषों का रुझान

अमृत विचार, लखनऊ : परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ने से प्रदेश में परिवार नियोजन साधनों के उपयोग में भी वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2022-23 से 2023-24 तक कुल परिवार नियोजन साधनों के उपयोग में 14 फीसद की वृद्धि हुई है। नसबंदी में पुरुषों का रुझान बढ़ा है, 29 प्रतिशत वृद्धि पुरुष नसबंदी में और महिलाओं में 17 फीसद का इजाफा हुआ है। वहीं, त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा के इस्तेमाल में 41 फीसद हुई है। महाप्रबंधक परिवार नियोजन डॉ. सूर्यांश ओझा ने रविवार को बताया कि प्रसव उपरांत परिवार नियोजन में इंट्रायूटेरिन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस (पीपीआईयूसीडी) के इस्तेमाल में 24 फीसद की वृद्धि हुई है, जबकि आईयूसीडी के उपयोग में 12 प्रतिशत का इज़ाफा हुआ है।

स्कूली वाहनों की जांच के लिए आज से चलेगा अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : स्कूली वाहनों की जांच के लिए सोमवार को प्रदेश में जांच अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में परिवहन विभाग के अधिकारी फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र समेत 13 बिंदुओं पर वैधता की जांच करेंगे। सभी बिंदुओं पर सही न मिलने पर वाहनों की सीज कर संबंधित थानों में बंद करा दिया जाएगा। परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह के मुताबिक प्रदेश के स्कूलों में 55 हजार वाहन संचालित हैं। इनकी जिले वार सूची तैयार कर ली गई है। परिवहन मंत्री ने फिट और अनफिट वाहनों की अलग-अलग सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

आज खुलेगा तीन जोन में सफाई का टेंडर

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के तीन जोन में सफाई के लिए टेंडर सोमवार को खोला जाएगा। पांच कंपनियों ने इसमें रुचि दिखाई है। जिस कंपनी को काम मिलेगा वह जोन दो, पांच व आठ में सड़क और नालियों की सफाई करेगी। इसके लिए नगर निगम प्रतिमाह 6.5 करोड़ रुपये भुगतान करेगा। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और डम्पिंग यार्डों से शिवरी प्लांट तक कूड़ा पहुंचाने का खर्च अलग से दिया जाएगा। नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए ईकोग्रीन कंपनी को हटा दिया था। इसके बाद सभी आठ जोन में सफाई के लिए बड़ी कंपनी को लाने के लिए टेंडर निकाले थे। जोन एक, तीन, चार, छह और सात का काम हैदराबाद की कंपनी रामकी को मिला था। कंपनी अभी घरों से कूड़ा कलेक्शन का काम कर रही है।

बसपा में जिला स्तर पर कार्यकारिणी में बदलाव

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में हार के बाद बसपा ने जिला स्तर पर कार्यकारिणी का रिव्यू करना शुरू कर दिया हैं। बसपा प्रमुख मायावती के निर्देश पर रविवार को लखनऊ समेत कई जिलों में निष्क्रिय सदस्यों के स्थान पर नए सक्रिय सदस्यों को शामिल किया गया है। उक्त क्रम में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि जिला इकाई में महासचिव करन पटेल समेत आठ सदस्यों को नियुक्त किया गया है। कमेटी में उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल, सचिव रमा शंकर गौतम, खजांची युसुफ गाजी को नियुक्त किया गया है, इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में एड.विशाल कांशी, कुलदीप रावत, बीवीएफ संयोजक विजय चौधरी, संयोजक बामसेफ आर के बर्मन को बनाया गया है।

रेशम उद्योग को बढ़ावा देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में कारोबारी माहौल को बढ़ाकर वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही प्रदेश सरकार रेशम उद्योग को भी बढ़ावा देने को तैयार है। इसी क्रम में, अब महराजगंज, बस्ती, सहारनपुर व औरैया को मल्टी एंड रीलिंग यूनिट्स से लैस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इन रीलिंग यूनिट्स के अंतर्गत 10 बेसिन युनिट्स की क्रय प्रक्रिया रेशम विभाग ने शुरू कर दी है। इस क्रय प्रक्रिया को कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी द्वारा पूरा किया जाएगा, जिसे रेशम विभाग नियुक्त करेगा। कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी को कार्य आवंटन के बाद 90 दिनों के भीतर इन सभी युनिट्स को निर्धारित जिलों में डिलिवर व इंस्टॉल करना होगा। कार्य को पूरा करने के लिए रेशम विभाग की ओर से जो आवेदन मांगे गए हैं, उसमें मुख्यतः उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय व राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम से पंजीकृत कंपनियों को वरीयता दी जाएगी।

दरअसल, मल्टी एंड रीलिंग यूनिट में विभिन्न मशीनरी कॉम्पोनेंट्स होते हैं, जो बेसिन युनिट्स के अंतर्गत आते हैं। कुल 10 बेसिन युनिट्स की क्रय प्रक्रिया फिलहाल रेशम विभाग द्वारा पूरी की जा रही है।

हरियाली बढ़ाने को पड़ोसी देश व राज्यों के बीच बनेगा समन्वय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश की सीमाओं पर अपनी जमीन पर पौधरोपण के साथ ही दूसरे राज्यों को भी जोड़ेगा वन विभाग
- नेपाल व सीमावर्ती राज्यों पर इस बार मित्र वन बसाएगी प्रदेश सरकार
- 35 वन प्रभागों द्वारा मित्र वन की स्थापना के लिए स्थानों का किया गया चयन

अमृत विचार : प्रदेश सरकार वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत पड़ोसी देश नेपाल व उप्र. के सीमावर्ती राज्यों पर मित्र वन बसाएगी। इसके लिए 35 वन प्रभागों में स्थानों को चुन लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर 20 जुलाई को 35 करोड़ पौधरोपण के साथ ही हरियाली बढ़ाने के लिए वन विभाग पड़ोसी देश व राज्यों से भी समन्वय स्थापित कर रहा है।

यही नहीं, सीमाओं पर उप्र. की जमीन में पौधरोपण के साथ ही वन विभाग दूसरे राज्यों के गणमान्यों को इस महाभियान से जोड़ेगा। उप्र. के सीमावर्ती जिलों सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, सोनभद्र, मीरजापुर, प्रयागराज, चित्रकूट, बांदा, महोबा, झांसी, ललितपुर, जालौन, इटावा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, बागपत व शामली में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारी की जा चुकी है।

दरअसल, बीते दिनों एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल की ओर पौधरोपण को लेकर चिंता भी जाहिर की थी। इसे देखते हुए वन विभाग इस बार नेपाल के बॉर्डर वाले सोनौली महराजगंज, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बहराइच, पीलीभीत समेत सभी जिलों की सीमाओं पर भी मित्र वन स्थापित करेगी। यहां पौधरोपण के दौरान न सिर्फ प्रदेश के जनप्रतिनिधि, बल्कि पड़ोसी देश से भी समन्वय स्थापित कर उन्हें इस कार्यक्रम से जोड़ने की पहल की जाएगी।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने 35 वन प्रभागों की ओर से मित्र वन की स्थापना के लिए स्थान का चयन करते हुए पड़ोसी देश नेपाल व सीमावर्ती राज्य के गणमान्य अतिथियों से कराए जाने वाले पौधरोपण के लिए पौध प्रजातियों को चिह्नित करने का भी निर्देश दिया है। अपर मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह ने बताया कि पौधरोपण के लिए नर्सरी में पौधे भी तैयार हो गए हैं। मित्र वन बसाने व उसे समृद्ध बनाने के लिए संबंधित प्रभागों के डीएफओ को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

बारिश से अस्त-व्यस्त हुई बिजली आपूर्ति, लोग परेशान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बाधित हुई बिजली
- नहीं चालू हो सकीं बंद इकाइयां पर घट गई बिजली की अधिकतम मांग

अमृत विचार : बारिश के कारण रविवार को प्रदेश में बिजली की मांग घट गई। अधिकतम मांग लगभग 22 हजार मेगावाट दर्ज हुई, पर स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट की चपेट में आ गये। घंटों बिजली आपूर्ति चालू न होने के कारण लोग परेशान रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, रिजर्व शट डाउन पर भेजी गईं टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट क्षमता की चार इकाइयां और हरदुआगंज की 250 मेगावाट व 105 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों में उत्पादन ठप रहा। इन इकाइयों के सोमवार को चालू किए जाने की संभावना है। दूसरी ओर, तकनीकी खराबी के कारण ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट व 250 मेगावाट, ओबरा बिजलीघर की दो-दो सौ मेगावाट की दो इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। इससे करीब 1522 मेगावाट बिजली उत्पादन कम रहा। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति के साथ स्थिति काबू में की गई। सूत्रों ने बताया कि मांग में कमी आने के बाद भी गांवों, नगर पंचायतों, तहसील मुख्यालयों व बुंदेलखंड क्षेत्रों में घोषित बिजली कटौती होती रही। गांवों में 22 घंटे, नगर पंचायतों व तहसील क्षेत्रों में 23.50 घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में 22 घंटे बिजली आपूर्ति हुई पर बारिश के कारण ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे क्षेत्रों में बिजली संकट बना रहा।

सोशल मीडिया के जरिए उपभोक्ताओं से संवाद और मजबूत करेगा पावर कॉरपोरेशन

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन सोशल मीडिया के जरिए उपभोक्ताओं से संवाद और मजबूत करेगा। कॉरपोरेशन की ओर से वितरण निगमों में खुले सोशल मीडिया सेल को मजबूत करने के निर्देश दिये गये हैं। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सभी जिलों में उपभोक्ताओं के साथ संवाद स्थापित करने का अच्छा माध्यम बन रहे हैं। इन माध्यमों के जरिए लोग न सिर्फ बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतें दर्ज करा रहे हैं, बल्कि अन्य समस्याएं दर्ज कराकर निराकरण भी करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वॉट्सएप व एसएमएस के जरिए उपभोक्ताओं को उनके बकाया बिलों व उनके भुगतान की तारीखों के बारे में अलर्ट भेजने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

देश के आ नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए आज से शुरू होगी सुनवाई

प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए सोमवार से सुनवाई शुरू होगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग कानपुर में केस्को कार्यालय में उपभोक्ताओं का पक्ष सुनेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं का पक्ष मजबूती से रखा जाएगा। किसी भी हाल में प्रदेश में नई बिजली दरें बढ़ने नहीं दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं की सरप्लस धनराशि निकल रही है, ऐसे में बिजली दरें बढ़ाने के बजाय कम किये जाने की आवश्यकता है।

25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : बुलंदशहर कोतवाली पुलिस ने रविवार को 25 हजार के इनामी अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर बुलंदशहर के अलावा महाराष्ट्र के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित कुल नौ मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कोतवाली क्षेत्र के धमेड़ा बस अड्डे के पास चेकिंग के दौरान बाइक पर जा रहे कुछ लोगों को चेकिंग के उद्देश्य से रोका गया। इस दौरान बाइक सवार भागने लगे। जब इनका पीछा किया गया तो अचानक बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। जवाब में फायरिंग की गई, जिसमें एक बाइक सवार घायल होकर बाइक से गिर पड़ा। जब मौके पर जाकर देखा गया तो वह इनामी अपराधी बादल निकला, जबकि बाइक पर बैठा दूसरा व्यक्ति मौका देख कर फरार हो गया। बादल के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास सहित कई मामले दर्ज हैं। सिर्फ महाराष्ट्र के ही विभिन्न थानों में पांच गंभीर मामले दर्ज हैं। महाराष्ट्र पुलिस लंबे समय से बादल की तलाश कर रही थी।

मंडल में आज से पकड़े जाएंगे निराश्रित गोवंश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाएंगी पांच विभागों की टीमें
- पकड़ने से पहले की जाएगी गोवंश की गिनती

अमृत विचार : लखनऊ मंडल के सभी जिलों के नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित गोवंशों को पकड़ने के लिए सोमवार से अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए पुलिस समेत छह विभाग की टीमों को लगाया गया है। पकड़ने से पहले टीमें निराश्रित गोवंश की गिनती करेंगी, फिर उन्हें पकड़कर गोशालाओं में भेजेंगी।

प्रदेश में निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित करने के लिए नवंबर से फरवरी तक विशेष अभियान चलाया गया था। शासन के संज्ञान में आया कि लखनऊ मंडल के लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी जिले में निराश्रित हैं। इन गोवंशों को संरक्षित करने के लिए सोमवार से अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। गोवंश की पहले गणना की जाएगी फिर 20 जुलाई तक पकड़कर उन्हें गोशालाओं में संरक्षित किया जाएगा।

अभियान में पशुपालन, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, राजस्व, नगर विकास के साथ पुलिस विभाग को भी शामिल किया गया है। शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन गोशालाएं तैयार कर क्रियाशील कराएं और संचालित अस्थाई गोशालाओं की क्षमता बढ़ाई जाए।

भवनों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों से ज्यादा होगी हाउस टैक्स की वसूली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अभी तक केवल नगर निगम वाले 17 शहरों में ही लागू थी यह व्यवस्था
- अब नगर पालिका परिषदों व पंचायतों में भी इसी तरह हाउस टैक्स की होगी वसूली

अमृत विचार : प्रदेश सरकार बड़े शहरों की तरह छोटे शहरों में भी भवनों का व्यावसायिक उपयोग कर ज्यादा मुनाफा कमाने वालों से दो से तीन गुना तक हाउस टैक्स लेगी। अभी तक यह व्यवस्था केवल नगर निगम वाले 17 शहरों में ही लागू थी। अब नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में भी इसी तरह हाउस टैक्स की वसूली की जाएगी।

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस बाबत मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद उप्र. नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 जारी कर दी है। इसके आधार पर अब नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में भी हाउस टैक्स की वसूली होगी। इन शहरों में रहने वाले भवन स्वामी स्वयं अपना हाउस टैक्स तय कर निकायों में जमा कर सकेंगे।

नियमावली के अनुसार, सरकारी छात्रावास, राजकीय या सहायता प्राप्त संस्थानों, स्वीमिंग पुल, क्रीड़ा केंद्र, जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केंद्र, थियेटर केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम वाले, संगीत व नृत्य केंद्र से नियत दर के समान हाउस टैक्स लिया जाएगा। इसी क्रम में लघु औद्योगिक इकइयां, एकल स्क्रीन सिनेमाघर, 120 वर्ग फीट या 11.14 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की चाय की दुकान, दूध, डबलरोटी, अंडे, धोबी, लांड्री, फल, सब्जी, फोटो स्टेट, हेयर ड्रेसर व दर्जी की दुकान वालों से सामान्य हाउस टैक्स की वसूली की जाएगी।

वहीं, मेडिकल स्टोर, प्रत्येक प्रकार के वाणिज्यक काम्प्लेक्स, स्थापित बाजारों में स्थित दुकानें, टेंट हाउस, भवन निर्माण सामग्री की दुकान और निजी कोचिंग संचालकों से दोगुना हाउस टैक्स लिया जाएगा। उदाहरण के लिए सामान्य भवन का जितना हाउस टैक्स होता है, इन भवनों से इसका दोगुना हाउस टैक्स वसूलने की तैयारी है।

बीएल संतोष ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को किया उत्साहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप चुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ करना है काम
- बोले- हताश न हों, संगठन के विस्तार का कार्य लगातार रहेगा

अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने लगातार दूसरे दिन उप्र. में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए आगामी चुनावों के लिए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया। इस क्रम में रविवार को उन्होंने प्रदेश के दलित व ओबीसी नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी नेताओं ने आशानुरूप परिणाम न आने के पीछे अलग-अलग कारण बताए।

सूत्रों के अनुसार, एक बड़ा कारण यह भी सामने आया कि इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संविधान व आरक्षण के विषय पर जो भाजपा विरोधी प्रचार किया उसका समय रहते पार्टी से काट न हो सका। ऐसे में सशंकित एक बड़े वोटबैंक से भाजपा को मत नहीं मिल सके। सूत्रों के मुताबिक, संगठन महामंत्री को स्थानीय नेताओं ने बताया कि दलित समाज के मन में यह आशंका थी कि सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है। यह एक बड़ा मुद्दा बना जो पार्टी के पक्ष में नहीं गया।

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में मंत्री असीम अरुण, गुलाब देवी और प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत शामिल रहीं। बैठक में बीएल संतोष ने पार्टीजन को उत्साहित करते हुए कहा कि संगठन के विस्तार का कार्य लगातार जारी रहेगा। प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ काम करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक कार्यक्रमों व अभियानों के साथ ही अपने सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्वो के प्रति भी सजग है। हमें सतत् सम्पर्क व संवाद के मूलमंत्र के साथ जनता के सदैव सम्पर्क में रहकर कार्य करना है। वहीं, उन्होंने लखनऊ में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारी की भी जानकारी ली। संगठन महामंत्री ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक से संगठनात्मक कार्ययोजना को पटल पर रखा जाएगा, जो आगामी कार्यक्रमों व अभियानों के माध्यम से संगठन को गति प्रदान करेंगे।

वर्ग पहेली-124

बाएं से दाएं

3. निवास स्थान, रहने का स्थान।
4. दूसरों की आंख बचाकर छोटी-मोटी चीज़ें उठा या चुरा लेने वाला।
6. कश्मीर तथा अफ़गानिस्तान और फ़ारस आदि पश्चिमी एशियाई क्षेत्रों में पाया जाने वाला एक सीधा छतनार पेड़ जो बगीचों में शोभा के लिए लगाया जाता है, बनझाऊ।
7. 1. उम्मीद, आस, आशा 2. सहारा, अवलंब 3. शरण 4. सहायक 5. आश्रय, आधार।

ऊपर से नीचे

1. 1. ऊपर चढ़ना, आरोहण 2. सवार होना 3. धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाना।
2. वह धन जो किसी वस्तु के लिए या किसी को कोई काम करने के लिए पहले ही दे दिया जाए, अग्रिम धनराशि, बयाना, (एडवांस)।
3. 1. घुड़सवार सेना का नायक या अफ़सर 2. एकत्रित किए गए राजस्व को राजकीय कोषागार तक ले जाने वाले दल का प्रमुख।
5. 1. हंस, राजहंस 2. परमात्मा, ईश्वर 3. एक समवर्णिक छंद 4. श्रेष्ठ राजा।



वर्ग पहेली -123 का हल

			1 गा		2 अ
3 प	रि	सी	मा		नु
ली			कि		क
द			र		थ
	4 घू	र्	ण	5 मा	न
6 ख				शू	
ज		7 लु	ढ़	का	ना

सुडोकू -37

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7				5	4		
5				3	1		2	8
		2					3	6
				8	3		9	
	1		4		2		5	
	3		7	5				
4	8					2		
9	5		2	6				1
		1	3				7	

सुडोकू -36 का हल

2	5	4	6	7	3	9	1	8
1	8	9	2	5	4	7	6	3
3	7	6	1	8	9	4	5	2
8	6	7	5	9	1	3	2	4
5	9	3	4	6	2	8	7	1
4	2	1	7	3	8	6	9	5
7	1	5	3	4	6	2	8	9
9	3	2	8	1	7	5	4	6
6	4	8	9	2	5	1	3	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया पूर्ण रात्रि तक।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 06.03 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

मेष — आज आप आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। लगातार प्रयासरत रहने और मेहनत करने की प्रवृत्ति से आपको लाभ होगा। आप अपने निजी कार्यों को बहुत समय देंगे। आप अपने घर में बोरियत महसूस करेंगे, थोड़ा तनाव हो सकता है।

वृष — आज का दिन परिवार में उत्सव का माहौल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको प्रसिद्धि मिल सकती है। जीवनसाथी की बातें आपके ऊपर काफी असर डालेगी। व्यापार में नए संपर्क विकसित होने की संभावना है।

मिथुन — आज आपको करियर में अच्छे मौके मिल सकते हैं। आप अपने कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। धन की बचत करने का विचार बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में रोमांटिक भाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

कर्क — आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के दम पर आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे।

सिंह — आज धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिवार की समस्याओं को सुलझाने में सफलता मिलेगी। मनोरंजन पर आप धन खर्च कर सकते हैं। शासन की योजनाओं का लाभ उठाएंगे।

कन्या — आज पैतृक व्यवसाय में आप काफी सक्रिय रहेंगे। सहकर्मियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। एकाग्रचित्त होकर आपको काम करना चाहिए। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के प्रति आपकी निकटता बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन के लिए शुभ नहीं है।

तुला — आज के दिन पारिवारिक जीवन काफी सुखद रहने वाला है। आपको अपनी कार्यशैली पर काफी ध्यान देने की आवश्यकता है स, जिसके कारण आप भविष्य में काफी लाभ उठाएंगे। आप किसी सामाजिक और धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

वृश्चिक — आज आयात-निर्यात संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। नए संबंध आपको आगे बढ़ने में काफी मदद करेंगे। नया कारोबार शुरू करना चाह रहे हैं तो सरकारी एजेंसियों और बैंकिंग संस्थाओं का सहयोग आपको प्राप्त हो सकता है।

धनु — आज आपकी निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। आपकी वाणी में मिठास बढ़ेगी। व्यक्तिगत जीवन बहुत आनंदमय रहेगा। इस महीने प्रियजन आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को बहुत बड़ा लाभ हो सकता है।

मकर — आज का दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहने वाली है। घर की साज-सजावट में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। माता-पिता का विशेष आशीर्वाद आपको प्राप्त होगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कारोबार से जुड़ी यात्राओं के होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज सामाजिक कार्यों में आप बहुत सक्रिय रहने वाले हैं। निर्माण कार्यों से जुड़ी परियोजनाओं में बड़ा धन लाभ हो सकता है। दूसरों के विवादों में आप मध्यस्थ हो सकते हैं। अटके हुए कानूनी मामलों पर निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है।

मीन — आज आपकी कार्यकुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे व प्रेरणा भी लेंगे। जीवनसाथी का व्यवहार आपके प्रति बेहद सहयोगात्मक और रोमांटिक हो सकता है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी लापरवाह हो सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
मजाल — सुबह : 09.55
जो बोले सो निहाल — रात : 07.38

&pictures
एतराज — सुबह : 10.45
गुडबाय — रात : 08.00

SONY PIX
जॉन विक — सुबह : 11.41
रैमपेज — रात : 09.00

ZEE CINEMA
बागी — सुबह : 09.03
महाबली — शाम : 05.30

colors CINEPLEX
आर...राजकुमार — सुबह : 10.51
हिडिंभा — रात : 07.57

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- जरा किचन से आलू लेते आना।
पति- यहां तो कहीं आलू दिख नहीं रहे हैं।
पत्नी- तुम तो हो ही अंधे, कामचोर हो, एक काम ढंग से नहीं कर सकते, मुझे पता था कि तुम्हें नहीं मिलेंगे, इसलिए मैं पहले ही ले आई थी।
अब आदमी की कोई गलती हो तो बताओ!

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था, चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता - और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।

एक नजर

तेलंगाना में 2.98 करोड़ रुपये का सोना जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना में हैदराबाद जोन यूनिट के राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) अधिकारियों ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2,98,90,780 रुपये मूल्य का 3.982 किलोग्राम सोना जब्त किया। डीआरआई की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अधिकारियों ने विदेश से तस्करी कर लाये गये सोने को कोलकाता से बस से लाये जाने के संबंध में विशिष्ट खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को कोलकाता से हैदराबाद की बस में यात्रा कर रहे दो व्यक्तियों को पकड़ा। जांच से पता चला कि तस्करी का सोना दोनों व्यक्तियों द्वारा पहने गए कपड़े में बड़ी चालाकि से छुपाया गया था। डीआरआई अधिकारियों ने बताया की मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

छत्तीसगढ़ के सुकमा में पांच नक्सली गिरफ्तार

सुकमा (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार को जगरगुंडा पुलिस थाना क्षेत्र में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स और जिला बल ने संयुक्त अभियान चलाया था। अभियान के दौरान सुरक्षा दल ने नक्सलियों को गिरफ्तार किया। नक्सलियों की पहचान चिंतलनर पुलिस थाना क्षेत्र निवासी हेमला पाला (35), हेमला हुंगा (35), सोडी देवा (25), नुप्पो (20) और कुंजम मासा (28) के रूप में हुई है, और सभी सुरपंगुडा क्षेत्र में मिलिशिया सदस्य के रूप में सक्रिय थे। अधिकारियों ने बताया कि उनके पास से दो देसी बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) गोले, एक टिफिन बम, सात जिलेटिन छड़ें, नौ डेटोनेटर, विस्फोटक पाउडर और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बनाने में इस्तेमाल होने वाले अन्य सामान बरामद किए गए।

जम्मूः मंदिर में तोड़फोड़ आरोपी गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू के बाहरी इलाके में एक गांव में कथित तौर पर एक मंदिर में तोड़फोड़ की गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना होने के कुछ घंटों के भीतर आरोपी को पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने शनिवार देर रात जम्मू के पास नगरोटा के नारायण खू इलाके में पूजा स्थल में तोड़फोड़ की। स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने जम्मू जिले में कल शाम नगरोटा में हुई धार्मिक स्थल की तोड़फोड़ और आगजनी के मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है।

भव्य रथयात्रा के लिए पुरी में लाखों श्रद्धालु उमड़े, गूंजा जय जगन्नाथ

बारहवीं शताब्दी के मंदिर और तीन किलोमीटर लंबी भव्य सड़क के चारों ओर झांझ की ध्वनि गूंज उठी

पुरी, एजेंसी

ओडिशा की इस तीर्थ नगरी पुरी के जगन्नाथ मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्री जगन्नाथ और उनके भाई-बहन श्री बलवद्र और देवी सुभद्रा की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा देखने के लिए देश भर से लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े। बारहवीं शताब्दी के मंदिर और तीन किलोमीटर लंबी भव्य सड़क के चारों ओर जय जगन्नाथ, हरोबोल के नारे और झांझ की ध्वनि गूंज उठी।

मंदिर के सेवकों - दैतापतियों द्वारा अपने-अपने रथों को मंदिर के गर्भगृह से जोड़कर देवताओं को रत्न सिंहासन से बाहर निकाले जाने के कारण इसे बड़ा डंडा के नाम से जाना जाता है। इस बार लगभग 53 वर्षों के अंतराल के बाद, नेत्र उस्तव, देवताओं के नबजौबन दर्शन और रथ यात्रा जैसे अनुष्ठान सात जुलाई को एक ही दिन में किए गए। चूंकि सभी तीन प्रमुख अनुष्ठान रविवार को एक ही दिन में किए गए है इसलिए सड़क पर कुछ मीटर नीचे लुढ़कने के बाद रथों को खींचने की प्रक्रिया निलंबित होने की पूरी संभावना है। यात्रा सोमवार सुबह अपने अंतिम गंतव्य जगन्नाथ मंदिर से तीन किलोमीटर दूर स्थित गुंडिचा मंदिर के लिए फिर से शुरू होगी। मंदिर के सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु न केवल रथ यात्रा के दौरान मौजूद रहेगी बल्कि रथ भी खींचेंगी।

पुरी में वार्षिक रथ यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, दिशा के राज्यपाल रघुबर दास और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान। ● एजेंसी

सेवकों ने सुबह-सुबह देवताओं को गोपाल भोग (नाश्ता) चढ़ाया, जिसके बाद उन्हें रत्नवेदी से एक औपचारिक पहांडी बिजे में मंदिर के बाहर खड़े उनके संबंधित सुसज्जित रथों पर ले जाया गया। मंदिर के सैकड़ों सेवक शंख ध्वनि के बीच देवताओं को अपने कंधों पर उठाकर आनंद बाजार और बैशी पहाचा (मंदिर की बाईस सीढ़ियाँ) से होते हुए मंदिर से लायंस गेट तक ले गए। इस दौरान सोलह पहियों वाला श्री जगन्नाथ का लाल रथ और पीला नंदीघोष, 14 पहियों वाला बलभद्र का लाल और हरा तालध्वज और एक दर्जन पहियों वाला देवी सुभद्रा का लाल और काला देवदलन, मंदिर के मुख्य दरवाजे के बाहर पंक्तिबद्ध खड़े रहे। परम्परा के अनुसार श्री बलवद्र को सबसे पहले रत्न वेदी से बाहर निकाला गया और औपचारिक पहांडी बिजे के माध्यम से तालध्वज नामक रथ में स्थापित किया गया। उसके बाद देवी सुभद्रा को दर्पदलन रथ पर स्थापित किया गया। अंत में श्री जगन्नाथ जिन्हें लाखों भक्त प्यार से कालिया भी कहते हैं, को नंदीघोष रथ में स्थापित किया गया।

भक्तों ने जैसे ही देखा कि देवता गुंडिचा की नौ दिवसीय यात्रा शुरू करने के लिए रथों पर चढ़ने के लिए मंदिर से बाहर आ रहे हैं तो उन्होंने हरिबोल और जय जगन्नाथ के नारों से आसमान गुंजायमान कर दिया और मंदिर के सिंह द्वार की ओर दौड़ पड़े। लायंस गेट से गुंडिचा मंदिर तक ग्रैंड रोड के दोनों ओर स्थित सभी इमारतों की छतें सुबह से ही भक्तों से भरी हुई हैं। सभी गलियां और गलियां भी श्रद्धालुओं से खचाखच भरी रहीं।

माचिस की तीलियों और लकड़ी से बनाया श्री जगन्नाथ का छोटा रथ

बरहामपुर (ओडिशा)। बरहामपुर के एक व्यवसायी ने रविवार को रथयात्रा के मौके पर पर्यावरण अनुकूल एक उत्कृष्ट कलाकृति पेश की। यह एक लघु रथ और भगवान जगन्नाथ की मूर्ति है, जिसे माचिस की तीलियों और बेकार पड़ी लकड़ी से तैयार किया गया है। सत्य नारायण मोहराणा (47) द्वारा निर्मित लघु नंदीघोष तीन इंच लंबा और दो इंच चौड़ा है, जबकि देव मूर्ति की ऊंचाई केवल एक इंच है। भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ की यह जटिल प्रतिकृति न केवल उनकी उल्लेखनीय शिल्पकला का प्रमाण है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। मोहराणा ने रथ के सभी तत्वों की नकल की, जिसमें 16 पहिये, चार घोड़े और एक सारथी शामिल है। पहिये बेकार लकड़ी से बने हैं जबकि पूरा रथ और उसके घटक माचिस की तीलियों से बनाए गए हैं। कलाकार ने तीलियों को जोड़ने के लिए गोंद का इस्तेमाल किया और भगवान और रथ के अन्य हिस्सों को जीवंत बनाने के लिए रंगा है। मोहराणा ने कहा, इस मूर्ति को बनाकर मैं समाज को यह संदेश देना चाहता हूं कि प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग किए बिना पर्यावरण अनुकूल रथ यात्रा मनाई जाए। पेशे से व्यवसायी मोहराणा पिछले 10 वर्षों से रथ यात्रा के लिए भगवान जगन्नाथ के छोटे-छोटे रथ और मूर्तियां बनाते आ रहे हैं।

आंध्र और तेलंगाना मेरी दो आंखों के समानः चंद्रबाबू

हैदराबाद, संवाददाता

● पदभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री ने पहली बार नन्दमूरि तारक रामाराव भवन का दौरा किया

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना उनके लिए उनकी दो आंखों के समान हैं। नायडू ने मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभालने के बाद पहली बार आज यहां नन्दमूरि तारक रामाराव (एनटीआर) भवन का दौरा किया।

उन्होंने आंध्र प्रदेश में पार्टी की जीत में योगदान देने वाले तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के तेलंगाना कैडर की कड़ी मेहनत की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। नायडू ने कहा कि उन्हें बिना किसी कारण जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने हैदराबाद के लोगों द्वारा उनके प्रति व्यक्त की गयी चिंता लिए आभार व्यक्त किया। नायडू ने दावा किया कि वाईएसआरसीपी शासन की वजह से हुई क्षति राज्य के विभाजन से हुई क्षति से अधिक है।

जेपी नड्डा ने जम्मू में रघुनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

जम्मू। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को यहां ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर में दर्शन किए। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव व जम्मू कश्मीर के प्रभारी तरुण चुघ तथा सांसद जुगल किशोर और पूर्व मंत्री प्रिया सेठी ने नड्डा का मंदिर में स्वागत किया। नड्डा भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति बैठक में भाग लेने शनिवार दोपहर जम्मू पहुंचे।

उद्धव ठाकरे पर शिंदे का पलटवार

छत्रपति संभाजीनगर/नागपुर, एजेंसी

● मुख्यमंत्री ने कहा, बजट में घोषित सभी योजनाएं स्थायी हैं

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे पर पलटवार करते हुए कहा कि राज्य के हालिया बजट में घोषित सभी योजनाएं स्थायी हैं क्योंकि उनके लिए प्रावधान किए गए हैं। इन योजनाओं के तहत महिलाओं को तीन मुफ्त गैस सिलेंडर और मासिक सहायता प्रदान किया जाना है।

शिंदे की यह प्रतिक्रिया उद्धव के उस बयान के जवाब में आयी जिसमें उन्होंने रविवार को आरोप लगाया कि एकनाथ शिंदे सरकार की मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए है और यह योजना दो-तीन महीनों में बंद हो जाएगी। शिंदे ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा, महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये और सालाना 18,000 रुपये देने की योजना, साथ ही तीन सिलेंडर मुफ्त देना बहनों के लिए रक्षा बंधन का उपहार है। किसानों के बिजली बिल माफ करने की योजना भी स्थायी है। सभी (मौद्रिक) प्रावधान किए गए हैं। यह लंबे समय तक चलने वाली योजना है। पिछले सप्ताह विधानसभा में पेश किए गए बजट में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले रियायतों की घोषणा की। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के अक्टूबर-नवंबर में होने की संभावना है।

बिहार में 24 घंटे में वज्रपात से 10 लोगों की मौत

पटना। बिहार के नौ जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात के कारण हुई मौतों पर गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से नालन्दा में दो, वैशाली, भागलपुर, सहरसा, रोहतास, सारण, जमुई, भोजपुर और गोपालगंज में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

इमारत ढहने की घटना में मृतकों की संख्या हुई सात

सूरत, एजेंसी

गुजरात के सूरत शहर में छह मंजिला इमारत ढहने की घटना में रात में छह और शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इमारत के किराएदारों से किराया वसूलने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और उस पर तथा इमारत के दो मालिकों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार पाल इलाके में स्थित यह आवासीय इमारत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी और शनिवार दोपहर करीब 2:45 बजे ढह गई। सूरत पुलिस ने एक बयान में कहा कि बचाव अभियान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की दो टीम, पुलिसकर्मी और दमकलकर्मी शामिल थे। करीब तीन घंटे के अभियान के बाद वे कशिश शर्मा नाम की 20 वर्षीय महिला को निकालने में सफल रहे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। एक अधिकारी ने पहले बताया था कि शनिवार रात को एक व्यक्ति का शव निकाला गया। पुलिस के अनुसार बचाव दल ने बाद में मलबे से छह और शव निकाले।

सूरत में एक इमारत गिरने के बाद जारी बचाव अभियान। ● एजेंसी

लोको पायलटों को लेकर सरकार को घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस नेता राहुल गांधी बोले- मुद्दे को संसद में उठाएंगे

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार ने लोको पायलटों के जीवन की रेल को पटरी से उतार दिया है और उनके जीवन को बहुत कठिन बना दिया है इसलिए वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे।

गांधी दो दिन पहले नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों से मिले थे और उन्होंने लोको पायलट की समस्याएं सुनी। इस दौरान लोको पायलेट्स ने उन्हें अपनी दिक्कतें बताई और कहा कि उनका जीवन बहुत कठिन हो गया है। उनसे बहुत ज्यादा काम लिया जाता है, छुट्टी नहीं दी जाती है और उन्हें पर्याप्त आराम नहीं मिलता जो रेल दुर्घटनाओं की भी एक वजह है। गांधी के लोको पायलट से मुलाकात का वीडियो कांग्रेस ने रविवार को अपने ट्विटर हैंडल पर जारी किया जिसमें पायलेट अपनी समस्या गांधी को बता रहे है।

कांग्रेस नेता ने उनकी समस्याएं सुनने के बाद कहा कि मोदी सरकार में लोको पायलटों का जीवन बेहद मुश्किल हो चुका है। कांग्रेस नेता ने कहा, लगातार और बिना छुट्टी के काम करने की वजह से लोको पायलटों शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं।

कारोबार/कृषि

बजट से आस

बजट में बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा चाहता है होटल उद्योग

नई दिल्ली। आतिथ्य क्षेत्र की कंपनियां चाहती हैं कि सरकार आगामी आम बजट में होटल क्षेत्र को बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा प्रदान करे, इससे नई संपत्तियों में निवेश अधिक आकर्षक बन सकेगा। उनका कहना है कि होटल क्षेत्र देश की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे 'लक्जरी' के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा यह उद्योग चाहता है कि सरकार को आतिथ्य क्षेत्र को टिकाऊ और पर्यावरणनुकूल व्यवहार को अपनाने के लिए कर छूट या सब्सिडी के रूप में प्रोत्साहन देने पर पर विचार करना चाहिए। आतिथ्य क्षेत्र की कंपनियां चाहती हैं कि सरकार आगामी बजट में पर्यटन एजेंडा में तेजी लाने पर ध्यान दे क्योंकि यह देश के आतिथ्य क्षेत्र को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान देने का महत्वपूर्ण 'इंजन' और रोजगार सृजन का जरिया बनाने का बड़ा अवसर है।

कर रियायतें, प्रभावी आईपीआर व्यवस्था चाहता है फार्मा उद्योग

नई दिल्ली। घरेलू फार्मास्युटिकल उद्योग चाहता है कि सरकार आगामी बजट में क्षेत्र में शोध एवं विकास (आरएंडडी) को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट कर में रियायत दे और एक प्रभावी बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) व्यवस्था स्थापित करने के लिए कदम उठाए। इससे देश में फार्मा उद्योग की वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा। ऑर्गेनाइजेशन ऑफ फार्मास्युटिकल प्रोड्यूसर्स ऑफ इंडिया के महानिदेशक अनिल मताई बजट को लेकर उद्योग की मांग रखते हुए कहा कि सरकार शोध एवं विकास को बढ़ावा देने के कदम उठाए। इसके लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों को शोध एवं विकास से संबंद्ध प्रोत्साहन दिए जाएं।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में लोगों का उत्साह, उत्कृष्ट कार्य सबसे बड़ी ताकतः मोदी

इनक्यूबेशन इनोवेशन फंड के सातवें स्थापना दिवस पर मोदी का लिखित संदेश

नयी दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को कहा
● विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करना और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना उपलब्धियां
● वार्षिक इनोवेशन कॉन्क्लेव का विषय प्रभावकारी विचारः नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में भारतीयों का उत्कृष्ट कार्य तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का उत्साह देश की सबसे बड़ी ताकत है। जैन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन (जेआईटीओ) के इनक्यूबेशन इनोवेशन फंड के सातवें स्थापना दिवस पर लिखित संदेश में मोदी ने कहा कि भारत के प्रति दुनियाभर में जिस तरह का आशावाद और भरोसा देखा जा रहा है, वह देश की ताकत को दिखाता है।

मोदी ने कहा, भारत अपार संभावनाओं वाला देश है। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हमारे देशवासियों की भागीदारी और देश के विकास के लिए उनका उत्साह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करना और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है।

मोदी ने कहा, आज का आशावाद और हमारी क्षमताओं में अटूट विश्वास अंतरिक्ष विज्ञान, रक्षा और व्यापार सहित सभी क्षेत्रों तक फैला हुआ है। जेआईटीओ जैसे संगठनों ने पिछले दशक में इन उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में योगदान दिया है। जेआईटीओ इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फंड (जेआईआईएफ) ने छह और सात जुलाई को अपना वार्षिक इनोवेशन कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसका विषय था प्रभावकारी विचारः नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना। जेआईटीओ की अनुषंगी कंपनी जेआईआईएफ ने 80 कंपनियों में 200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और 25 से अधिक जैन उद्यमियों को प्रशिक्षित किया है।

विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर घटकर 651.9 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में जबरदस्त गिरावट आने से 28 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर कम होकर 651.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.3 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 572.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 42.7 करोड़ डॉलर कम होकर 56.53 अरब डॉलर पर आ गया।

100 नई शाखाएं खोलेगा पंजाब एंड सिंध बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी

● 2024-25 के अंत तक शाखाओं की कुल संख्या 1,665 होगी

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने चालू वित्त वर्ष में देशभर में 100 नई शाखाएं खोलने की योजना बनाई है। इस दौरान बैंक की अपने नेटवर्क में 100 नए एटीएम जोड़ने की भी योजना है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने एजेंसी से कहा, सौ शाखाओं के जुड़ने से 2024-25 के अंत तक बैंक की शाखाओं की कुल संख्या 1,665 तक पहुंच जाएगी और एटीएम की संख्या भी 1,135 हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि बैंक शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा और उत्तरी क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी नई शाखाएं खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बैंक का बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने का भी विचार है। उन्होंने कहा कि बैंक की योजना चालू वित्त वर्ष के दौरान अपने बीसी नेटवर्क को दोगुना करने की है। उन्होंने कहा कि बैंक इस नेटवर्क को वर्तमान के 1,700 से बढ़ाकर चालू वित्त वर्ष (2024-25) के अंत तक 4,000 तक करने का प्रयास कर रहा है। साहा ने कहा कि बैंक ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अधिक उत्पादों और प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने पर काम कर रहा है।

तिमाही नतीजों का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की टिप्पणी से ब्याज दर में कटौती शुरू होने की एक बार फिर उम्मीद जगने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही कंपनियों की पहली तिमाही के नतीजे का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 963.87 अंक की छलांग लगाकर 79996.60 अंक व निफ्टी 313.25 अंक मजबूत होकर 24323.85 अंक हो गया।

दिल्ली एनसीआर, मुंबई में घरों की कीमतें बढ़ीं

नई दिल्ली, एजेंसी

● एनारॉक के आंकड़ों के मुताबिक पांच वर्षों में लगभग 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई

दिल्ली एनसीआर और मुंबई महानगर क्षेत्र में घरों की औसत कीमतें पांच वर्षों में 50 प्रतिशत बढ़ी हैं। संपत्ति सलाहकार एनारॉक ने कहा है कि यह वृद्धि उच्च मांग से प्रेरित है। एनारॉक के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली एनसीआर में आवासीय संपत्तियों की औसत कीमत जनवरी-जून, 2024 में 49 प्रतिशत बढ़कर 6,800 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई है, जो 2019 की समान अवधि में 4,565 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। इसी तरह, एमएमआर में समीक्षाधीन अवधि के दौरान आवास की औसत कीमतें 10,610 रुपये प्रति वर्ग फुट से 48 प्रतिशत बढ़कर 15,650 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं।

एनारॉक ने कहा कि निर्माण लागत में भारी बढ़ोतरी और अच्छी बिक्री के कारण कीमतों में वृद्धि हुई। इसने बताया कि 2016 के अंत से 2019 तक दोनों क्षेत्रों में कीमतें स्थिर रहीं थीं। कोविड-19 महामारी के कारण इन दोनों आवासीय बाजारों में मांग नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई।

सिग्नेचर ग्लोबल की पहली तिमाही की बिक्री बुकिंग 3,120 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग अप्रैल-जून की पहली तिमाही में 3.5 गुना होकर 3,120 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। कंपनी की आवासीय परियोजनाओं में भारी मांग की वजह से बिक्री बुकिंग में यह उछाल दर्ज हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी की बिक्री बुकिंग 820 करोड़ रुपये रही थी। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसने 968 आवासीय इकाइयां बेचीं। एक साल पहले समान अवधि में उसकी बिक्री 894 इकाई रही थी।

प्रकाशन से दो माह पहले अडाणी से संबंधित रिपोर्ट साझा की : सेबी

नयी दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने हिंडनबर्ग रिसर्च को लेकर दावा किया

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट की एक अग्रिम प्रति इसके प्रकाशन से लगभग दो महीने पहले न्यूयॉर्क स्थित हेज कोष प्रबंधक मार्क किंग्डन के साथ साझा की थी और समूह की कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव का लाभ उठाया था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह दावा किया है।

सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजे अपने 46 पृष्ठ के कारण बताओ नोटिस में विस्तार से बताया है कि कैसे अमेरिकी शॉर्ट सेलर, न्यूयॉर्क के हेज कोष और कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े ब्रोकर को समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद आई 150 अरब डॉलर की गिरावट से लाभ हुआ। वहीं सेबी के इस कारण बताओ नोटिस के जवाब में हिंडनबर्ग ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि यह भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने और डराने-धमकाने का प्रयास है।

नेक्सजेन एनर्जिया की 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना

नोएडा। हरित ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी नेक्सजेन एनर्जिया ने अगले 10 साल में देश में 5,000 ग्रीन डीजल और संपीड़ित बायोगैस पंप खोलने की योजना बनाई है। कंपनी इसके लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। नोएडा स्थित कंपनी ने हाल में उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में अपने पहले सीबीजी पंप का उद्घाटन किया, जो स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण सेवाओं को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नेक्सजेन एनर्जिया के चेयरमैन पीयूष द्विवेदी ने बताया, स्वच्छ ऊर्जा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता इस एक पंप से कहीं आगे तक जाती है।

रोहित जिताएंगे चैंपियंस ट्रॉफी और डब्ल्यूटीसी : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

फाइल फोटो ● एजेंसी

- बीसीसीआई सचिव बोले- भारत की टी20 विश्वकप जीत कोच राहुल विराट, रोहित और जडेजा को समर्पित
- चैंपियंस ट्रॉफी से पहले श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ खेलते दिखेंगे भारतीय दिग्गज

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने रविवार को कहा कि टी-20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट भारत की अगुआई जारी रखेंगे। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत उनकी कप्तानी में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीतेगा।

कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने रोहित ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। शाह ने वीडियो संदेश में कहा अगले चरण में डब्ल्यूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी है। मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है कि हम इन दोनों टूर्नामेंट में चैंपियन बनेंगे। अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 8 साल बाद (ब्रिटेन में 2017 के बाद से) किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंपा जा चुका है लेकिन बीसीसीआई ने अब तक इसे हरी झंडी नहीं दी है। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई 2023 एकदिवसीय एशिया कप की तरह हाईब्रिड मॉडल लागू करने पर जोर देगा। इस मॉडल के तहत भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले सहित अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। शाह के इस संदेश ने इन अटकलों पर विराम लग गया है कि क्या रोहित अन्य प्रारूपों में कप्तान की भूमिका छोड़ेंगे?

रोहित की अगुआई में भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीसी और एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विश्व कप के फाइनल में भी जगह बनाई थी। भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। शाह ने कहा टी-20 विश्व कप की इस जीत को कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा को समर्पित करना चाहता हूं। यह पिछले एक साल में हमारा तीसरा फाइनल था। हम जून 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल में हारे। नवंबर 2023 में हमने 10 जीत के साथ दिल जीता लेकिन खिताब नहीं जीत पाए। मैंने राजकोट में कहा था कि हम जून 2024 में दिल भी जीतेंगे और कप भी और अपना राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे, हमारा कप्तान भारतीय ध्वज लहराएगा। भारत चैंपियंस ट्रॉफी से पहले छह एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेलेगा जिसमें से तीन श्रीलंका के खिलाफ उसकी सरजमीं खेले जाएंगे जबकि फरवरी की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला घरेलू सरजमीं पर खेली जाएगी।

जोकोविच प्री क्वार्टर फाइनल में, स्वियातेक हारीं

लंदन, एजेंसी

मैच के बाद एक-दूसरे का अभिवादन करते नोवाक और पोपिरिन। ● एजेंसी

सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए एलेक्सेई पोपिरिन को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि महिला एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को शिकस्त का सामना करना पड़ा।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने पोपिरिन को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दूसरी तरफ स्वियातेक को पहला सेट जीतने के बावजूद ऑल इंग्लैंड क्लब पर तीसरे दौर के मुकाबले में गैर वरीय यूलिया पुतिंत्सेवा ने 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। स्वियातेक का लगातार 21 मैच में जीत का अभियान भी थम गया। पांच बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियातेक को विंबलडन का ग्रास कोर्ट रास नहीं आता है। पुतिंत्सेवा अगले दौर में 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन और 13वीं वरीय येलेना ओस्टापेंका से भिड़ेंगी। महिला एकल में ही 21वीं वरीय एलेना स्वितोलिना ने 10वें नंबर की ओन्स जेब्युर को 6-1, 7-6 से हराया।

पुरुष एकल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कैमरन नोरी को सीधे सेट में 6-4, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। अमेरिका के बेन शेल्टन ने स्थगित किए गए मुकाबले में डेनिस शापोवालोव को 6-7, 6-2, 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वह रविवार को यानिक सिनर से भिड़ेंगे।

जीत के साथ अल्काराज और जैस्मीन क्वार्टरफाइनल में

लंदन। गत विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने रविवार को सेंटर कोर्ट पर उगो हम्बर्ट पर 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 की जीत से आल इंग्लैंड क्लब में क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अब अल्काराज का सामना टॉमी पॉल और रोबर्टो बतिस्ता ऑगुट के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। अल्काराज ने कहा मुझे लगता है कि मैं आज अच्छा खेला और मैंने ऊंचे स्तर का खेल दिखाया।

महिलाओं के वर्ग में जैस्मीन पाओलिनी अपने पहले क्वार्टरफाइनल में पहुंच गईं क्योंकि चौथे दौर के तीसरे सेट में मेडिसन कीज पैर की चोट के कारण रिटायर हो गईं, तब स्कोर 5-5 था। जैस्मीन इस तरह पेशेवर युग में विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली इटली की पांचवीं महिला खिलाड़ी बनीं और अब वह सेमीफाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगी। जैस्मीन का सामना कोको गॉफ और एम्मा नावारो के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से होगा।

खेल डायरी

कोच पर छेड़छाड़ का आरोप, केसीए से मांगा जबाव

तिरुवनंतपुरम। केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने खुद ही संज्ञान लेकर रविवार को केरल क्रिकेट संघ (केसीए) के एक पूर्व कोच के खिलाफ युवा महिला खिलाड़ियों के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना में मामला दर्ज किया। आयोग ने लड़कियों द्वारा लगाए गए आरोपों और ऐसी घटनाओं को लेकर केसीए को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है। आधिकारिक बयान के अनुसार पैनल ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में खुद ही संज्ञान लिया और आरोपी कोच के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपी मनु पिछले 10 वर्षों से केसीए में कोच था। बताया गया है कि उसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम के तहत रिमांड पर लिया है। आयोग ने बताया कि केसीए ने कहा कि उन्हें इन घटनाओं की जानकारी नहीं थी। एक पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद कई अन्य लड़कियों ने भी क्रिकेट कोच के खिलाफ इसी तरह के आरोप लगाए हैं।

राजावत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में हारे

कैलगरी। भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को कनाडा ओपन में पुरुष एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में रविवार को फ्रांस के एलेक्स लैनियर से हार का सामना करना पड़ा। बैडमिंटन रैंकिंग में 39वें स्थान पर मौजूद प्रियांशु 45 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के एलेक्स लैनियर से सीधे गेम में 21-17, 21-10 से हार गए। इस हार के साथ टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

स्क्वाश चैंपियनशिप में अभय ने जीते दो स्वर्ण

जोहोर (मलेशिया)। प्रतिभाशाली स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में दोहरे खिताब हासिल किए। एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अभय ने वेलावन सेंथिलकुमार के साथ मिलकर पुरुष युगल खिताब जीता। अभय ने अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल फाइनल में फतह हासिल की। अभय और वेलावन की शीर्ष वरीय जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में ओंग साई हुंग और सियाफिक को शिकस्त दी।

अविनाश साबले ने राष्ट्रीय स्टीपलचेस रिकॉर्ड तोड़ा

पेरिस। ओलंपिक दल के सदस्य अविनाश साबले ने रविवार को यहां पेरिस में डायमंड लीग प्रतियोगिता में आठ मिनट 9 .91 मिनट का समय निकालकर छठे स्थान पर रहकर 3000 मीटर स्टीपलचेस में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। साबले ने 8 :11 .20 सेकेंड का अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। इस तरह पेरिस में उन्होंने डेढ़ सेकेंड से बेहतर समय निकाला।

विनेश ने जीता ग्रां प्री ऑफ स्पेन का खिताब

मैड्रिड। पेरिस ओलंपिक 2024 से भारत की स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट ने एक बार फिर अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन में आयोजित ग्रैंड प्रिक्स कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग का खिताब जीत लिया हैं। विनेश ने शनिवार देर रात खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में इंडिविजुअल नेचुरल एथलीट मारिया तिउमेरेकोवा को 10-5 से हराया। शुरुआती मुकाबले में विनेश ने मौजूदा पैन अमेरिकन चैंपियन क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12-4 से हराकर जीत के साथ अभियान की शुरुआत की थी। भारतीय पहलवान ने क्वार्टरफाइनल में राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता कनाडा की मैडिसन पार्क्स को हराया। सेमीफाइनल में कनाडा की कैटी डचक को 9-4 से शिकस्त दी थी।

अभिषेक के शतक से जीता भारत

जिम्बाब्वे को 100 रन से हराकर श्रृंखला 1-1 से बराबर की, मुकेश-आवेश को 3-3 विकेट

सिकंदर रजा का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते आवेश खान। ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

भारतीय टीम ने युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा की 47 गेंद में 100 रन की शानदार शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे पर 100 रन की जीत से पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पहले मैच में मिली 13 रन की हार से वापसी करते हुए अभिषेक के आठ छक्के और सात चौके जड़ित शतक से रविवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने दो विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है, इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 186 रन का था।

इसके बाद भारत के मुकेश कुमार (37 रन देकर तीन विकेट), आवेश खान (15 रन देकर तीन विकट) और रवि बिश्नोई (11 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को 18.4 ओवर में 134 रन पर समेट दिया। भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की। जिम्बाब्वे के लिए सलामी बल्लेबाज वेस्ले माधेवेरे ने 43 रन, ल्यूक जोंगवे ने 33 रन और ब्रायन बेनेट ने 26 रन की पारी खेली। इनके अलावा जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कैंपबेल के बेटे जोनाथन कैंपबेल (10 रन) ही दोहरे अंक में पहुंचे। अभिषेक ने सूझबूझ से खेलते हुए रूतुराज गायकवाड़ (47 गेंद में नाबाद 77 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी निभाई। इन दोनों के अलावा रिंकू सिंह ने 22 गेंद में पांच छक्के जड़ित नाबाद 48 रन की पारी खेली। गायकवाड़ और रिंकू ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 87 रन की भागीदारी निभाई।

अभिषेक ने बनाए कई रिकार्ड

भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने रविवार को जिम्बाब्वे के साथ दूसरे टी-20 मुकाबले लगातार तीन छक्के लगाते हुए अपना शतक पूरा करने दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। इसके साथ ही उन्होंने रिकार्डो की झड़ी लगा दी हैं। इससे पहले वर्ष 2023 में शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मुकाबले में अपना दोहरा शतक लगातार तीन छक्के लगाकर पूरा किया था। अभिषेक ने अपना शतक 46 गेंदों में पूरा किया, टी-20 में भारत के किसी खिलाड़ी के द्वारा संयुक्त रूप से यह तीसरा सबसे तेज शतक है। इससे मामले में 35 गेंदों में शतक लगाकर रोहित शर्मा पहले स्थान पर हैं। भारत का आज के टी-20 मैच का 234 रनों का स्कोर हरारे में यह किसी भी पुरुष टीम के द्वारा जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। अभिषेक ने आज के मैच स्पिनरों के खिलाफ कुल 65 रन बनाए। इसी के साथ स्पिनरों के खिलाफ एक ही मैच में किसी भी भारतीय द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रन बनाने वालों में पहले स्थान पर हैं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। मुकेश और आवेश ने जिम्बाब्वे के शीर्ष क्रम को आउट किया जिससे जिम्बाब्वे ने पावरप्ले में अपने चार विकेट गंवा दिये थे। माधेवेरे एक छोर पर डटे थे लेकिन दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे और महज औपचारिकता बची थी। माधेवेरे ने 39 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने जोंगवे के साथ आठवें विकेट के लिए 32 गेंद में 41 रन जोड़े। इसके अलावा कोई महत्वपूर्ण भागीदारी नहीं बनी। पहले मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले स्पिनर रवि बिश्नोई ने दो और वाशिंगटन सुंदर ने एक विकेट झटका।

टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अपना पहला शतक जड़ने के बाद अभिषेक ने कुछ इस अंदाज में मनाया जश्न। ● एजेंसी

स्कोर बोर्ड

भारत			234/2 (20 ओवर)
	रन	गेंद	4/6
शुभमन गिल का बेनेट बो मुजारबानी	2	4	0/0
अभिषेक शर्मा का मेयर्स बो मास्काद्जा	100	47	7/8
रूतुराज गायकवाड़ नाबाद	77	47	11/1
रिंकू सिंह नाबाद	48	22	2/5

अतिरिक्त : 7, **गेंदबाजी** : ब्रायन बेनेट 2-0-22-0, ब्लेसिंग मुजारबानी 4-1-30-1, टेंडाई चतारा 4-0-38-0, सिंकदर रजा 3-0-34-0, ल्यूक जोंग्वे 4-0-53-0, डायन मेयर्स 1-0-28-0, वेलिंगटन मास्काद्जा 2-0-29-1

जिम्बाब्वे			134/10 (18.4 ओवर)
	रन	गेंद	4/6
इनोसेंट काइया बो मुकेश	4	3	1/0
वेस्ली माधेवेरे बो रवि बिश्नोई	43	39	3/1
ब्रायन बेनेट बो मुकेश	26	9	1/3
डायन मेयर्स का रिंकू बो आवेश	0	1	0/0
सिंकदर रजा का जुरेल बो आवेश	4	4	1/0
जोनाथन कैम्पबेल का बिश्नोई बो सुंदर	10	18	0/0
क्लाइव मडांडे पगबाधा बो रवि बिश्नोई	0	4	0/0
वेलिंगटन मास्काद्जा रन आउट	1	3	0/0
ल्यूक जोंगवे का गायकवाड़ बो मुकेश	33	26	4/0
ब्लेसिंग मुजारबानी का सुंदर बो आवेश	2	4	0/0
टेंडाई चतारा नाबाद	0	2	0/0

अतिरिक्त : 11, **गेंदबाजी** : मुकेश 3 .4-0-37-3, अभिषेक शर्मा 3-0-36-0, आवेश खान 3-0-15-3, रवि बिश्नोई 4-0-11-2, वाशिंगटन सुंदर 4-0-28-1, रियान पराग 1-0-5-0

बारिश ने फेरा भारत की उम्मीद पर पानी

चेन्नई, एजेंसी

- दक्षिण अफ्रीका महिला बनाम भारत मुकाबला एक पारी के बाद बारिश के चलते हुआ रद्द

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका महिला : 177/6, 20 ओवर, लॉरा 22, बिट्स 52, बुच 40, काप 20, डर्कसन 12 नाबाद। **विकेट** : पूजा 2, दीप्ति 2, श्रेयंका पाटिल 1, राधा 1।

लगातार हो रही बारिश के कारण भारतीय महिला और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जा रहा दूसरा टी-20 मुकाबला रद्द कर दिया गया है। बारिश के कारण दूसरी पारी नहीं खेली जा सकी। इससे पहले तेजमिन ब्रिट्स (52) और अन्नेका बोश (40) रनों की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में भारत को जीत के लिये 178 रनों का लक्ष्य दिया।

आज यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 43 रन जोड़े। पांचवें ओवर में पूजा वस्त्रकर ने लॉरा वुलफार्ट (12गेंदों में 22रन) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। नौंवे ओवर में दीप्ति शर्मा ने मैरिजान कप्प (14 गेंदों में 20) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। बिट्स और अन्नेका बोश की जोड़ी ने अभी 18 रन ही जोडे थे कि दीप्ती शर्मा ने तेजमिन ब्रिट्स (39 गेंदों में 52 रन) को छेत्री के हाथों स्टंप करवा दिया। क्लोई ट्राइऑन (12) और नडीन डी क्लर्क (14) रन बनाकर आउट हुई। अनरी डर्कसन 12 रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 177 रन बनाये। भारत को जीत के लिये 178 रनों का लक्ष्य मिला है। भारत की ओर से पूजा वस्त्रकर और दीप्ती शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। राधा यादव और श्रेयंका पाटिल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

पहली पारी में विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

उरूग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में ब्राजील को 4-2 से हराया

कोपा अमेरिका 2024

लास वेगास, एजेंसी

जीत के बाद जश्न मनाती उरूग्वे की टीम ● एजेंसी

मैनुएल उगार्ते ने पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे उरूग्वे ने ब्राजील को 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दोनों ही टीमें निर्धारित समय और फिर अतिरिक्त समय में भी गोल करने में नाकाम रहीं। इस मुकाबले में 41 फाउल हुए जो टूर्नामेंट के किसी मुकाबले में सर्वाधिक हैं। इस दौरान सिर्फ चार शॉट ही गोल की तरफ मारे गए।

उरूग्वे के नाहिटन नांदेज को रोड्रिगो के खिलाफ खतरनाक टैकल के लिए 74वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया लेकिन ब्राजील की टीम विरोधी टीम के 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने का फायदा नहीं उठा सकी। शूट आउट में गोलकीपर सर्जियो रोशेट ने एडेर मिलिताओ का शॉट रोका जबकि डगलस लुई की पेनल्टी किक गोल पोस्ट से टकराई जिससे उरूग्वे ने 3-1 की बढ़त दिलाई। गोलकीपर एलिसन बेकर ने चौथे प्रयास में उरूग्वे के जोस मारिया गिमिनेज की पेनल्टी किक रोककर ब्राजील को मुकाबले में बनाए रखा लेकिन अगले प्रयास में उगार्ते ने गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। उरूग्वे की टीम बुधवार को सेमीफाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी। दूसरा सेमीफाइनल मंगलवार को अर्जेन्टीना और कनाडा के बीच खेला जाएगा।

कोलंबिया ने पनामा को 5-0 से हराया

ग्लेनडेल (एरिजोना)। कोलंबिया ने दबदबा बनाते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया। जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे किया। लुई डियाज ने रोड्रिग्ज के पास पर गोल दागकर कोलंबिया की बढ़त 3-0 की। मध्यांतर तक कोलंबिया की टीम 3-0 से आगे थी। दूसरे हाफ में 70वें मिनट में रिचर्ड रायोस और फिर मिगुएल बोर्जा ने इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर गोल करके कोलंबिया की 5-0 से जीत सुनिश्चित की। कोलंबिया बुधवार को सेमीफइनल में उरूग्वे से भिड़ेगा।

पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में

यूरो कप 2024

डसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी

हेडर का प्रयास करते स्विट्जरलैंड और इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

इंग्लैंड ने पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इंग्लैंड ने शूट आउट में 5-3 से जीत दर्ज की। ट्रेंट एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड ने जैसे ही इंग्लैंड की ओर से पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक को गोल में पहुंचाया तो टीम के खिलाड़ी और प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

बुकायो साका की ने 80वें मिनट में गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में खींचा था। एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड और साका के अलावा पेनल्टी शूट आउट में इंग्लैंड के लिए कोल पाल्मर, ज्यूड बेलिंघम और इवान टोनी ने भी गोल किए। इंग्लैंड अब फाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को डोर्टमंड में नीदरलैंड से भिड़ेगा।

तुर्की को हराकर नीदरलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा

बर्लिन। नीदरलैंड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में तुर्की को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। नीदरलैंड की टीम बुधवार को डोर्टमंड में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी। पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा।

आईपीएल और टेस्ट के बीच टकराव से बचने के लिए कार्यक्रम सुव्यवस्थित हो

लंदन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टेस्ट मैचों के लिए एक विशेष विंडो की जरूरत है ताकि आईपीएल जैसी फ्रेंचाइजी आधारित लीग खेलने की इच्छा रखने वाले खिलाड़ी व्यक्तिगत कार्यक्रम तय कर सकें और उसके अनुसार तैयारी करें।

आईपीएल के लिए अब हर साल अप्रैल और मई में एक विशेष विंडो होती है जिस दौरान बहुत ज्यादा टेस्ट मैच नहीं होते। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने कमिंस के हवाले से कहा, कुछ देशों के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अधिक आकर्षक है। उन्होंने कहा अगर मैं जाकर फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलूं तो मैं शायद ऑस्ट्रेलिया के लिए जितना खेलता हूं, उसके आधे या एक तिहाई मैच में बाहर रहूंगा। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट नवंबर से जनवरी तक खेला जाता है तो इस समय में हमारे बीच कोई अन्य क्रिकेट नहीं आएगा। अगर हम आईपीएल के लिए विशेष विंडो बना सकते हैं तो टेस्ट के लिए भी विंडो हो सकती है। इससे खिलाड़ियों के लिए फैसला करना काफी आसान हो जाएगा।

किसी खिलाड़ी पर नहीं उठने चाहिए सवाल: जेसन

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने स्पष्ट किया कि वह फिटनेस से किसी भी तरह से समझौता नहीं करेंगे और यह साबित करना खिलाड़ियों की जिम्मेदारी होगी कि वे राष्ट्रीय टीम के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। पाकिस्तान पहुंचने के कुछ देर बाद ही ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी ने कहा कि एक बार जब खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम के लिए चुना जाता है तो फिर उसकी फिटनेस, कौशल और मानसिक रवैये को लेकर सवाल नहीं उठने चाहिए। गिलेस्पी ने कहा राष्ट्रीय टीम वह जगह नहीं है जहां आप किसी खिलाड़ी के महत्व पर सवाल उठाएं। अगर किसी खिलाड़ी के स्थान को लेकर कोई धारणा है तो उसे अपने प्रदर्शन और रवैये से इसे बदलना होगा। मेरा मंत्र है कि टेस्ट टीम में फिट, मजबूत और सशक्त होने चाहिए क्योंकि क्रिकेट में किसी भी प्रारूप में फिटनेस महत्वपूर्ण होती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

विक्रमसिंघे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगे राष्ट्रपति चुनाव

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे राष्ट्रपति चुनाव एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ेंगे। न्यूज फर्स्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यूनाइटेड नेशनल पार्टी के उपाध्यक्ष रूवान विजयवर्धने ने पुष्टि की है कि राष्ट्रपति चुनाव निश्चित रूप से होगा और 75 वर्षीय विक्रमसिंघे एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। समाचार पोर्टल ने उनके हवाले से कहा कि केवल एक नेता के पास श्रीलंका के आर्थिक संकट को हल करने का ज्ञान है और वह हैं- रानिल विक्रमसिंघे। उन्होंने अपने कार्यों से इसे साबित किया है। वहीं श्रीलंका में निर्वाचन आयोग इस महीने के अंत तक राष्ट्रपति चुनाव की तारीख का ऐलान कर देगा।

फिल्म निर्माता जॉन लैंडोउ का 62 वर्ष की उम्र में निधन

लॉस एंजिलिस। प्रसिद्ध अमेरिकी फिल्म निर्माता और ऑस्कर पुरस्कार विजेता जॉन लैंडोउ का निधन हो गया। वह 63 साल के थे। लैंडोउ ने निर्देशक जेम्स कैमरन के साथ मिलकर फिल्म टाइटैनिक और अवतार सीरीज पर काम किया था। डिज्नी एंटरटेनमेंट के सहअध्यक्ष एलन बर्गमैन ने शनिवार को एक बयान जारी कर लैंडोउ के निधन की जानकारी दी। हालांकि, यह नहीं बताया कि मृत्यु किस कारण हुई।

ब्रिटिश रेलवे का जल्द ही पुनर्राष्ट्रीयकरण करेगा

लंदन। ब्रिटेन की लेबर पार्टी का इरादा ब्रिटिश रेलवे का जितनी जल्दी हो सके पुनर्राष्ट्रीयकरण करने का है। द टेलीग्राफ अखबार ने ब्रिटेन के नए परिवहन मंत्री लुईस हाई के हवाले से बताया कि लेबर पार्टी ने कथित तौर पर पांच साल के भीतर देश के रेलवे नेटवर्क को पूरी तरह से राष्ट्रीयकृत करने और एक राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी, ग्रेट ब्रिटिश रेलवे बनाने का वादा किया है जो निजी स्वामित्व वाले यात्री परिवहन अनुबंधों की समाप्ति के बाद विरासत में मिलेगी।

पाकिस्तान-चीन सहयोग का नया युग शुरू : शहबाज

इस्लामाबाद। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), संचार, खनन एवं ऊर्जा क्षेत्रों में पाकिस्तान-चीन सहयोग का एक नया युग शुरू हो गया है और इससे आर्थिक विकास होगा तथा समय की कसौटी पर खरे उतरे द्विपक्षीय संबंध और प्रगाढ़ होंगे। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार शरीफ की यह टिप्पणी शनिवार को इस्लामाबाद में चीन की अपनी हालिया यात्रा के दौरान किए गए समझौतों और सहमति ज्ञापनों के क्रियान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आई।

सीरिया में बस दुर्घटना में 10 की मौत, कई घायल

दमिश्क। सीरिया में होम्स-दमिश्क राजमार्ग पर रविवार को एक बस दुर्घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। स्थानीय शाम एफएम रेडियो ने बताया कि मध्य सीरिया के होम्स-दमिश्क राजमार्ग पर यात्रियों को ले जा रही बस राजमार्ग के किनारे एक चौराहे पर पलट गयी थी।

ईवी के जगह हाइब्रिड कारें बन रहीं पहली पसंद

अमृत विचार नेटवर्क। बढ़ती डिमांड के कारण कार निर्माता कंपनियां हाइब्रिड टेक्नोलॉजी की ओर तेजी से स्विच कर रही हैं। यह कारें इलेक्ट्रिक कारों का विकल्प साबित हो रही हैं। पिछले कुछ महीनों में हाइब्रिड कार खरीदारों के बीच नई पसंद बनकर उभरी हैं। इसमें पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर दोनों होती हैं। सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें फ्यूल की खपत कम होती है। वर्तमान में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार हाइब्रिड कारों की तुलना में कहीं अधिक है। फिर भी हाइब्रिड कारें तेजी से मार्केट को कैप्चर कर रही हैं। वर्ष 1999 में ने अमेरिका में पहली हाइब्रिड कार (एचईवी) का प्रोडक्शन किया था। आज के दौर में कार खरीदने वालों के पास एसयूवी, पिकअप जैसे हाइब्रिड वाहनों में बहुत अधिक विकल्प हैं।

रफ्तार के हिसाब से पेट्रोल और इलेक्ट्रि मोड होते हैं चेंज

हाईब्रिड कार की बैटरी पैक को रीजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम या आईसीई द्वारा संचालित जनरेटर के जरिए चार्ज किया जाता है। इलेक्ट्रिक मोटर के जरिए उत्पन्न अतिरिक्त बिजली आईसीई को वाहन की एफिशिएंसी में सुधार करने में मदद करती है। इलेक्ट्रिक बैटरी कार में मौजूद लाइट को भी चार्ज करने में सहायता करती है। हाइब्रिड वाहन फ्यूल एफिशिएंट होते हैं। वे फ्यूल इंजन का इस्तेमाल तभी करते हैं, जब पहाड़ या किसी ऊंचाई वाली जगह पर चढ़ रहे हों या कार की स्पीड बढ़ रही हो। गाड़ी जब धीमी रफ्तार पर होती है तो बैटरी पर चलती है और जैसे ही स्पीड बढ़ती है कार ऑटोमेटिक पेट्रोल पर शिफ्ट हो जाती है।

कौन सी कार खरीदें

हर व्यक्ति की अपनी जरूरत पर निर्भर करता है कि आप रोज कितना गाड़ी चलाते हैं। अगर आप रोज 50 किलोमीटर से ज्यादा ड्राइव कर रहे हैं तो लंबे समय में हाइब्रिड कार आपको सस्ती पड़ेगी। आज भारत में कई बहुराष्ट्रीय कार निर्माता कंपनियों के अलावा स्वदेशी कंपनियां हाईब्रिड कारों का निर्माण कर रहीं हैं।

इंटर्नल सिस्टम से चार्ज होती है बैटरी

हाइब्रिड वाहन (एचईवी) एक से अधिक ईंधन के विकल्प के साथ आते हैं। पहला कार में पेट्रोल या डीजल इंजन और दूसरा इलेक्ट्रिक इंजन। यानी कार को दोनों इंजन पावर सप्लाई देते हैं। खास बात यह है कि इसमें इंटर्नल सिस्टम के जरिए ही बैटरी चार्ज हो जाती है। बैटरी को अलग से चार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ती है। इसके अलावा जब गाड़ी को बैटरी ऑपरेट करती है तो उस समय फ्यूल की भी बचत होती है। लंबी दूरी तय करने वालों के लिए यह कार फ्यूल सेवर साहित हो रही हैं।

अन्य कारों से इस तरह अलग

इलेक्ट्रिक पावर कार इंजन के चालू या बंद होने पर ईंधन बचाती है, जबकि इंजन के पास इस्तेमाल न होने पर बंद करने के लिए एक ऑटोमेटिक कमांड होती है। जब ड्राइवर थ्रॉटल पेडल दबाता है तो यह अपने आप चालू हो जाती हैं। हाइब्रिड को किसी बाहरी चार्जर में प्लग करने की जरूरत नहीं होती। हाइब्रिड कार लोगों को नॉर्मल कारों की तुलना में बेहतर ईंधन एफिशिएंसी देती हैं, जबकि इलेक्ट्रिक कारें चलने के लिए एक ही सोर्स यानी इलेक्ट्रिक मोटर से पावर लेती हैं। हाइब्रिड वाहनों में नियमित कारों की तुलना में ज्यादा मशीनरी होती है।

कुछ महत्वपूर्ण तथ्य जो आपके लिए जानना जरूरी हैं

- हाइब्रिड का पेट्रोल इंजन छोटा और हल्का होता है क्योंकि वे कार को पावर देने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार नहीं होता। कार को पावर और सपोर्ट देने के लिए एक इलेक्ट्रिक मोटर होती है।
- यह कारें इलेक्ट्रिक मोटर पर निर्भर रहती हैं। इससे कार के फ्यूल की बचत होती है। जहां नॉर्मल एसयूवी 10 से 12 किलोमीटर का माइलेज देती हैं, वहीं हाइब्रिड कार 22 से 28 किलोमीटर का माइलेज देती है।
- हाइब्रिड कारों की बैटरी को सीएनजी या सामान्य कारों की तुलना में कम रख-रखाव की जरूरत होती है इसकी बैटरी को लंबे समय तक बेहतर चलने के लिए डिजाइन किया जाता है।
- यह कारें हल्के मटेरियल से बनी होती हैं और इनका इंजन काफी छोटा और हल्का होता है। इस वजह से वाहन को चलाने के लिए कम एनर्जी की जरूरत होती है।
- हाइब्रिड कारों की रीसेल कीमत अक्सर पेट्रोल या डीजल कारों की तुलना में अधिक होती है।
- पेट्रोल कार के मुकाबले हाइब्रिड कारों की रनिंग कॉस्ट कम होती है क्योंकि इनमें ईंधन की खपत कम होती है।

चुनाव लड़ेंगे या मैदान छोड़ेंगे बाइडेन दो दिन में लेंगे फैसला

यदि बाइडेन मना करते हैं तो उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को करेंगे नामित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और अन्य राज्यों के गवर्नर के साथ हाल में एक बैठक में भाग लेने वाले हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन ने कहा कि बाइडेन दो दिन में यह फैसला कर लेंगे कि उन्हें राष्ट्रपति पद के चुनावी मुकाबले में बने रहना है या नहीं।

ग्रीन ने शनिवार को कहा कि उनका मानना है कि यदि राष्ट्रपति जो बाइडेन चुनावी दौड़ से बाहर होने का फैसला करते हैं तो वह चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपने स्थान पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को नामित करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति को यह लगता है कि वह वास्तव में चुनाव जीत नहीं पाएंगे तो वह दौड़ से बाहर हो जाएंगे। वह इस बात की समीक्षा कर रहे हैं। ग्रीन ने कहा कि दुनिया को जल्द पता चल जाएगा कि बाइडेन के मन में राष्ट्रपति पद को लेकर क्या विचार है।

- राष्ट्रपति व अन्य राज्यों के गवर्नर के साथ बैठक में भाग लेने वाले हवाई के गवर्नर ने दी जानकारी

बाइडेन ने कई बार कहा है कि वह राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के अपने प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकाबले में बने रहेंगे। राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत अटलांटा में 27 जून को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन (81) की लोकप्रियता की रेटिंग गिर गई है, जिसके बाद उन्हीं की पार्टी के कुछ नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का आग्रह किया था।

बाइडेन के साक्षात्कार के लिए रेडियो होस्ट को भेजी गई सवालों की सूची

वाशिंगटन। अमेरिका के फिलाडेल्फिया में वर्ड रेडियो स्टेशन के संवाददाता को उनकी टीम से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साक्षात्कार के लिए अनुमोदित प्रश्नों की एक सूची भेज दी गई है। वर्ड की मेजबान एंड्रिया लॉफुल-सैंडर्स ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को सीएनएन को बताया प्रश्न मुझे मंजूरी के लिए भेजे गए थे, मैंने उन्हें मंजूरी दे दी... मुझे कई सवाल मिले उनमें से आठ थे और मैंने उन्हें उन्हें चार सवालों की मंजूरी दे दी।

- फिलाडेल्फिया में वर्ड रेडियो स्टेशन के संवाददाता ने आठ में से चार सवालों को दी मंजूरी

यह पुष्टि करने के लिए पूछे जाने पर कि क्या प्रश्नों की सूची व्हाइट हाउस से प्राप्त हुई थी सैंडर्स ने कहा, उसी दिन सिविकमीडिया रेडियो होस्ट अर्ल इंग्राम ने एबीसी न्यूज को बताया कि उन्हें साक्षात्कार के लिए प्रश्न भी दिए गए थे। इंग्राम ने कहा कि उन्हें अमेरिकी नेता की टीम से पांच सवालों की एक सूची मिली और उन्होंने उनमें से चार सवाल चुने।

फ्रांस में अंतिम चरण के लिए मतदान जारी पहले में दक्षिण कट्टरपंथी पार्टी रही थी आगे

पेरिस, एजेंसी

- नाजी युग के बाद सत्ता की बागडोर दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जाने की संभावना
- बहुमत न मिला तो यूरोपीय नीतियों का विरोध करने वाले दलों के साथ सत्ता साझा करनी पड़ेगी मैक्रों को

फ्रांस में संसदीय चुनाव के लिए रविवार को अंतिम चरण का मतदान जारी है जिसमें नाजी युग के बाद सत्ता की बागडोर पहली बार राष्ट्रवादी एवं धुर-दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जाने या त्रिशंकु संसद की संभावना जताई जा रही है। फ्रांस की संसद का कार्यकाल 2027 में खत्म होना था लेकिन यूरोपीय संघ में 9 जून को बड़ी हार मिलने के बाद राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने समय से पहले संसद भंग कर बड़ा जुआ खेला है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को संसदीय चुनाव में मतदान किया।

इस मध्यावधि चुनाव के परिणाम से यूरोपीय वित्तीय बाजारों यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों के समर्थन और वैश्विक सैन्य बल व परमाणु शस्त्रागार के प्रबंधन के फ्रांस के तौर-तरीके पर काफी प्रभाव पड़ने की संभावना है। चुनाव में करीब चार करोड़ 90 लाख मतदाता मतदान के लिए पंजीकृत हैं और यह चुनाव तय करेगा कि नेशनल असेंबली पर किसका नियंत्रण होगा तथा प्रधानमंत्री कौन बनेगा। अगर मैक्रों को बहुमत नहीं मिला तो उन्हें यूरोपीय संघ-समर्थक नीतियों का विरोध करने वाले दलों के साथ सत्ता साझा करने को मजबूर होना पड़ेगा। इससे पहले 30 जून को पहले चरण का चुनाव हुआ था। सर्वेक्षणों से पता चला है कि नेशनल रैली 577 सीट वाली नेशनल असेंबली में अधिक सीट जीत सकती है, लेकिन बहुमत के लिए 289 सीट संभवता नहीं जीत पाएगी।

फ्रांस में संसदीय चुनाव के दौरान वोट डालती महिला।

नस्लवाद व यहूदी-विरोधी भावना से नेशनल रैली का संबंध

नेशनल रैली का नस्लवाद और यहूदी-विरोधी भावना से पुराना संबंध है तथा यह फ्रांस के मुस्लिम समुदाय की विरोधी मानी जाती है। अनेक फ्रांसीसी मतदाता महंगाई और आर्थिक चिंताओं से परेशान हैं। वे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व से भी निराश हैं। मरीन ले पेन की आव्रजन विरोधी नेशनल रैली पार्टी ने इस असंतोष को चुनाव में भुनाया है और उसे विशेष रूप से टिकटॉक जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए हवा दी है। नया वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट भी व्यापार समर्थक मैक्रों और उनके मध्यमार्गी गठबंधन टुगेदर फॉर द रिपब्लिक' के लिए चुनौती पेश कर रहा है।

मोदी की यात्रा को लेकर उत्सुक है रूस, आज पहुंचेंगे मास्को

मॉस्को, एजेंसी

रूस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉस्को की बेहद अहम यात्रा को लेकर उत्सुक है और वह इस यात्रा को रूस तथा भारत के संबंधों के लिए अति महत्वपूर्ण मानता है। रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शनिवार को यह बात कही।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और वह 8 एवं 9 जुलाई को मॉस्को में रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को नई दिल्ली में इस उच्चस्तरीय यात्रा के बारे में जानकारी दी थी और कहा था कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा करेंगे तथा आपसी हितों के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। पेसकोव रूस के सरकारी टेलीविजन वीजीटीआरके के साथ साक्षात्कार में कहा कि मॉस्को में दोनों नेता अन्य कार्यक्रमों के अलावा बातचीत भी करेंगे।



पश्चिम मोदी की यात्रा पर करीब से नजर रख रहा

नई दिल्ली/मॉस्को। प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा है कि पश्चिम प्रधानमंत्री मोदी की होने वाली रूस यात्रा पर करीब से और ईर्ष्या से नजर रख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन संबंधों की अत्यधिक भरोसेमंद प्रकृति को देखते हुए एजेंडे में सभी मुद्दों को संबोधित करेंगे।

हमले में 16 फिलिस्तीनियों की मौत

दोहा, एजेंसी

गाजा में नुसीरात शरणार्थी शिविर और फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) स्कूल पर रविवार को इजराइली हमले में 16 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए और 50 घायल हो गए।

स्पूतनिक ने मंत्रालय का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक पत्र में कहा, कब्जे वाले बलों ने नुसीरात में यूएनआरडब्ल्यूए स्कूल में एक नया नरसंहार किया, जहां विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे। हमले के बाद 16 से अधिक मारे गए और 50 घायलों को शुहदा अल-अक्सा अस्पताल ले जाया गया। हमास कहा कि जब गोलाबारी हुई तो उसके सैनिक स्कूल में नहीं थे। ऐसी जगहों पर इजराइली बमबारी हो रही थी। हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजराइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया।

इजराइल ने नुसीरात व फिलिस्तीन शिविर पर बरसाए बम

इजराइल में नेतन्याहू के खिलाफ फिर विरोध-प्रदर्शन

तेल अवीव। गाजा में युद्ध शुरू होने के नौ महीने पूरे होने पर इजराइल के प्रदर्शनकारियों ने रविवार को देशभर में राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से पद छोड़ने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने संघर्ष विराम का आह्वान किया ताकि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सके। ये प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहे हैं जब अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों ने समझौते के लिए नए सिरे से प्रयास शुरू कर दिए हैं। मिस्र और हमास के अधिकारियों ने कहा कि सप्ताहांत में हमास ने युद्ध समाप्त करने के लिए इजराइल की प्रतिबद्धता की प्रमुख मांग छोड़ दी है। इससे नवंबर के बाद पहली बार लड़ाई रुक सकती है तथा आगे की वार्ता के लिए मंच तैयार हो सकता है। पिछले साल सात अक्टूबर को सीमा पार से हुए हमले के बाद फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह द्वारा शुरू किए गए युद्ध में 1,200 लोग मारे जा चुके हैं और 250 अन्य को बंधक बनाया गया है। क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल के जवाबी हवाई और जमीनी हमले में 38 हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

चुनौतियों से पार पाने में ईरान की मदद करना अगली बड़ी परीक्षा

तेहरान, एजेंसी

- निर्वाचित राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने लोगों की सेवा करने की अपनी तत्परता पर जोर दिया

ईरान के निर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने शनिवार को कहा कि देश को अड़चनों, चुनौतियों और संकटों से पार पाने में मदद करना अगली बड़ी परीक्षा होगी। उन्होंने यह टिप्पणी तेहरान में इमाम खुमैनी के मकबरे पर समर्थकों के साथ बात करते हुए की। पेजेश्कियन को देश के 14वें राष्ट्रपति चुनाव में सिद्धांतवादी उम्मीदवार सईद जलीली के खिलाफ़ दूसरे दौर के मुकाबले में विजेता घोषित किया गया।

उन्होंने ईरान के लोगों की सेवा करने की अपनी तत्परता पर जोर दिया और उनकी चिंताओं को ध्यान से सुनने का वादा किया। उन्होंने अपने प्रशासन के सामने आने वाली चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को स्वीकार किया और तनाव कम करने और कठिनाइयों से निपटने के लिए ईरानी संसद के साथ काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने अपने अभियान के वादों की प्रामाणिकता को रेखांकित किया एवं पुष्टि की कि उन्होंने जो प्रतिबद्धताएं की हैं उन्हें पूरा करने का इरादा है। पेजेश्कियन ने 16,384,403 वोटों के साथ चुनाव जीता जबकि जलीली को 13,538,179 वोट मिले। वह 2016 से 2020 तक संसद के पहले डिप्टी स्पीकर और 2001 से 2005 के बीच स्वास्थ्य मंत्री थे।

बॉलीवुड हलचल

जस्टिन बीबर ने अनंत-राधिका के समारोह की तस्वीरें की साझा

मुंबई। मशहूर अंतर्राष्ट्रीय पॉप गायक जस्टिन बीबर ने जाने-माने उद्योगपति एवं अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के संगीत समारोह की कई अनदेखी तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं। बीबर शुक्रवार सुबह लॉस एंजिलिस से मुंबई पहुंचे। उन्होंने रात में जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अनंत-राधिका के संगीत समारोह में अपने प्रसिद्ध गानों बेबी, सॉरी, लव योर सेल्फ और पीचेस से धूम मचा दी। बीबर (30) अपनी खास प्रस्तुति देने के बाद मियामी रवाना हो गए थे। उन्होंने शनिवार रात इंस्टाग्राम पर अपनी प्रस्तुति की कई तस्वीरें और वीडियो साझा किए। बीबर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर संगीत समारोह के दौरान दी शानदार प्रस्तुति और उनके साथ गाना गाते हुए लोगों की झलकियां साझा कीं। तस्वीरों में बीबर अनंत और राधिका के साथ मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं।

अक्षरा सिंह के नया गाना मोहिनी का टीजर रिलीज

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अदाकारा और गायिका अक्षरा सिंह के नये गाने मोहिनी का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर आइकॉन भोजपुरी बवाल के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसमें अक्षरा सिंह और अंशुमान राजपूत नजर आ रहे हैं। यह गाना कल 8 जुलाई को रिलीज होने वाला है। मोहिनी गाने में अक्षरा सिंह ने अपनी सिंगिंग और अदाकारी का जादू बिखेरा है। टीजर आउट होने के बाद अपने नए गाने को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा, मुझे खुशी हो रही है कि मैं आप सबके सामने अपना नया गाना मोहिनी लेकर आ रही हूं। आप सभी को यह गाना पसंद आएगा। गाना मोहिनी का लिरिक्स विनय बिहारी ने लिखा है, जबकि गाने के संगीतकार मधुकर आनंद हैं। डी ओपी वेंकटेश महेश हैं और कोरियोग्राफर विशाल गुप्ता और सूरज हैं।

दिलीप कुमार की डेथ एनिवर्सरी पर भावुक हुई सायरा बानो

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सायरा बानो अपने दिवंगत पति दिलीप कुमार की पुण्यतिथि पर भावुक हो गईं। दिलीप कुमार का 7 जुलाई 2021 को निधन हो गया था। सायरा ने इमोशनल पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने कुछ प्यार भरी तस्वीरें और एक नोट शेयर किया है। नोट में सायरा बानो ने लिखा है प्रिय यूसुफ जान चाहे कुछ भी हो, हम फिर भी हाथ में हाथ डालकर साथ चलेंगे। जब तक समय का अस्तित्व है, तब तक साथ रहेंगे। हर पल हमारे साथ का गवाह है। मैं अक्सर उस प्यार और जीवन के बारे में सोचती हूं, जो हमने साथ बिताया क्योंकि यह अभी भी हमें पूरा करता है।

भारत-ब्रिटेन एफटीए पर अगले दौर की वार्ता इसी महीने करेंगे

नई दिल्ली। ब्रिटेन में नई सरकार के कार्यभार संभालने के साथ ही भारत और ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने और वार्ता को अंतिम रूप देने के लिए इस महीने अगले दौर की वार्ता करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एफटीए के लिए भारत-ब्रिटेन वार्ता जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी। दोनों देशों में आम चुनाव के चलते 14वें दौर की वार्ता रुक गई। अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष संपर्क में हैं और अगला दौर इसी महीने शुरू होगा। ब्रिटेन के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और कहा कि वह दोनों पक्षों के लिए लाभकारी एफटीए को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

सराहनीय संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए लेबर सांसदों में शामिल

भारत के सोजन जोसेफ बने ब्रिटेन में सांसद

लंदन, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) में मानसिक स्वास्थ्य नर्स सोजन जोसेफ ब्रिटेन के आम चुनाव में ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए लेबर सांसदों में शामिल हैं। जोसेफ 22 साल पहले केरल से ब्रिटेन आए थे।

जोसेफ (49) ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक जोर देने का वादा किया था और वह कंजर्वेटिव पार्टी का गढ़ माने जाने वाले दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड की केंट काउंटी के एशफोर्ड में सेंध लगाने में सफल रहे। लेबर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में जोसेफ ने एशफोर्ड निर्वाचन क्षेत्र में जीत हासिल की। उन्होंने वरिष्ठ राजनीतिज्ञ डेमियन ग्रीन को हराया।

- केरल के रहने वाले जोसेफ 22 साल पहले ब्रिटेन पहुंचे थे

मूल रूप से केरल के कोट्टायम जिले के एक छोटे से गांव काइपुझा में जन्मे जोसेफ ने केंट की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में मानसिक स्वास्थ्य नर्स के रूप में काम किया है। जोसेफ ने अपने संबोधन में कहा आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं अभिभूत हूं और साथ ही मैं अपनी जिम्मेदारियों को भी जानता हूं।

उन्होंने कहा कि उन्हें एशफोर्ड और विल्सबोरो को अपना घर कहने में बहुत गर्व महसूस होता है। जोसेफ ने बेंगलुरु के बीआर आंबेडकर मेडिकल कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की थी। ब्रिटेन में उन्होंने स्वास्थ्य सेवा नेतृत्व में मास्टर डिग्री के लिए अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में विविधता और समावेश पर ध्यान केंद्रित किया। ब्रिटेन में 4 जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की थी और केअर स्टॉर्मर नए प्रधानमंत्री बने।